खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 23°C

देहरादून, शनिवार 27 सितम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 50 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एआई की मदद से छात्रवृत्ति प्रक्रिया सरल बनाई जाएगी: योगी पेज 2



हारिस रऊफ पर गिरी आईसीसी की गाज खेल टाइम्स



प्रकृति, संस्कृति और समाज को जोड़ता सतत पर्यटन सम्पादकीय



तुर्की के जवाब में भारत ने साइप्रस का मुद्दा उठाया पेज 12

# ट्रम्प ने अब ब्रांडेड दवाओं पर लगाया 100 प्रतिशत टैरिफ

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये टैरिफ एक अक्टूबर 2025 से लागू होगा।

यह टैक्स उन कंपनियों पर नहीं लगेगा, जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। भारत पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले ही 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ये टैरिफ 27 अगस्त से लागू हो चुका है। कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट इससे महंगा हो गया है। हालांकि दवाओं को इस टैरिफ से बाहर रखा गया था। ट्रम्प ने कहा कि एक अक्टूबर से हम ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगा देंगे, सिवाय उन कंपनियों के जो अमेरिका में अपना दवा बनाने वाला प्लांट लगा रही हैं। लगा रही हैं का मतलब होगा कंस्ट्रक्शन चल रहा है। इसलिए, अगर कंस्ट्रक्शन शुरू हो गया है, तो उन दवाइयों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। जियोजित इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट -शेष पृष्ठ दो पर



- एक अक्टूबर से लागू होगा नया फरमान, अमेरिका को 30 प्रतिशत दवाएं एक्सपोर्ट करता है भारत
- जेनेरिक दवाओं पर भी बैन लगा सकते हैं ट्रम्प
- जेनेरिक दवाओं का विश्व में सबसे बड़ा निर्यातक है भारत

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हुई रचनात्मक बातचीत: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गए भारतीय प्रतिनिधिमंडल की वहां के अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में रचनात्मक बातचीत हुई और दोनों पक्षों ने निर्णय तक शीघ्र पहुंचने के लिए बातचीत जारी रखने का फैसला किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 22-24 सितम्बर तक अपने दौरे में वहां अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और भारत के लिए नामित अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ बैठकें कीं। बयान में कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल ने समझौते के विभिन्न पहलुओं पर अमेरिकी सरकार के साथ रचनात्मक बैठकें कीं। दोनों पक्षों ने समझौते की संभावित रूपरेखा पर विचारों का आदान-प्रदान किया और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर शीघ्र निष्कर्ष निकालने के उद्देश्य से बातचीत जारी रखने का निर्णय लिया गया।

## पेपर लीक करवा रही भाजपा का दूसरा नाम 'पेपर चोर पार्टी' : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तराखंड में पेपर लीक की ताजा घटना को लेकर भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए शुक्रवार को कहा कि बार-बार पेपरलीक होने की घटनाओं से युवाओं का सपना तबाह करने वाली भाजपा सरकार 'पेपर चोर' सरकार बन गई है। श्री गांधी ने कहा कि अब तक भाजपा वोट चोरी करवाकर सत्ता में आने के षड्यंत्र में लिप्त रही है, लेकिन अब इससे भी आगे निकल कर देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने उत्तराखंड में यूकेएसएसएससी के हाल में हुए पेपर लीक का हवाला दिया और कहा कि पेपर चोर हो चुकी भाजपा युवाओं की मेहनत पर पानी फेर रही है।

## हाईकोर्ट ने खारिज की राहुल गांधी की याचिका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सिख समुदाय से जुड़े विवादित बयान को लेकर दायर निगरानी याचिका के खिलाफ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायाधीश समीर जैन की अदालत ने इस मामले में सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद तीन सितम्बर को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था,जिस पर शुक्रवार को फैसला सुनाया गया। राहुल गांधी ने वाराणसी के स्पेशल जज एमपी/एमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। उन्होंने वाराणसी एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा निगरानी याचिका स्वीकार किए जाने को दी थी। याचिका को खारिज कर दिया।

## डा. मनमोहन सिंह के नाम पर पुस्तकालय का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के नाम पर अनुसंधान केंद्र और पुस्तकालय का उद्घाटन किया। डा. सिंह के नाम पर स्थापित इस एक का नाम डा. मनमोहन सिंह अनुसंधान केंद्र और पुस्तकालय रखा गया है। यह केंद्र कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में स्थापित किया गया है। इस केंद्र पर डा. सिंह की पुस्तकें, उनके लेख और भाषणों के संकलन रखे गए हैं। इस मौके पर डा. सिंह की पत्नी गुरशरण कौर, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा अन्य कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

## यूसीसी वक्त की जरूरत: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की वकालत की। कोर्ट ने कहा कि पर्सनल लॉ बाल विवाह की परमिशन देता है, जबकि पोक्सो एक्ट, बीएनएस में यही अपराध है। इन कानूनों के बीच बार-बार होने वाले टकराव को देखते हुए इसकी कानूनी रूप से स्पष्ट व्याख्या जरूरी है।

## वांगचुक एनएसए के तहत गिरफ्तार

**लेह।** लद्दाख में राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई उस घटना के एक दिन बाद हुई, जब लेह में बंद और विरोध प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई भीषण झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई थी। वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद लेह में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

# आई लव मुहम्मद के बैनर को लेकर बरेली में बवाल

## सड़कों पर उतरे सैकड़ों लोग, तोड़फोड़-हंगामा, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। शहर के अलग-अलग इलाकों में आई लव मुहम्मद लिखे पोस्टर बैनर लेकर सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे। इस दौरान खलील स्कूल के पास कुछ शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ की। पुलिस ने स्थिति पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज किया। साथ ही मौलाना तौकीर रजा को नजरबंद कर लिया गया है।

डीआईजी रेंज बरेली अजय कुमार साहनी ने कहा कि नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। कुछ शरारती तत्व माहौल खराब करना चाहते थे, उन्हें खदेड़ दिया गया है। श्यामगंज में पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान एसपी क्राइम से नोकझोंक भी हुई, लेकिन जुलूस के रूप से भीड़ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ती गई। स्थिति को देखते हुए श्यामगंज में पुलिस ने दुकानें भी बंद करा दी। नौमहला मस्जिद के बाहर भी सैकड़ों लोग जुटे। लोगों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वहीं, खलील स्कूल के पास प्रदर्शनकारियों ने अचानक वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। प्रदर्शनकारियों को शांत कराने के लिए पुलिस ने लाठियां पटकीं, तो भगदड़ मच गई। इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के ऐलान के बाद से शहर में गहमागहमी का माहौल है। मौलाना ने आई लव मुहम्मद मामले में डीएम के जरिये राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजने की बात कही है। ज्ञापन में लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से शामिल होने की अपील की। इसके मद्देनजर गुरुवार शाम से ही शहर में चौकसी बढ़ा दी गई थी। शुक्रवार को सुबह से ही इस्लामिया मैदान और बिहारीपुर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। श्यामगंज मंडी वाले रोड पर बैरिकेडिंग करने के साथ भारी फोर्स तैनात की गई। सैलानी इलाका बंद रहा। दोपहर होते-होते लोग घरों से निकलने लगे। जुमे की नमाज के बाद लोग जुलूस -शेष पृष्ठ दो पर





- मौलाना तौकीर रजा नजरबंद
- जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न

### पोस्टर को गाड़ियों पर लगाकर न घूमें

**बरेली।** दरगाह की तरफ से युवाओं से यह अपील की गई कि वह पोस्टर को गाड़ियों पर लगाकर न घूमें, घरों पर पोस्टर न चिपकाएं और पोस्टर लेकर जुलूस में शामिल न हों, क्योंकि यदि पोस्टर फटेंगे तो जमीन पर गिरेंगे और लोगों के पैरो तले आएंगे इससे इस्लाम की तोहीन होगी।

### सहारनपुर में जुमे की नमाज के बाद लहराया 'आई लव मुहम्मद' का पोस्टर

**सहारनपुर ब्यूरो।** महानगर में जुमे की नमाज के दौरान एक युवक ने 'आई लव मुहम्मद' के नाम का पोस्टर लहराया। इसके बाद पुलिस ने तुरंत उसे पकड़ लिया। काफी जद्दोजहद के बाद उससे पोस्टर छीन लिया और अपने साथ ले गई। महानगर की जामा मस्जिद में शुक्रवार दोपहर एक बजे नमाज शुरू हुई। नमाज अदा होने के बाद नमाजी अपने-अपने घर की ओर जाने लगे, तभी उनमें से एक व्यक्ति ने अपनी जेब में से आई लव मुहम्मद लिखा पोस्टर निकालकर लहराना शुरू कर दिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल उस व्यक्ति को पकड़ लिया और उसे वहां से ले गए। इस दौरान कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए कड़े बंदोबस्त किए थे। मौके पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल एवं अधिकारी मौजूद रहे। बताया गया कि पुलिस उक्त व्यक्ति से पूछताछ कर रही है।

# दिल्ली-NCR में पटाखे बनाने की इजाजत, बिक्री पर रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखा बनाने की इजाजत दे दी। कोर्ट ने कहा कि जिन मैन्युफैक्चरर्स के पास ग्रीन पटाखा बनाने के लिए एनईईआरआई और पीईएसओ का परमिट हैं, सिर्फ वे ही पटाखा बना सकते हैं।

सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मैन्युफैक्चरर्स के लिए एक शर्त भी रखी। बेंच ने कहा कि वे कोर्ट के अगले आदेश तक एनसीआर में कोई भी पटाखा नहीं बेचेंगे। अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पटाखों पर पूरी तरह बैन न तो संभव है, न ही यह सही है। हम केंद्र से आग्रह करते हैं कि दिल्ली सरकार, पटाखा बनाने और बेचने वालों सहित सभी हितधारकों से बातचीत करके पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध को संशोधित करने का प्रस्ताव लेकर आएं। एक व्यावहारिक समाधान लेकर आएं, जिसे सभी स्वीकार करें। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल 2025 को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन सिर्फ सर्दियों के मौसम के बजाय पूरे साल तक बढ़ाने का आदेश दिया था। इस फैसले को कोर्ट में चुनौती दी गई है, जिस पर अभी सुनवाई चल रही है।



- सुप्रीम कोर्ट बोला- सिर्फ ग्रीन पटाखे बना सकेंगे, बैन का आदेश लागू नहीं हो सका

# उत्तराखंड राज्य चुनाव आयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाया दो लाख का हर्जाना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तराखंड राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) की उस चुनौती को खारिज कर दिया, जो उसने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर की थी। हाईकोर्ट ने आयोग के उस स्पष्टीकरण वाले सर्कुलर पर रोक लगाई थी, जिसमें कहा गया था कि जिन उम्मीदवारों के नाम कई मतदाता सूचियों में दर्ज हैं, वे पंचायत चुनाव लड़ सकते हैं।

जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश पारित किया और एसईसी पर 2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जस्टिस नाथ ने आयोग के वकील से सवाल किया कि आप कैसे वैधानिक प्रावधान के विपरीत निर्णय ले सकते हैं? हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में बताया गया था कि कई मामलों में ऐसे लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी जा रही थी, जिनके नाम एक से अधिक मतदाता सूचियों में शामिल थे। एसईसी के स्पष्टीकरण में कहा गया था कि किसी उम्मीदवार का नाम एक से अधिक ग्राम पंचायत/क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र/नगर निकाय की मतदाता सूची में दर्ज होने के आधार पर उसका नामांकन पत्र निरस्त नहीं किया जाएगा। हाईकोर्ट ने उपलब्ध सामग्री का अध्ययन करने के बाद यह पाया कि यह स्पष्टीकरण उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम, 2016 का उल्लंघन प्रतीत होता -शेष पृष्ठ दो पर

- एसईसी की हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका खारिज

# मिग-21 ने भरी आखिरी उड़ान, 62 साल बाद हुआ रिटायर

चंडीगढ़, वार्ता

**भारतीय वायुसेना** की रीढ़ कहा जाने वाला मिग-21 एयरक्राफ्ट शुक्रवार को रिटायर हो गया। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट को विदाई दी गई। शुक्रवार से विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो गई हैं।

विदाई समारोह में एयरफोर्स चीफ एपी सिंह ने 23 स्क्वाड्रन के 6 जेट के साथ आखिरी उड़ान भरी। स्क्वाड्रन लीडर प्रिया शर्मा ने भी फ्लाईपास्ट में हिस्सा लिया। 1963 में एयरक्राफ्ट चंडीगढ़ में ही वायुसेना में शामिल हुआ था। 62 साल की सर्विस के दौरान सुपरसोनिक मिग-21 ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम, 1999 के कारगिल युद्ध और 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकंड) से तेज उड़ सकता है। अब इसकी जगह तेजस एलसीए मार्क 1ए को शामिल किया जाएगा। मिग-21 के रिटायरमेंट समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुख समेत रक्षा मंत्रालय के कई अधिकारी शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लंबे समय से मिग-21 अनेक वीरतापूर्ण कार्यों का साक्षी रहा है। इसका योगदान किसी एक घटना या किसी एक युद्ध तक सीमित नहीं रहा है। 1971 के युद्ध से लेकर कारगिल संघर्ष तक, या बालाकोट हवाई हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, ऐसा कोई क्षण नहीं रहा जब मिग-21 ने हमारे सशस्त्र बलों को जबरदस्त ताकत प्रदान न की हो। आपकी वीरता की जो यह यात्रा रही है इसमें मिग-21 का भी योगदान रहा है। आज हम सब इसको विदाई दे रहे हैं। मेरे मन में गौरव और कृतज्ञता की भावना भी है। हम एक ऐसे अध्याय को विदाई दे रहे हैं, जिससे काफी यादें जुड़ी हैं। यह एक मशीन भर नहीं है बल्कि भारत रूस की मित्रता की मिसाल है। मिग ने कई गौरव के पल जोड़े हैं। भारत में 850 मिग रहे हैं। अभी आप लोगों ने देखा कि फाइनल फ्लाई पास्ट को खुद लीड किया। यह उसके प्रति सम्मान दर्शाता है। सूर्यकिरण टीम भारतीय वायुसेना की एरोबेटिक डिस्प्ले टीम है। इसे दुनिया की चुनिंदा और सबसे बेहतरीन सैन्य एरोबेटिक टीमों में गिना जाता है।

- मिग-21 की अंतिम उड़ान में एयरफोर्स चीफ हुए सवार
- 1965, 1971 और कारगिल जंग में शामिल रहा चर्चित एयरक्राफ्ट



Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### दवाओं पर ट्रम्प के टैरिफ का सबसे ज्यादा असर होगा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अक्टूबर से सभी ब्रांडेड और पेटेंट प्राप्त दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा का सबसे अधिक भारतीय कंपनियों के प्रभावित होने की आशंका है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से अमेरिका को फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात 21.09 प्रतिशत बढ़कर 978.39 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया था। खासकर भारतीय कंपनियां अमेरिका को जेनरिक दवाओं का बड़े पैमाने पर निर्यात करती हैं, जो वहां सस्ती दवाओं का प्रमुख स्रोत है। उद्योग मंडल फिक्की की पिछले साल प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की जेनरिक दवाओं की 40 प्रतिशत मांग की पूर्ति भारतीय कंपनियों द्वारा की जाती है।

### मुख्तार पर शिकंजा कसने वाले आईपीएस के घर में चोरी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विकासनगर क्षेत्र में तैनाती के दौरान माफिया मुख्तार अंसारी पर शिकंजा कसने वाले आईपीएस अधिकारी यमुना प्रसाद के घर में बीते बुधवार को चोरी की वारदात हुई है। चोरों ने घर से नकदी, घड़ियों, चांदी के बर्तन और टोटियां समेत कई सामान पार कर दिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार यमुना प्रसाद वर्तमान में नोएडा में डीसीपी पद पर तैनात हैं और परिवार के साथ वही रहते हैं। लखनऊ के आवास पर रिश्तेदार असित सिद्धार्थ रहते थे, जिन्होंने चोरी की जानकारी पुलिस को दी। घटना का खुलासा 23 सितम्बर को तब हुआ, जब बिजली विभाग के कर्मचारी घर पहुंचे। घर खोलने पर भीतर का सामान अस्त-व्यस्त मिला।

# हाईकोर्ट की यूपीपीएससी की मुख्य परीक्षा नहीं कराने के आदेश पर रोक

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की संयुक्त राज्य इंजीनियरिंग सेवा (मुख्य परीक्षा) पर रोक लगाने के एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि आयोग मुख्य परीक्षा का आयोजन करे, मगर इसका परिणाम जारी नहीं किया जाएगा।

इससे पूर्व एकल पीठ ने मुख्य परीक्षा के आयोजन पर रोक लगाते हुए प्रारंभिक परीक्षा-2024 के परिणाम को संशोधित करने का आदेश दिया था। एकल पीठ ने कहा है कि



■ परीक्षा कराएं, मगर परिणाम नहीं होगा जारी

आयोग पहले प्रारंभिक परीक्षा का संशोधित परिणाम जारी करे और उसके आधार पर ही मुख्य परीक्षा आयोजित करे। इस आदेश के खिलाफ आयोग ने विशेष अपील दाखिल की। न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अनीस कुमार गुप्ता की पीठ के समक्ष शुक्रवार को वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने अपील पर सुनवाई का अनुरोध किया, जिसे स्वीकार करते हुए खंडपीठ ने एकल न्याय पीठ के आदेश पर आंशिक रोक लगा दी है और मुख्य परीक्षा के आयोजन की छूट दे दी है। प्रतियोगी राजत मौर्या व 41 अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर कहा गया कि यूपीपीएससी ने प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम तैयार करते समय आरक्षण के माइग्रेशन (प्रवासन) के सिद्धांत का पालन नहीं किया। इसके तहत आरक्षित वर्ग के जिन उम्मीदवारों ने योग्यता के आधार पर अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के बराबर या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें अनारक्षित सूची में शामिल किया जाना अनिवार्य है।

# भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा: राष्ट्रपति

## रेयर अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन पर बोलीं द्रौपदी मुर्मू, रिसर्च की अपील

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए भारत को रेयर अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन में आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। मुर्मू ने यहां राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2024 में बोलते हुए कहा कि इससे भारत को विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी और देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह बहुत जरूरी है कि भारत दुर्लभ अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन में आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि ये एलिमेंट दुर्लभ इसलिए नहीं हैं क्योंकि इनकी उपलब्धता कम है, बल्कि इन एलिमेंट की पहचान करने की प्रक्रिया बहुत जटिल है।



■ बाढ़, भूस्खलन, भूकंप और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं की रिसर्च करे वैज्ञानिक

राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे कहा कि स्वदेशी तकनीक के विकास से इस जटिल प्रक्रिया को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडेक्टर और क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी का दौर है। स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और रेन्युबल एनर्जी टेक्नोलॉजी में रेयर अर्थ एलिमेंट आवश्यक हैं। बता दें कि रेयर अर्थ एलिमेंट 17 रासायनिक रूप से समान धात्विक तत्वों का एक समूह है जो स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और वाइंड टर्बाइन सहित एडवांस टेक्नोलॉजी के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि माइन्स मंत्रालय स्थिरता और इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध है। खनन क्षेत्र एआई मशीन लर्निंग और ड्रोन-बेस्ड सर्वे को बढ़ावा दे रहा है। खदानों के अवशेषों से मूल्यवान तत्वों की प्राप्ति पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस साल देश के कई हिस्सों में बादल फटने और भूस्खलन के कारण लोगों को काफी नुकसान हुआ है और ऐसी प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी समय पर प्राप्त करना बेहद जरूरी है। राष्ट्रपति ने कहा कि भूवैज्ञानिक समुदाय से मेरी अपील है कि वे बाढ़, भूस्खलन, भूकंप और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं की रिसर्च पर अधिक ध्यान दें।

## चार लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित करते हुए बोले सीएम योगी

# एआई की मदद से छात्रवृत्ति प्रक्रिया होगी सरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को चार लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित करते हुए कहा कि कई बार विद्यालयों से छात्रवृत्ति के लिए डाटा फीड करने में त्रुटि हो जाती है। ऐसे में छात्र अपने अधिकार से वंचित रह जाता है। इसके लिए हम एआई के माध्यम से प्रक्रिया को सरल बना रहे हैं।

योगी ने कहा कि इस प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम रहेगा और जैसे ही छात्र का पंजीकरण हो जाए, उसके फोन पर पूरी डिटेल उपलब्ध हो और समय पर छात्रवृत्ति पहुंच जाएगी। इसकी व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए यह बातें कहीं। इस दौरान उन्होंने



■ 2017 के पहले उप्र में छात्रों को छात्रवृत्ति देने में भेदभाव किया जाता था

कहा कि 2017 के पहले छात्रों को छात्रवृत्ति देने में भेदभाव किया जाता था। 2017 में जब हमारी सरकार आई तो हमने 2016-17 और 17-18 की छात्रवृत्ति एक साथ दी। उन्होंने कहा कि दरअसल फरवरी-मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितम्बर में नवरात्र के अवसर पर छात्रों को दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति सितम्बर के महीने में मिल रही है। इसकी सभी विद्यार्थियों को बधाई। पहले जो छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च में मिलती थी अब सितम्बर में मिला करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने प्रतीकात्मक तौर पर कई विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चेक प्रदान किया। इस बार फरवरी-मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितम्बर में नवरात्र के अवसर पर छात्रों को दी जा रही है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर और सरदार पटेल ने अपनी शिक्षा से, अपनी योग्यता से हमारे देश को और समाज को दिशा दी थी। सरकार का प्रयास है कि हर छात्र को सहायता मिले जिससे कि वो अपनी शिक्षा से समाज के विकास में योगदान दे सके।

### यूपी के 240 गांवों में बीएसएनएल के 4-जी नेटवर्क पर होगी बात

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उड़ीसा से भारत संचार निगम लिमिटेड की 4-जी सेवा का शुभारंभ करेंगे।

देश मे बीएसएसनल की 4-जी सेवा के शुरू होने के बाद उत्तरप्रदेश के उन 240 गांवों में संचार नेटवर्क आसानी से उपलब्ध होंगे, जहां पर अभी तक मोबाइल पर लोगों का बात करना सपने के समान था। इन गांवों में अभी तक किसी भी दूरसंचार कम्पनी की कनेक्टिविटी नहीं है। बीएसएसनल की 4-जी सेवाओं के शुभारंभ से एक दिन पूर्व शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बीएसएसनल (पूर्वी परिमंडल) के चीफ जनरल मैनेजर एके गर्ग ने बताया कि पहली बार बीएसएसनल की 4-जी स्वदेशी सेवा की कल से शुरुआत हो रही है। इसके लिए पूरे देश मे 97500 साइट्स स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा बीपीएन नेटवर्क के तहत 18900 साइट्स को कवर किया जा रहा है। एके गर्ग ने बताया कि अभी तक हमारे पास 4-जी टेक्नोलॉजी नही थी। इस टेक्नोलॉजी को 22 माह के अंदर डेवलप किया गया है। टेक्नोलॉजी के डेवलप होने के बाद भारत विश्व के उन पांच देशों मे शामिल हो गया है, जिनके पास यह टेक्नोलॉजी डेवलप करने की क्षमता है। उन्होंने बताया कि कल इस सेवा के शुरू होने के मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व वित्त राज्यमंत्री भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन आईजीपी में किया गया है। उन्होंने बताया कि हम 5-जी सेवा पर भी काम कर रहे हैं।

# कच्चे माल पर कर बढ़ाना भाजपा का गोलमोल सच

**लखनऊ, वार्ता**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि दिखाने के लिए तैयार माल पर घटाने के साथ ही कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ाना 'जीएसटी गोलमाल' का सच है।

यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- भाजपा ने दिखाने के लिए तैयार सामान पर जीएसटी घटा दी, लेकिन वो सामान जिससे बनता है, उसके कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ा दी। यही है भाजपा के 'जीएसटी गोलमाल' का सच। उन्होंने कहा ष्भाजपा कारोबारियों को संकट में डाल रही है, क्योंकि भाजपाई तो सड़कों पर नारे लगाकर, 50 प्रतिशत का भाषण देकर निकल गए। जब जनता बाज़ार जा रही है और सस्ता माल नहीं पा रही है, तो दुकानदारों से झगड़ रही है। भाजपा सुधार नहीं, ग्राहक-दुकानदार के संबंधों को बर्बाद कर रही है। भाजपा किसी



■ अखिलेश ने बीजेपी पर बोला तीखा हमला

की सगी नहीं है। एक अन्य पोस्ट में सपा सुप्रीमो ने रिहायशी इलाकों में वन्य जीवों के बढ़ते हमलों को लेकर कहा कि कहीं भेड़िया, कहीं तेंदुआ, कहीं अजगर, कहीं सांड उप्र में दहशत का जो वातावरण बना हुआ है, उसके लिए भाजपा सरकार कुछ करेगी या ये कहकर पल्ला झाड़ लेगी कि जानवर के पदचिह्न नहीं मिले हैं। जिन पर हमले हो रहे हैं, क्या उनके घायल शरीर के निशान काफ़ी नहीं हैं या फिर उनके जख्म जिनके बच्चे जानवर उठा ले जा रहे हैं। भाजपा अब क्या सीसीटीवी के खिलाफ़ एफ़आइआर कराएगी।



सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70



सोना रु. 113080
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 137467
प्रति किलो



# बाजारों में चौतरफा बिकवाली, सेंसेक्स लुढ़का

## सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल शेयरों में ज्यादा गिरावट रही

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार छठे दिन गिरावट देखी गई और शुरुआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 450 अंक लुढ़क गया। बाजार में शुक्रवार को शुरू से ही बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स 203.67 अंक की गिरावट के साथ 80,956.01 अंक पर खुला।

फार्मा, आईटी, बैंकिंग, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस और एफएमसीजी समेत लगभग सभी सेक्टरों में निवेशकों ने बिकवाली की। खबर लिखे जाते समय सेंसेक्स 378.57 अंक (0.47 प्रतिशत) की गिरावट में 80,781.11 अंक पर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 सूचकांक भी 72.5 अंक गिरकर 24,818.55



अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह भी 108.15 अंक यानी 0.43 प्रतिशत नीचे 24,782.70 अंक पर रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और टीसीएस के शेयरों में ज्यादा गिरावट रही। एलएंडटी, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी और आईटीसी के शेयर ऊपर चल रहे थे।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 702.57 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 सितम्बर को समाप्त हुए सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर पर आ गया। इससे पहले लगातार तीसरी साप्ताहिक तेजी के साथ 12 सितम्बर को यह अब तक के दूसरे उच्चतम स्तर 702.966 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि 19 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 86.4 करोड़ डॉलर घटकर 586.15 अरब डॉलर रह गया। हालांकि स्वर्ण भंडार 36 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 92.779 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार 10.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.879 करोड़ डॉलर पर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर की वृद्धि के साथ 4.762 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### सोने और चांदी के दाम में फिर आया उछाल

**नई दिल्ली।** लगातार दो दिन से गिरावट के बाद सोने में शुक्रवार को उछाल देखा गया। हालांकि ये तेजी इतनी अधिक नहीं है। वहीं चांदी की रफ्तार ने भी तेजी पकड़ ली। सुबह 9.30 बजे एमसीएक्स पर सोने में 174 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी देखी गई है। देश की राजधानी दिल्ली और मुंबई में 10 ग्राम गोल्ड खरीदने के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। 24 कैरेट 10 ग्राम गोल्ड के भाव देश की राजधानी दिल्ली में 250 रुपये प्रति 10 बढ़कर 113,080 रुपये पर आ गए है। मुंबई में सोने के दाम 450 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गए हैं। सोने की कीमत 113,470 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। गोल्ड के भाव आज 0.400 फीसदी बढ़ गए हैं। पटना और रायपुर में आज सोना सबसे सस्ता मिल रहा है। यहां 24 कैरेट सोने की कीमत 113,200 रुपये प्रति 10 ग्राम है। आईबीजेए के अनुसार चांदी का भाव 2911 रुपये बढ़ा है। हालांकि एमसीएक्स में दोपहर 3.42 बजे चांदी की कीमत में 864 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी देखी गई है। शुक्रवार को 1 किलो चांदी का भाव 137,467 रुपये दर्ज किया गया है। इस हिसाब से देखें तो आज चांदी में 2911 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी आई है।

# यूपी स्वास्थ्य विभाग में एक और फर्जीवाड़ा

## 14 अलग-अलग पिता के नाम पर 35 को मिली नौकरी, जांच में खुलासा

**लखनऊ।** यूपी स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियन पद पर भर्ती मामले में अब नया खुलासा हुआ है। खाद्य एवं रसद विभाग की जांच रिपोर्ट में चयनित अभ्यर्थियों की सूची में ऐसे कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जो सीधे-सीधे धांधली की ओर इशारा करते हैं। विभाग ने पूरे मामले की जांच रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को सौंप दी है।

खाद्य एवं रसद विभाग 2008 और 2016 में हुई नियुक्तियों की जांच कर रहा है। 2007 में एक्स-रे टेक्नीशियन के 572 पदों पर हुई नियुक्ति में भी फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। जांच रिपोर्ट से पता चला है कि 14 अलग-अलग पिता के नाम पर 35 अभ्यर्थियों की नियुक्तियां की गई है। उदाहरण के तौर पर एक ही पिता गुलाब सिंह के चार बच्चों जनार्दन सिंह, नेम सिंह, अजय सिंह व अतुल कुमार सिंह की नियुक्ति हुई है, जबकि पता सभी का अलग-अलग है। स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियनों की भर्ती मामले में फर्जीवाड़े के खुलासे से सवालिया निशान खड़ा हो गया है। यह भी पता चला है कि कई अभ्यर्थियों के नाम एक जैसे तो हैं, लेकिन उनकी जाति अलग-अलग दर्ज



की गई है। दस्तावेजों में इस स्तर की हेराफेरी से साफ जाहिर है कि भर्ती में पारदर्शिता को दरकिनार कर सुनियोजित फर्जीवाड़ा किया गया। कई अभ्यर्थियों के पते भी गलत पाए गए हैं। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि नियुक्तियां असल अभ्यर्थियों के बजाय अपने चहेते अभ्यर्थियों की हुई है। यह खुलासा 2016 और 2008 में हुई भर्तियों की जांच के दौरान हुआ है। अब 2007 की भर्ती उजागर होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की पूरी भर्ती प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित घोष ने कहा कि एक्स-रे टेक्नीशियन की भर्ती मामले की जांच रिपोर्ट से संबंधित फाइलें देखने के बाद निर्णय लिया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प ने...**

वीके विजयकुमार ने कहा कि भारत, जो जेनेरिक दवाओं का एक्सपोर्टर है, उसे इससे ज्यादा असर नहीं होगा। लेकिन हो सकता है कि राष्ट्रपति का अगला निशाना जेनेरिक दवाएं हों। इस फैसले का फार्मास्यूटिकल स्टॉक्स पर भावनात्मक असर पड़ सकता है। भारत जेनेरिक दवाइयां अमेरिका को एक्सपोर्ट करने वाला सबसे बड़ा देश है। 2024 में भारत ने अमेरिका को लगभग 8.73 अरब डॉलर (करीब 77 हजार करोड़ रुपये) की दवाइयां भेजीं, जो भारत के कुल दवा एक्सपोर्ट का करीब 31 फीसदी था। अमेरिका में डाक्टर जो प्रिस्क्रिप्शन लिखते हैं, उनमें से हर 10 में से लगभग 4 दवाइयां भारतीय कंपनियों की बनाई होती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में अमेरिका के हेल्थकेयर सिस्टम के 219 अरब डॉलर बचे थे। 2013 से 2022 के बीच यह बचत 1.3 ट्रिलियन थी। भारत की बड़ी फार्मा कंपनियां, जैसे डा. रेड्डीज, सन फार्मा, ल्यूपिन सिर्फ जेनेरिक दवाएं ही नहीं बेचती, बल्कि कुछ पेटेंट वाली दवाएं भी बेचती हैं।

**आई लव मुहम्मद...**

के रूप से नारेबाजी करते हुए सड़कों पर निकले। इस दौरान कुछ लोगों ने हंगामा और तोड़फोड़ शुरू कर दी। इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार सुबह एक वीडियो जारी कर कहा था कि मीडिया जो खबरें चल रही हैं, वह सरासर गलत हैं। पुलिस प्रशासन के साथ कुछ मुखबिरों ने मिलकर साजिश रचकर यह काम किया है। मौलाना ने कहा कि उन्होंने जो ऐलान किया था। उसके मुताबिक अमल किया जाएगा। जुमे की नमाज नौमहला मस्जिद में पढ़ेंगे। उसके बाद बहुत ही जिम्मेदारी और अमन के साथ हम अपनी तकलीफों और परेशानियों के लिए डीएम के जरिये राष्ट्रपति को ज्ञापन देना चाहते हैं। इसमें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। अगर जिला प्रशासन लोगों को रोक-टोक करेगा या उनके साथ बदतमीजी की जाएगी। ज्यादती की जाएगी, तो उसकी जवाबदेही जिला प्रशासन की खुद होगी। हमारा कार्यक्रम पूरी तरह अमन का है।

**उत्तराखंड राज्य...**

है। अदालत ने कहा कि यह अधिनियम की धारा 9(6) और 9(7) के विपरीत है। हाईकोर्ट का कहना था कि जब कानून स्पष्ट रूप से यह रोक लगाता है कि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों या मतदाता सूचियों में दर्ज नहीं हो सकता और यह वैधानिक प्रतिबंध है, तो राज्य चुनाव आयोग द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण इस प्रतिबंध के बिल्कुल विपरीत प्रतीत होता है। इसलिए हाईकोर्ट ने उस परिपत्र पर रोक लगाई और निर्देश दिया कि उस पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। इसी आदेश के खिलाफ एसईसी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया।

# लद्दाख में पार्टी को बदनाम करने वालों के विरुद्ध होगी कानूनी कार्रवाई: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेता, न्यूज चैनलों के एंकर तथा सोशल मीडिया के कई लोग हिंसा में शामिल किसी व्यक्ति की तस्वीर गलत तरीके से पेश कर उसे कांग्रेस का पार्षद बता कर पार्टी को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं।

पार्टी ने इसे सोची समझी रणनीति का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह राजनीतिक लाभ अर्जित करने के लिए कांग्रेस के खिलाफ चलाए जा रहे दुष्प्रचार का हिस्सा है और ऐसा करने वाले लागों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा के कई नेता और कुछ एंकर या सोशल



■ यह एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा

मीडिया इन्फ्लुएंसर किसी व्यक्ति की तस्वीर और फुटेज दिखाकर उसे कांग्रेस के निर्वाचित पार्षद फुंटसोग स्टैनजिन त्सेपाग बताकर उसे गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। हम उन सभी लोगों के खिलाफ कानूनी और आपराधिक कार्रवाई कर रहे हैं, जिन्होंने न केवल हमारी पार्टी को बदनाम करने की कोशिश की है, बल्कि अशांति पैदा कर विरोध को हवा देते हुए मतभेद और फैलाने का प्रयास किया है। खेड़ा ने कहा कि भाजपा और उसके लिए प्रचार में लगे मीडिया तथा सोशल मीडिया के उसके लोग लद्दाख के लोगों के साथ संवेदनशीलता दिखाने की बजाय अपनी आदत के अनुसार कीचड़ उछाल रहे हैं और लद्दाख में फैले आक्रोश का फायदा उठाकर राजनीतिक विरोधियों से हिसाब बराबर करने का मौका तलाश रहे हैं।

### डा. मनमोहन सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को जयंती पर नमन करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




GOVERNMENT OF JHARKHAND

ADVETORIAL

# A SUSTAINABLE PATH TO GROWTH

**CM Hemant Soren puts vision into action; calls for preserving heritage & generating employment, Jharkhand is a state rich in natural beauty, dense forests, and diverse wildlife. Recognising its vast potential for ecotourism, the state government led by CM Hemant Soren has initiated several projects and policies aimed at promoting sustainable tourism while preserving its unique ecological heritage.**

Every year, Jharkhand has a huge foot fall of domestic and foreign tourists, who are attracted to its magnificent waterfalls, abundant and diverse wildlife, looming hills and mountain ranges, lush green forests, and the rich cultural heritage, including its handi craft, folklores and dances. The state is truly a kaleidoscope of its past and present glory.

### BOOST TO ECOTOURISM

The state government firmly believes that development of the tourism sector would not only generate immense employment opportunities, but also contribute to accelerated economic development. This would ensure showcasing of the rich traditional and cultural heritage of the state, which will also have a cascading effect and lead to development of other sectors as well. For this, the state will ensure accelerated development of tourism-related infrastructure, increase employment opportunities, augment its resources and showcase the rich cultural heritage and traditions. The broad objectives of it's tourism policy are to promote tourism in the state in such a manner that it contributes to generation of employment and rapid economic growth, optimum utilisation of resources to attract maximum number of domestic and foreign tourists, and to increase the average duration of their stay in the state. Promoting ecotourism apart from religious, adventure tourism etc, is a major part of tourism development in Jharkhand.

### GREEN GOALS

Chief Minister Hemant Soren has consistently emphasized the importance of developing eco-tourism in Jharkhand to both preserve the state's rich natural heritage and provide employment opportunities for local communities. In a meeting with senior officials, he stated: "Eco-tourism should be developed in the state in such a way that along with providing employment to the local people, nature can also be preserved." Highlighting the state's vast potential, he remarked that Jharkhand's natural beauty could gain a unique identity both nationally and internationally through focused eco-tourism initiatives. He also directed officials to study successful ecotourism models from other regions to implement best practices in Jharkhand. Further, during the inauguration of an ecofriendly resort near the Massanjor Dam, CM Soren noted that the resort aims to promote ecotourism while creating employment opportunities for locals. These statements and actions underscore the Chief Minister's commitment to leveraging eco-tourism as a means for sustainable development and environmental conservation in Jharkhand.



**AREA OF FOCUS**

- Making Jharkhand a preferred tourist destination
- Attracting high-end tourists
- Generating employment and economic growth
- Optimum utilisation of resources
- Promoting private sector in tourism
- Providing quality amenities to tourists

*Jharkhand has the potential to emerge as a leading destination in tourism, especially in eco-tourism. With Jharkhand Eco Tourism Authority (JETA) becoming functional, we are working to promote home stays and eco-cottages in forest areas. Very soon, Jharkhand will be ready to welcome visitors from across the country to explore its natural beauty, rich culture, and the unique experience of living close to nature.*

***Sudivya Kumar, Minister of Tourism, Jharkhand***

### ECOFRIENDLY RESORT AT MASANJOR

The resort built near the Massanjor dam, located along the banks of the Mayurakshi river on one side, and the green hills on the other, is known for its scenic and picturesque beauty, and is a tourist's delight. It comprises 25 cottages built with imported SPF (spruce-pin-fir) wood by the forest department. There are 10 premium and 15 deluxe cottages. The idea was to make tourists comfortable with maximum ecofriendly facilities, so that they are able to soak in nature's bounty and the beauty of the place.



*Development of eco-tourism in Jharkhand will create job opportunities for locals and also promote the cultural heritage of the place. The government is also considering developing the existing tourist.*

***Sri Hemant Soren***
***Chief Minister, Jharkhand***








## A TREASURE TROVE

**City of waterfalls:** The capital city of Ranchi is also known as the 'City of Waterfalls', with seven stunning waterfalls, including Hundru and Jonha Falls. Ranchi offers a refreshing escape from the hustle and bustle of city life. The cascading waters, surrounded by lush greenery, create a serene ambiance that soothes the mind and rejuvenates the spirit.

Trekker's paradise: For adventure enthusiasts, Jharkhand is a dream come true. The state's rugged terrain offers endless opportunities for trekking, rock climbing, and camping. The Saranda Forest, with its 700 hills, is a trekker's haven, while the Trikut Hills and Lugu Buru offer challenging climbs with panoramic views. The Tagore Hill in Ranchi, named after the renowned literatuer and poet, Jyotindranath Tagore, provides a unique blend of nature and culture. One can also explore the Betla National Park and Dalma Wildlife Sanctuary, where one can witness majestic tigers, elephants, and graceful deer in their natural habitats.

### MANDRO FOSSIL PARK

The Mandro Fossil Park is located in Mandro, a community block in the Sahibganj district of Jharkhand lying in the forested hilly area of Gurmiin the Rajmahal Hills. It broadly constitutes the areas of Sahibganj, Pakur, Dhumka and, and Godda districts of Jharkhand. The Rajmahal Basin is characterised by rocks dating to the early Cretaceous period or about 120 million years ago when present day Africa and South America had split from Australia, India, and Antarctica. It was a period when dinosaurs still roamed the earth and the climate was warm with rising sea levels. The rocks in the basin thus belong to the 'Rajmahal Formation' which is characterised by the presence of volcanic-sedimentary deposits and basalt flows. BSIP scientists are working closely with the forest officials of the Government of Jharkhand and playing a critical role in the preservation and documentation of the region's plant specimens (permineralized fossil woods and leaf impressions).



### PLAN YOUR ECO-ADVENTURE NOW

Whether you're a nature lover, an adventure seeker, or a culture enthusiast, Jharkhand has something to offer everyone. With its pristine wilderness, cascading waterfalls, and rich cultural heritage, Jharkhand is the perfect destination for an eco-friendly getaway.

**HOW TO GET THERE:**

- By Air: Ranchi airport is well-connected to major cities in India
- By Train: Ranchi railway station is a major railhead with connections to all parts of the country
- By Road: Jharkhand has a well-developed road network, making it easily accessible by bus or car

**WHERE TO STAY:**

Jharkhand offers a range of accommodation options, from eco-resorts and homestays to budget hotels and guesthouses

# Home to natural marvels

### NETARHAT ECO-RETREAT

Nestled in the lap of pristine forests and verdant hills in Latehar, Netarhat, 3,622 feet above sea level, is a treat for tourists, who make a beeline for it, especially in the winters, from within the state and outside. Popularly known as the 'Queen of Hills', the place is dotted with splendid waterfalls and forests. Netarhat will soon see development by way of tourist-friendly infrastructure and facilities. The government plans to come with a winter eco-retreat here with 50 luxury tents with all amenities, including a restaurant and conference room to attract tourists annually in the winters.





### UDHWA BIRD SANCTUARY

Udhwa Bird Sanctuary, located in Sahibganj district, Jharkhand, is a wetland and a Ramsar site. It is a crucial habitat for various bird species, including migratory ones, and was declared a Ramsar site in February 2025, making it the first Ramsar site in Jharkhand. The sanctuary consists of two interconnected wetlands, Pataura Lake and Barhel Lake, and is linked to the Ganga River.

### KAMALDAH LAKE

Kamaldah Lake, a serene destination to experience nature up close, is located approximately 25 kilometers from the Palamu district headquarters and about seven kilometers northeast of the Betla National Park. Surrounded by dense forests, the journey to the lake offers stunning views that set the tone for the tranquil experience awaiting visitors.





### PANSUA DAM

Pansua Dam is located within the Kundrugutu Range, specifically in the Sonua Block of West Singhbhum district, harkhand, India. It's a popular tourist attraction known for its scenic beauty and is located about 55 km from Chaibasa. The area is also part of the Porahat Reserves, which includes Songra, Kundrugutu, and Bera forest blocks.

# नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने किया धराली का दौरा

**■ पीड़ितों को बसाने का काम नहीं हुआ, तो विधानसभा के कठघरे में करेंगे खड़ा: आर्य**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा अगर सरकार समय पर धराली आपदा पीड़ितों को उचित मुआवजा और उनको पुनर्निर्माण और पुन: बसाने का काम नहीं करती है तो सरकार को विधानसभा में इसका विरोध झेलना पड़ेगा।

शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और कांग्रेस के पूर्व मंत्री विधायक चकराता प्रीतम सिंह चौहान ने धराली आपदा क्षेत्र का दौरा कर पीड़ितों का दु:ख दर्द जाना।



इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि आपदा के दो महिने होने के लिए महज कुछ दिन रह गये लेकिन अभी धराली आपदा पीड़ित सरकार की कार्यशैली से नाखुश हैं।

यहां के लोगों का कहना है कि धराली को पुन: बसाया जाए साथ ही आपदा पीड़ितों को उचित मुआवजा और व्यापारियों के होटल ढाबे सहित एक नया बाजार बनाया जाए। उन्होंने आपदा पीड़ितों के साथ बैठक कर पीड़ितों को उचित मुआवजा और पुन: बसाने की बात कही उन्होंने कहा कि अगर सरकार जल्द से जल्द उत्तरकाशी के आपदा पीड़ितों फिर से बरसाने का काम नहीं करेगी तो वह सरकार को विधानसभा के कठघरे में खड़ा करेंगे। उन्होंने कहा कि धराली के आपदा पीड़ितों का रोजगार आजीविका आपदा ने छीन ली है सरकार को जरूरत है कि धराली के काश्तकारों को यहां के होटल व्यवसाईयों को जो भी आपदा मैं अपना सब कुछ खो दिया है। अगर सरकार समय पर इनको उचित मुआवजा और उनको पुनर्निर्माण और पुन: बसाने का काम नहीं करती है तो सरकार को विधानसभा में इसका विरोध झेलना पड़ेगा। इस दौरान प्रीतम सिंह चौहान विधायक चकराता, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष राणा, पूर्व राज्य मंत्री घनानंद नौटियाल, पूर्व प्रमुख कनकपाल परमार, दिनेश गौड़,प्रदीप रावत, समेत ग्रामीण भारी संख्या में मौजूद थे।

# धराली में खीरगंगा से हुई तबाही की जांच कर लौटी विशेषज्ञों की टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** पांच अगस्त को धराली में खीरगंगा से हुई तबाही की जांच से लौटकर आई सीमा जागरण मंच के विशेषज्ञों की टीम आपदा से जुड़ी अहम जानकारियां जुटाई है।सीमा जागरण मंच के सदस्य कर्नल अजय कोठियाल के नेतृत्व में 12 उच्च पर्वतारोही एवं पर्यावरण रक्षक तथा छह पोर्टरों का एक दत 23 सितंबर की खीर गंगा उगम स्थल पर पहुंचा। शुक्रवार को टीम के लीडर उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष कर्नल अजय कोठियाल ने उत्तरकाशी में पत्रकारों को बताया कि आपदा से जुड़ी खीर गंगा के उद्गम स्थल पर पहली बार विशेषज्ञ टीम पहुंची है।

उन्होंने बताया किष्हमने 23 सितंबर को इस अभियान की शुरुआत की और 25 सितंबर को इसे समाप्त किया। हम आपदा प्रभावित घाटी में तीन दिनों तक रहे और तस्वीरें, वीडियो, ड्रोन से तस्वीरें/वीडियो लिए। साथ ही ऊपर के स्थानों में रहने वाले स्थानीय चरवाहों से बातचीत की और उनके बयान दर्ज किए। हम कई स्थानीय लोगों से मिले जो आपदा के दौरान ऊँचाई वाले इलाकों में थे। धराली जाने से पहले हमने वाडिया संस्थान के पूर्व भूवैज्ञानिक डॉ. बी.पी. डोभाल से सलाह ली। अब हम वैज्ञानिक समुदाय के साथ वीडियो, तस्वीरों और अन्य निष्कर्षों का विश्लेषण करेंगे और एक रिपोर्ट तैयार करेंगे जिसे हम राज्य सरकार और मीडिया के साथ साझा करेंगे।कर्नल अजय कोठियाल की टीम में

कैप्टन प्रकाश भट्ट (एवरेस्टर, पूर्व एनआईएम प्रशिक्षक), कैप्टन कुँवर सिंह (एवरेस्टर, पूर्व एनआईएम प्रशिक्षक), शिवराज पंवार (एनआईएम प्रशिक्षक, धराली निवासी एवं जमीन के जानकार), हवलदार रणजीत नेगी (एवरेस्टर, पूर्व एनआईएम प्रशिक्षक), डॉ. कुलदीप पंवार (धराली निवासी, जमीन के जानकार), नायक संजय सिंह (पर्यावरण विशेषज्ञ, 127 टीए), शुभम पंवार (सीमा जागरण मंच के सदस्य, कर्तव्य फाउंडेशन के संस्थापक, उत्तरकाशी), भगवत सिंह पंवार (धराली निवासी, जमीन के विशेष जानकार), मोहित (मीडिया टीम इंचार्ज), रोहित (मीडिया टीम), सुमित (स्थानीय विशेषज्ञ हाई एल्टीट्यूड पोर्टर टीम: रमेश रॉयल, लोकेंद्र रॉयल, हंसा रॉयल, मिलन रॉयल, सत्य रॉयल और गजेंद्र सिंह सदस्य शामिल थे।

# स्वास्थ्य चिकित्सा शिविरों में उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** महिला स्वास्थ्य और परिवार सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के अंतर्गत लगातार चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। 17 सितम्बर से शुरू हुआ यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसके तहत विभिन्न सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञों की देखरेख में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इसी क्रम में गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कीर्तिनगर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांगजनों के लिए अलग से परामर्श, रक्तदान शिविर और सामान्य स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था



की गई। इसी सिलसिले में देवप्रयाग में भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ, जिसका शुभारंभ स्थानीय विधायक विनोद कंडारी ने किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम विजय ने जानकारी दी कि अब तक आयोजित शिविरों में लगभग 46,599 लाभार्थियों को विभिन्न सेवाओं का लाभ दिया गया है। इनमें 5,861 सेवाओं का प्रत्यक्ष वितरण शामिल है। इसके अलावा 729 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, 4,665 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, 1,350 किशोर-किशोरियों की हीमोग्लोबिन जांच, 574 रक्तदाताओं का पंजीकरण, 831 लोगों की टीबी जांच, 45 निश्चय मित्रों का पंजीकरण, 40 आभा आईडी निर्माण, 3,154 लोगों को विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित परामर्श और 3,180 गैर-संचारी रोगों की जांच की गई।

उन्होंने आगे बताया कि शिविरों का आयोजन आगामी तिथियों पर भी जारी रहेगा। 27 सितम्बर को सीएचसी हिण्डोलाखाल, 29 सितम्बर को सीएचसी प्रतापनगर, 30 सितम्बर को सीएचसी चौंड, 1 अक्टूबर को सीएचसी मदननेगी और 2 अक्टूबर को सीएचसी बेलेश्वर में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। विभाग का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक लोग इन शिविरों तक पहुंचे और समय रहते आवश्यक जांच और उपचार का लाभ प्राप्त कर सकें।

# शिक्षक संघ मांगों के लिए श्रीनगर के शिक्षा-मंत्री आवास का करेंगे घेराव

**■ आश्वासन से नाराज़ शिक्षक अब घेरेंगे शिक्षा मंत्री का आवास**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़** (उत्तरकाशी) उत्तराखण्ड राजकीय शिक्षक का सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन पिछले 40 दिनो से जारी है, लेकिन शिक्षको को अब तक समाधान के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिले है, इससे नाराज शिक्षकों ने 28 सितंबर को शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव करने का फैसला लिया है।

राजकीय शिक्षक संघ, चिन्यालीसौड के ब्लाक अध्यक्ष विपिन थपलियाल ने बताया कि 17 पिछले सितम्बर को देहरादून में मुख्यमंत्री आवास घेराव के दौरान करीब 10 हजार शिक्षको ने भाग लिया और अब श्रीनगर में 15 से 20 हजार शिक्षक उपस्थित होंगें।

थपलियाल ने कहा कि जब तक सरकार हमारी तीन प्रमुख मोगों - प्रधानाचार्य सीधी भर्ती निरस्त, वार्षिक स्थान्तारण वहाल और शत् प्रतिशत सभी पदों पर पदोन्नति नहीं करते तब तक राजकीय शिक्षको का यह आन्दोलन जारी रहेगा। उन्होंने विकासखंड चिन्यालीसौड के सभी शिक्षको से इस महारैली में बड़ी संख्या में भाग लेने का आवाहन किया है।

**एक नजर .......**

## लैंसडौन वन प्रभाग में पहाड़ी से गिरकर चार वर्षीय हथनी की मौत

**कोटद्वार।** लैंसडौन वन प्रभाग की कोटद्वार रेंज में पहाड़ी से गिरकर एक चार वर्षीय हथनी की मौत हो गई। सूचना मिलते ही वन विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने हाथी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कर दफना दिया। कोटद्वार रेंज के रेंज अधिकारी विपिन जोशी से मिली जानकारी के मुताबिक बीते रोज कोटद्वार रेंज के मैती काटल ग्रामीण क्षेत्र में पहाड़ी से गिर कर एक हथनी की मौत की सूचना ग्रामीणों के द्वारा दी गयी। बताया गया कि हथनी झुंड के साथ से पहाड़ी से नीचे गिर गयी जिस कारण उसकी मौके पर मौत हो गयी। सूचना मिलते ही वन कर्मियों को मौके पर भेज कर हथनी के शव को कब्जे में ले कर पशुचिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार, डॉ कुमार सुबोध रंजन के द्वारा पोस्टमार्टम कर दफना दिया गया। पशुचिकित्साधिकारी कलालघाटी डॉ कुमार रंजन के मुताबिक हथनी का शव एक दिन पुराना था, हथनी की मौत पहाड़ी से गिरने से हुई।

## कोटड़ी रेंज में वन तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कोटद्वार।** लैंसडौन वन प्रभाग की कोटड़ी रेंज में वन विभाग की टीम ने एक लकड़ी तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसके बाद से लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक कैंचीवाला उत्तर प्रदेश निवासी अजय रावत कोटडी रेंज से रिजर्व फारेस्ट में सागुन के पेड़ काटकर वन विभाग की टीम को देखकर भाग रहा था वन विभाग की टीम ने पीछा करते हुए जिला बिजनौर के कैंचीवाला से वाहन और लकड़ी के डाट सहित लकड़ी तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। कोटडी रेंज के रेंजर विपिन जोशी से मिली जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर कैंचीवाला निवासी अजय रावत सागुन के पेड़ काट कर भाग रहा था तभी मुखबिर की सूचना से वन विभाग की टीम को सूचना मिली, सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो वन तस्कर फरार हो गया। जंगल के अंदर बनी लीग को देखकर वन तस्कर का पीछा किया गया जहां उसके घर के बाहर से उसे गिरफ्तार कर लिया गया लकड़ी तस्कर के कब्जे से एक वाहन और लकड़ी की दो डाट सहित गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## छात्रसंघ चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने भी की है तैयारियां



**श्रीनगर।** गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के बिडला परिसर में 27 सितंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर नीलू चावला ने धारा-163 बीएनएसएस के तहत आदेश पारित कर विश्वविद्यालय के चौरास परिसर के चारों ओर 500 मीटर क्षेत्र को निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में किसी प्रकार के जुलूस, प्रदर्शन, सामूहिक सभा एवं प्रचार-प्रसार पर प्रतिबंध रहेगा। इसी के साथ उपजिलाधिकारी श्रीनगर ने 25 से 28 सितंबर तक चुनाव केंद्र से 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस दौरान पाँच से अधिक व्यक्तियों का एकत्र होना, जुलूस-सभा, ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग तथा हथियार या विस्फोटक सामग्री लेकर प्रवेश करना प्रतिबंधित किया है।

# गढ़वाल विवि के कुलपति ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव 2025-26 के लिए छात्रसंघ चुनाव के मध्यनजर कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने सभी पोलिंग बूथों समेत चुनाव कार्यालय, नियंता कार्यालय, मतगणना स्थल में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी व्यवस्थाओं, बैरिकेटिंग, सफाई, पानी आदि व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए साथ ही मतदाता परिचय पत्र के स्कैनिंग सुविधा का भी निरीक्षण किया।

मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. एचसी. नैनवाल ने चुनाव प्रक्रिया की रूपरेखा की जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव समिति, नियंता और डीएसडब्ल्यू बोर्ड के साथ मिलकर लगातार शांतिपूर्ण चुनाव समपन्न कराने के लिए प्रयासरत हैं और इसके लिए छात्र-छात्राओं के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

मीडिया समिति के संयोजक प्रो. एमएम सेमवाल ने मतदाता छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे अनिवार्य रूप से अपना पहचान पत्र साथ लायें और शांतिपूर्ण मतदान में अपनी भागीदारी निभाएं। इस दौरान प्रो मोहन पंवार, प्रो आर. सी. डंगवाल, प्रो. राजेन्द्र सिंह नेगी, मुख्य नियंता प्रो. एससी सती, प्रो. एमसी सती, मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. एसएस बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# चारा काट रही महिला पर जंगली सूअर का हमला

**■ ग्राम डागू में सूअर के हमले से महिला घायल, हालत गंभीर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़** (टिहरी गढ़वाल)। जौनपुर विकासखंड के ग्राम डागू में शुक्रवार सुबह एक महिला पर जंगली सूअर ने हमला कर घायल कर दिया। सुबह करीब 9 बजे ग्राम डागू निवासी गुड्डी देवी पत्नी रणबीर कोहली अपने खेत में मवेशियों के लिए चारा पत्ती इकट्ठा कर रही थीं। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे जंगली सूअर ने अचानक उन पर हमला बोल दिया।

महिला के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर पास ही रह रहे



ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर सूअर को वहां से खदेड़ा। ग्रामीणों ने घायल गुड्डी देवी को पैदल गांव तक लाकर प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थत्यूड़ में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर देहरादून रेफर कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान शीला देवी, पूर्व प्रधान सत्येश्वर भट्ट, सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन सिंह रावत, मुकेश और रामपाल आदि ने वन विभाग से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग उठाई।

इस पर वन रेंजर लतिका उनियाल ने बताया कि क्षेत्र में जंगली सूअर के हमले का यह पहला मामला है। पीड़ित परिवार को वन अधिनियम के तहत मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही गांव के आसपास झाड़ियों की कटान कर जंगली जानवरों से बचाव के कदम उठाए जाएंगे।

वन विभाग की ओर से फॉरेस्टर अरविंद सिंह रावत और वन बीट अधिकारी रामलाल लेखवार को घायल महिला के साथ अस्पताल भेजा गया। वहीं डिप्टी रेंजर बिजेंद्र सिंह ने भी स्वास्थ्य केंद्र थत्यूड़ पहुंचकर पीड़िता से मुलाकात कर उपचार की जानकारी ली।

# राइंका भल्लेगांव में भवनों के निर्माण के लिए बजट स्वीकृत

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा के कलस्टर विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज भल्लेगांव में भवनों के निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ पांच लाख की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। पहली किश्त के तौर पर 82.248 लाख रुपए जारी किए गए हैं। इसके लिए परियोजना खंड ऋषिकेश सिंचाई विभाग को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। इससे विद्यालय में 3 प्रयोगशाला कक्ष, एक स्टाफ कक्ष, प्रधानाचार्य कक्ष व एक कार्यालय कक्ष का निर्माण किया जाना है। विधायक ने बताया कि इस स्वीकृति से विद्यालय में आवश्यक संसाधनों का विकास होगा।

# रोपवे प्रोजेक्ट में देरी की वजह एलाइनमेंट में बदलाव का प्रस्ताव: सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** यमुनोत्री धाम के लिए रोपवे परियोजनाए गेमचेंजर साबित हो सकती हैं। इससे दुर्गम पहाड़ी रास्तों की मुश्किलें न सिर्फ आसान होंगी बल्कि धार्मिक पर्यटन को गति मिलेगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार मिलेगी। इन प्रोजेक्ट्स से स्थानीय रोजगार सृजन, समय की बचत और आपदा प्रबंधन में भी मदद मिलेगी। लेकिन

यमुनोत्री रोपवे प्रोजेक्ट पर भी सभी की नजरें टिकी हैं। प्रोजेक्ट में देरी को लेकर सवाल उठते रहे है। मामले जिस पर पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल ने बताया कि देरी की वजह प्रोजेक्ट के एलाइनमेंट में बदलाव का



प्रस्ताव है। विभाग इसका परीक्षण करवा रहा है और एनएचएलएमएल से राय लेने के बाद इसे मंजूरी दी जाएगी।इधर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने परियोजना की समीक्षा करते हुई निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी परियोजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का मौके पर पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण करें तथा इससे जुड़े विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि रोपवे परियोजना को एक मॉडल परियोजना के रूप में सफल बनाया जा सके।

गौरतलब है कि यमुनोत्री धाम के लिए रोपवे परियोजना का स्थल पर निर्माण कार्य नवम्बर 2024 को विधिवत शुरू हो गया था। यमुनोत्री स्काई कार प्रा.लि. द्वारा इस रोपवे के लिए

**■ एनएचएलएमएल से राय लेने के बाद मिलेगी मंजूरी : धीराज गर्ब्याल गेमचेंजर साबित हो सकता यमुनोत्री धाम के लिए रोपवे परियोजना**

खरसाली में प्रस्तावित लोअर टर्मिनल पर भूमि-पूजन के साथ निर्माण कार्य की शुरू किया गया। राज्य सरकार के द्वारा यमुनोत्री धाम के लिए रोपवे के निर्माण का जिम्मा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर एक निजी कंपनी यमुनोत्री स्काई कार प्रा.लि. को सौंपा गया था।यमुनोत्री धाम के लिए इस बहुप्रतीक्षित रोपवे परियोजना की कुल लंबाई 3.9 किमी है और इसकी क्षमता प्रति एक घंटे में एक तरफ 580 लोगों को परिवहन करने की होगी। लगभग 170 करोड़ की लागत की इस रोपवे परियोजना मे खरसाली से यमुनोत्री धाम के बीच कुल 10 टावर बनाने का है। इस परियोजना का सबसे निचला टर्मिनल खरसाली में बनाया जाएगा और सबसे ऊपरी टर्मिनल यमुनोत्री धाम में पुलिस चौकी के निकट बनेगा। यह रोपवे छ: मीटर प्रति सेकेंड की गति से संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है और इसके खरसाली स्थित निचले टर्मिनल से यमुनोत्री धाम के ऊपरी टर्मिनल तक 15 मिनट के भीतर पहुंचा जा सकेगा।

# आईटीबीपी के जवानों ने दुनिया के सबसे ऊंचे ट्रैक को पार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के 15 जवानों ने फ्रंटियर-स्तर ट्रैकिंग अभियान शहिमादीश के तहत 19,495 फीट ऊंचे और 111 किमी लंबे कालिंदीखाल-बद्रीनाथ ट्रैक को पार कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

दल ने 16 सितंबर को नेलांग घाटी से अभियान शुरू किया था। आईटीबीपी 35वीं वाहिनी के पर्वतारोहण विशेषज्ञ भानुप्रताप सिंह ने बताया सबसे कठिन मार्ग तय हो चुका है और दल अब 6 अक्टूबर को बद्रीनाथ पहुंच जाएगा।

उन्होंने बताया कि आईटीबीपी



35वीं वाहिनी के उप सेनानी दीपक कुमार के नेतृत्व में अभियान दल ने गंगोत्री धाम और बद्रीनाथ धाम को जोड़ने वाले इस चुनौतीपूर्ण ट्रैक को पूरा किया।

उच्च हिमालय क्षेत्र में स्थित कालिंदीखाल-बद्रीनाथ ट्रैक पर बर्फीले तूफान, हिमस्खलन के खतरे, ग्लेशियरों की दरारों, ऑक्सीजन की कमी और तीव्र ठंड जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर जवानों ने साहस, धैर्य, पर्वतारोहण कौशल और टीमवर्क से यह कठिन रास्ता पार किया।

आईटीबीपी के इस अभियान ने साबित किया कि जवान न केवल राष्ट्र की सुरक्षा में अग्रणी हैं, बल्कि उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मानसिक दृढ़ता, अनुशासन और जीवटता के भी उदाहरण हैं। यह उपलब्धि पर्वतारोहण के क्षेत्र में उनकी शारीरिक और मानसिक शक्ति को दर्शाती है।

# बेसिक विद्यालयों की जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** पौड़ी के बेसिक विद्यालयों की शरद एवं शीतकालीन जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता कोटद्वार में प्रारंभ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम कोटद्वार के मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक पोखड़ा के नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख संजय गुसाईं ने शशिधर भट्ट राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम कोटद्वार में प्रतियोगिताओं का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय निंबूचौड़ एवं राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय सुखरो देवी के छात्र बैंड दल ने अतिथियों का स्वागत किया। समस्त विकास खंडों से आए छात्र छात्राओं ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथियों को सलामी दी। प्रथम दिवस संपन्न हुई सब जूनियर वर्ग की 600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के बालक वर्ग में विजय यमकेश्वर, अक्षित दुगड्डा, अनमोल पाबो ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर वर्ग की बालिकाओं की 600 मी दौड़ में साधना बीरोंखाल, अस्मिता थलीसैंण, प्रीति कल्जीखाल ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी पौड़ी नागेंद्र बर्तवाल, पार्षद सौरभ नौडियाल, खेल संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अमित कुमार चंद, पौड़ी के जिला खेल समन्वयक कमल उप्रेती, जिला खेल सह समन्वयक ललित बिष्ट, प्रदीप रावत, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मनोज जुगरान, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भगत सिंह भंडारी, विभिन्न शिक्षक संघों के जनपदीय एवं ब्लॉक पदाधिकारी शिक्षक शिक्षिकाएं, खेल निर्णायक, सभी ब्लॉक खेल समन्वयक अरुण कुकरेती, जितेंद्र राय, बिपिन रांगण, प्रवीन नेगी, प्रकाश चौधरी, शिवदर्शन संजय पाल, उमेश कुमार वर्मा, मनमोहन गुसाईं, जसपाल असवाल मेहरबान सिंह, गोपाल जसोला,एवं सभी 15 विकास खंडों से आए हुए छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य शिविरों में 2.7 लाख लोगों की हुई कैंसर स्क्रीनिंग

## 85 हजार महिलाओं के स्तन व 23 हजार सर्वाइकल कैंसर की हुई जांच

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत प्रदेशभर में संचालित स्वास्थ्य शिविरों में आम लोग बड़ी संख्या में अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा रहे हैं। इन शिविरों में सामान्य बीमारियों के साथ ही कैंसर की स्क्रीनिंग भी की जा रही है। अब तक प्रदेशभर में 2,76,608 लोगों की कैंसर की जांच हो चुकी है। जिनमें सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर और ओरल (मुंह) कैंसर प्रमुख रूप से शामिल है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत प्रदेशभर में बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में लोग अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा रहे हैं, साथ ही विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ भी उठा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य शिविरों में कैंसर जांच को लेकर आम लोग बड़ी संख्या में आ रहे हैं।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अल्मोड़ा जनपद में 1794 महिलाओं का सर्वाइकल कैंसर तथा 6008 महिलाओं के स्तन कैंसर की जांच स्वास्थ्य शिवि-

### किस जनपद में कितनी कैंसर की जांच

चिकित्सकों के द्वारा अब तक 2,76,608 लोगों में कैंसर की जांच की गई। जिसमें अल्मोड़ा जनपद में 19038, बागेश्वर 14324, चमोली 21880, चम्पावत 13540, देहरादून 35702, हरिद्वार 48911, नैनीताल 21980, पौड़ी गढ़वाल 8443, पिथौरागढ़ 4257, रूद्रप्रयाग 6922, टिहरी गढ़वाल 22525, ऊधमसिंह नगर 51639 तथा उत्तरकाशी जनपद में 7447 लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग की गई। जिनमें 23119 महिलाओं का सर्वाइकल कैंसर तथा 85246 महिलाओं में स्तन कैंसर की जांच की गई। जबकि 73267 पुरूषों व 94976 महिलाओं के ओरल कैंसर की जांच भी स्वास्थ्य शिविरों की गई है।

रों में की गई। साथ ही 4213 पुरुष व 7023 महिलाओं के मुंह के कैंसर की भी जांच की गई। इसी प्रकार बागेश्वर जनपद में 175 सर्वाइकल, 4722 स्तन कैंसर व 9427 लोगों के ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग हुई। चमोली में 3031 सर्वाइकल, 6114 स्तन तथा 12735 लोगों के ओरल कैंसर की जांच की गई। इसी प्रकार चम्पावत में 1077 सर्वाइकल, 4229 स्तन कैंसर तथा 8234 ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग हुई। देहरादून में सर्वाइकल कैंसर 6396 तथा स्तन कैंसर की जांच 10867 महिलाओं की द्वारा की गई। जबकि 18439 लोगों में मुंह के कैंसर की जांच कराई। ऐसे ही हरिद्वार में 4567 ने सर्वाइकल, 16045 महिलाओं ने स्तन कैंसर तथा 28299 लोगों ने ओरल कैंसर की जांच कराई। नैनीताल में 301 सर्वाइकल, 6158 स्तन कैंसर तथा 15521 ने मुंह के कैंसर की जांच कराई। इसी प्रकार पौड़ी में 412 सर्वाइकल, 2213 स्तन कैंसर तथा 5818 लोगों ने मुंह के कैंसर की जांच की गई। पिथौरागढ़ में 357 सर्वाइकल, 1216 स्तन कैंसर तथा 2684 लोगों ने ओरल कैंसर की जांच कराई। रूद्रप्रयाग में 128 सर्वाइकल, 2010 स्तन कैंसर तथा 4784 लोगों का ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। टिहरी में 519 सर्वाइकल, 7583 स्तन कैंसर, तथा 14423 लोगों का ओरल कैंसर की जांच हुई। ऊधमसिंह नगर में 3922 सर्वाइकल, 15498 स्तन कैंसर तथा 32219 लोगों की मुंह के कैंसर की जांच हुई। इसी प्रकार उत्तरकाशी में 440 महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर, 2583 महिलाओं के स्तन कैंसर तथा 4424 लोगों के मुंह के कैंसर की जांच स्वास्थ्य शिविरों में चिकित्सकों के द्वारा की गई। इन स्वास्थ्य शिविरों में न सिर्फ लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है बल्कि आम लोगों में खासकर महिलाओं में कैंसर के प्रति जागरूकता भी बढ़ी।



स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान को लेकर प्रदेश की जनता में काफी उत्साह देखने को मिल है। अभियान के तहत लोगों का न सिर्फ स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है बल्कि उन्हें सेहत के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। अब तक इन शिविरों में 2.7 लाख लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिसमें सर्वाइकल, स्तन और ओरल कैंसर की जांच प्रमुख है..डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।

## डबल वोटर, डबल खेल पर सुप्रीम कोर्ट का हंटर

देहरादून। कांग्रेस लगातार चेता-वनी देती रही है कि देशभर में मतदाता सूची में भारी धांधली हो रही है और भाजपा इस गड़बड़ी के सहारे लोकतंत्र को हाईजैक करने की साजिश रच रही है, यह कहना है उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी का। गरिमा ने कहा कि उत्तराखंड में पंचायत चुनावों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कर दिया है कि राज्य निर्वाचन आयोग का रवैया पूरी तरह असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक था। अदालत ने आयोग पर 2 लाख का जुर्माना लगाकर यह संदेश दिया है कि लोकतंत्र से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उत्तराखंड निर्वाचन आयोग का परिपत्र, जिसमें कहा गया कि किसी व्यक्ति का नाम अगर दोहरी मतदाता सूचियों में है, तब भी उसका नामांकन रद्द न हो, दरअसल भाजपा को डबल वोटर, डबल खेल की खुली गवाही है।

# विश्व बैंक के अफसरों के साथ आपदा प्रबंधन अधिकारियों का मंथन

## जल्द भेजे जाएंगे डिजास्टर प्रिपेरेडनेस एंड रेजिलिएंट प्रोजेक्ट के प्रस्वात

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में आपदा प्रबंधन विभाग एवं विश्व बैंक के अधिकारियों के साथ उत्तराखंड डिजास्टर प्रिपेरेडनेस एंड रेजिलिएंट प्रोजेक्ट (यू-प्रिपेयर) के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रोजेक्ट के तहत प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रेषित किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट के तहत विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों जैसे पीएमयू को 31 अक्टूबर, 2025 तक ड्राफ्ट सीईआरसी संचालन मैनुअल और ड्राफ्ट आपातकालीन कार्य योजना तैयार करनी है, को प्रस्तावित समय-सीमा के अंतर्गत पूर्ण कर लिया जाए।

बैठक के दौरान वर्ल्ड बैंक के अधिकारियों ने बताया कि



परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू), परियोजना कार्यान्वयन इकाइयों (पीआईयू), और क्षेत्रीय परियोजना कार्यान्वयन इकाइयों (एफपीआईयू) की स्थापना कर दी गई है, जिसमें कुछ पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं और भर्ती प्रक्रिया सक्रिय रूप से चल रही है। 29 पुलों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जिसमें उल्लेखनीय भौतिक और वित्तीय प्रगति देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि वेब-आधारित प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस) शुरू की गई है, और मोबाइल ऐप सुरक्षा ऑडिट के बाद शीघ्र ही लॉन्च किया जाएगा।

इसके साथ ही, परियोजना से प्रभावित परिवारों को भूमि मुआवजा प्रदान किया गया है, और शिकायत निवारण तंत्र पूरी तरह कार्यात्मक है। इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर, विनोद कुमार सुमन एवं अपर सचिव आनन्द स्वरूप सहित वर्ल्ड बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

# एमडीडीए ने अजबपुर कला मोथरोवाला रोड पर अवैध व्यावसायिक निर्माण किया सील

## नियम विरुद्ध निर्माणों के खिलाफ एमडीडीए की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी: उपाध्यक्ष

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। मसूरीखदेहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने नियम विरुद्ध निर्माणों के खिलाफ अपनी कार्रवाई को जारी रखते हुए, देहरादून क्षेत्र में एक अवैध व्यावसायिक निर्माण को सील कर दिया। प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत अजबपुर कला मोथरोवाला रोड, प्राथमिक विद्यालय के निकट कोठियाल द्वारा किये जा रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण पर संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों पर कार्यवाही की गई।



इस दौरान सहायक अभियंता निशांत कुकरेती, अवर अभियंता जयदीप राणा और सुपरवाइजर मौके पर मौजूद रहे। एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण नियमविरुद्ध निर्माणों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। किसी भी अवैध निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा। निर्माण मानकों और स्वीकृत नक्शों के अनुरूप ही कार्य करने वालों को ही अनुमति मिलेगी।

# जीआरडी अभिनंदन-2025 में बॉलीवुड सिंगर इशिका लगाएंगी म्यूजिक का तड़का

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून । राजधानी देहरादून के प्रतिष्ठित गुरु रामदास इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, के वाईस चेयरमैन इंद्रजीत सिंह ने बताया कि जीआरडी कॉलेज आपदा से प्रभावित ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्र के छात्र छात्राओं को मदद करने के लिए हर वक्त तत्पर है एवं हमने अपने कॉलेज के कई कोर्सेज में आपदा प्रभावित छात्र-छात्राओं को निशुल्क एवं सामान्य रजिस्ट्रेशन के साथ ही दाखिला दिया है ताकि किसी भी छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में कोई अवरोध न हो सके।



राजपुर स्थित कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि जीआरडी कैंपस स्टार्टअप्स और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए अपने यहां पर इनक्यूबेशन सेंटर भी बनाया है ,जिसमें सर्वश्रेष्ठ आइडिया लाने वाले छात्र-छात्राओं को आर्थिक रूप से भी मदद की जाएगी एवं उनके स्टार्टअप्स को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। प्रेस को संबोधित करते हुए महानिदेशक डॉ. पंकज चौधरी ने बताया कि नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए पुराने छात्र-छात्राओं ने लिए अभिनंदन 2025 का आयोजन कर रहे हैं। यह आयोजन 27 सितंबर को जीआरडी कॉलेज में होगा जिसमें बॉलीवुड के मशहूर गायिका इशिका शेरगिल और डीजे हैरी अपनी लाइव प्रस्तुति देंगे। डॉ. चौधरी ने बताया कि इस वर्ष कॉलेज में कंप्यूटर साइंस, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, सिविल इंजीनियरिंग, नर्सिंग, पैरामेडिकल आदि रोजगार परक पाठ्य कर्मों में बड़ी संख्या में उत्तराखंड के छात्र-छात्राओं ने दाखिला लिया है।

# नोलों-धारों के संरक्षण को तैयार हो रहा जीआईएस प्लेटफॉर्म: महाराज

## समीक्षा बैठक मंत्री ने पंचायतों को 29 विषयों के हस्तांतरण की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ करने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। केंद्र पोषित योजना राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत कार्य योजना की वर्तमान स्थिति और 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के साथ-साथ 73वें संविधान संशोधन के फलस्वरूप संविधान की 11वीं अनुसूची में वर्णित 29 विषयों की निधियां, कार्यों एवं कार्मिक त्रिस्तरीय पंचायत को हस्तांतरित किए जाने के साथ-साथ जलागम विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों की प्रदेश के पंचायती राज एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने विभागवार समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रदेश के पंचायती राज एवं



जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने समीक्षा बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025 में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 126 अभ्यर्थियों को विभिन्न जनपदों में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई और वर्ष 2024 में सहायक विकास अधिकारी पंचायत के 17 रिक्त पदों पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संवर्ग से पदोन्नति की गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान चयन वर्ष 2025-26 में सहायक विकास अधिकारी पंचायत के रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु प्रक्रिया गतिमान है और शीघ्र ही कार्यवाही पूर्ण कर ली जाएगी। महाराज ने ग्राम पंचायत स्तर पर सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से ग्राम पंचायत जलागम विकास योजना के निरूपण और ग्राम पंचायत स्तर पर चुने हुए प्रति. निधियों की देखरेख में प्राकृतिक संसाधनों, जल स्रोतों के पुनरोद्धार एवं संरक्षण तथा कृषि उन्नति की कार्य योजनाओं की भी समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि जलागम विभाग द्वारा प्रदेश में धारे-नौलों के संरक्षण के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में समिति का गठन करने के साथ-साथ धारे-नौलों एवं नदियों के चिन्हीकरण, उपचार हेतु स्थानीय भागीदारी सुनिश्चित कर उनके संरक्षण के लिए के अन्तर्गत जीआईएस प्लेटफॉर्म तैयार किया जा रहा है। वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड एवं जहरीली गैसों के उत्सर्जन के प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए खाली पड़ी निजी एवं सरकारी भूमि पर पेड़ लगाने के लिए कार्बन क्रेडिट योजना पर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जलागम सचिव दिलीप जावलकर, पंचायती राज निदेशक निधि यादव, जलागम की परियोजना निदेशक कहकशा नसीम, अपर सचिव पंचायती राज श्याम सिंह, संयुक्त सचिव ध्रुव मोहन राणा, त्रिपाठी, अपर निदेशक मनोज तिवारी एवं रविनाथ रमन त्रिपाठी एवं डॉ अनुज कुमार डिमरी सहित पंचायतीराज विभाग एवं जलागम विभाग के अनेक अधिकारी मौजूद थे।

# सुभारती के विद्यार्थियों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक



शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। डॉ. मुक्ति भटनागर सुभारती स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन ने अपनी रचनात्मक और अकादमिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीराम राष्ट्रीय संगोष्ठी व श्रीराम राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में भागीदारी की।

यह आयोजन स्नेहिल और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 19 से 24 सितम्बर तक एमकेपी पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ। जिसमें अमन बिष्ट को प्रथम व कार्तिक अग्रवाल को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। सम्मेलन में शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत, विधायक खजान दास, समाज सेवी डॉ. फारूक,भारत भंडारी, डॉ. आलोक भावसार (भोपाल के प्रसिद्ध कलाकार), डॉ. विनिता दहिया, जबकि अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी देहरादून अभिनव शाह (आईएएस) ने की।

इस अवसर पर रास बिहारी बोस विवि के कुलपति प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन, फाइन आर्ट्स विभाग की डीन डॉ. रीता तिवारी, छात्रों में कार्तिक अग्रवाल, वंशिका बडोला, शुभम डुंगरियाल, अमन बिष्ट, काजल प्रजापति व नंदिनी नेगी ने राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में भाग लिया।

### सेवा योजना दिवस मनाया गया

देहरादून। रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन ने की। इस मौके पर प्रो वाइस चांसलर डॉ. देश दीपक, डीन अकादमिक डॉ. मनमोहन गुप्ता डीन स्टूडेंट वेलफेयर निर्. कता कौशल, डीन डॉ. इमरान खान, प्रदीप भारा, डॉ. वंदना डंगवाल आदि मौजूद रहे। कुलपति डॉ. ऐरन ने घोषणा की कि विवि को एनएसएस की पांच यूनिट्स की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनमें से दो यूनिट्स जीबीसीएम मेडिकल कॉलेज और तीन कोटरा संतोर परिसर में स्थापित की जाएंगी।

# तीन परचे मामले में एसआईटी ने की पूछताछ

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। विगत 21 सितंबर को स्नातक स्त्री पदों के लिए आयोजित की गई लिखित परीक्षा के दौरान पेपर के तीन परिचय लीक हो जाने के मामले में गठित की गई एसआईटी टीम द्वारा शुक्रवार को पेपर लीक से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के बयान अंकित करते हुए उनसे पूछताछ की गई।

स्नातक परीक्षा के लिए आयोजित कराई जा रही लिखित प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्न पत्रों के फोटो आउट होने के सम्बन्ध में एक्शन में आई देहरादून पुलिस टीम ने एसपी के आदेश पर पुलिस अधीक्षक देहात द्वितीय ऋषिकेश को आदेश देकर थाना रायपुर पर सुसंगीत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया था जिनमें धारा 11(1)/11(2)/12(2) उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम एवं रोकथाम के उपाय) अध्यादेश 2023 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए उत्तराखंड शासन द्वारा अभियोग में निष्पक्ष एवं पारदर्शी विवेचना सुनिश्चित करने के लिये शासन द्वारा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है, जिसका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण प्रदेश निर्धारित किया गया है। एसआईटी टीम द्वारा शुक्रवार को को उक्त पेपर से संबंधित कार्यालय में अधिकारियों-कर्मचारियों से पूछताछ कर उनके रिकार्ड खंगाले गये, इस दौरान टीम द्वारा उपस्थित अधिकारियों से उक्त परीक्षा के मानकों तथा सुरक्षा के दृष्टिगत की गयी व्यवस्थाओं के समबन्ध में जानकारी कर दस्तावेज तलब किये गये, साथ ही परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी देख रही कम्पनी के पदाधिकारियों से पूछताछ की गई, इसके अतिरिक्त अभियुक्त से जुड़े दस्तावेजों व अन्य दस्तावेजों को जल्द से जल्द एसआईटी टीम को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों से की गई पूछताछ के बाद उच्च न्यायालय नैनीताल हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जिनकी निगरानी में की जाएगी को भी पूरे मामले से अवगत कराया जाएगा।

## मनरेगा में 6.7 लाख श्रमिक वर्तमान में सक्रिय रूप से कार्यरत

देहरादून। श्रम आयुक्त उत्तराखण्ड पी.सी. डुम्का की अध्यक्षता में मनरेगा कर्मकारों का पंजीकरण यू. के.बी.ओ.सी.डब्ल्यू. में कराए जाने के संबंध में यू.के.बी.ओ.सी.डब्ल्यू. कार्यालय में बैठक की गई जिसमें मनरेगा के राज्य समन्वयक सुधा तोमर द्वारा अवगत कराया गया कि मनरेगा में 16.3 लाख वर्कर हैं जिसके सापेक्ष 6.7 लाख वर्तमान में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि ऐसे मनरेगा वर्कर जो वर्ष में 90 दिन मनरेगा में कार्य कर रहे हैं उनके पंजीकरण व श्रमिक कार्ड की व्यवस्था विकास खंड कार्यालय स्तर पर ही कराई जाए।

# स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर दिखेगा देवभूमि का रंग

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 1 से 15 नवम्बर 2025 तक भारत सरकार की ओर से गुजरात के एकता नगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में भारत पर्व आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर उत्तराखण्ड अपनी संस्कृति, परंपराओं और विशेषताओं को भव्य रूप से प्रस्तुत करेगा।

भारत पर्व के दौरान 5 नवम्बर को विशेष रूप से उत्तराखण्ड को अपनी प्रस्तुति के लिए निर्धारित किया गया है। खास बात यह है कि 9 नवम्बर 2025 को उत्तराखण्ड राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। ऐसे में इस अवसर को और अधिक भव्य व ऐतिहासिक बनाने की तैयारी की जा रही है।

### पवेलियन बनेगा आकर्षण का केंद्र

बैठक में पवेलियन निर्माण और डिजाइनिंग की समीक्षा भी की गई। पर्यटन सचिव ने कहा कि ग्राम्य विकास व उद्योग विभाग अपनी उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री प्रदर्शित करेंगे। इससे न केवल राज्य की विशेषताओं को राष्ट्रीय पटल पर पहचान मिलेगी बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उत्तराखण्ड की सामूहिक विरासत और सांस्कृतिक एकता की झलक सामने आएगी। कहा कि इस आयोजन में उत्तराखण्ड का पवेलियन भारतीय एकता का प्रतीक होगा।

पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में अभिषेक रुहेला, प्रदीप जोशी, एमएस राघव, बीएल राणा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

गर्ब्याल ने कहा कि संस्कृति विभाग के चुनिंदा कलाकार अपनी प्रस्तुति दें ताकि उत्तराखण्ड की कला और संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित किया जा सके। स्टूडियो किचन में उत्तराखण्ड के पारंपरिक व्यंजनों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जाए। इसके लिए आईएचएम देहरादून, जीएमवीएन, कुमाऊं मंडल विकास निगम और निजी होटलों के अनुभवी शेफ मिलकर काम करेंगे।

# शहीद हवलदार बोहरा की 18वीं पुण्यतिथि पर जोशी ने दी श्रद्धांजलि

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को 'अशोक चक्र' विजेता अमर शहीद हवलदार बहादुर सिंह बोहरा की 18वीं पुण्यतिथि पर बिलासपुर कांडली स्थित उनके आवास पहुंचकर प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनकी वीरता को नमन किया।

इस अवसर पर मंत्री जोशी ने कहा कि शहीदों को कोई भी वापस नहीं ला सकता, लेकिन यह सरकार का दायित्व है कि वह शहीदों और उनके परिजनों के प्रति अपनी गंभीरता और संवेदनशीलता दिखाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार शहीदों के सम्मान और कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। मंत्री जोशी ने कहा कि देहरादून में बन रहा भव्य सैन्य धाम अब निर्माण की अंतिम चरण में है और शीघ्र ही उसका लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिजनों के कल्याण और उनके सम्मान के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मंत्री जोशी ने अमर शहीद के नाम पर कंडाली में शहीद द्वार का निर्माण करने तथा क्षेत्र की सड़क का नाम शहीद के नाम पर रखने की घोषणा भी की।

इस अवसर पर शहीद की पत्नी शांति बोहरा, बेटी मानसी, वंदना बिष्ट, चंदन बिष्ट, मंजु देऊपा, वंदना ठाकुर, प्रधान विना. द प्रकाश अवस्थी, लक्ष्मण खनका, विक्रम सिंह, गिरीश उनियाल, भुवन चंद्र भट्ट, जगद. श चंद्र पांडे, जीवन सिंह रौतेला, गोविंद सिंह, नन्दन सिंह सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों के अधिकारों और सम्मान के लिए सरकार प्रतिबद्ध

## दिव्यांग सलाहकार बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक में बोले मुख्यमंत्री धामी

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राज्य सरकार दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार प्रतिबद्ध है कि दिव्यांगजनों के कल्याण के चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों का पूरा लाभ उन्हें सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ मिले। समाज के इस वर्ग की समस्याओं का समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में होना चाहिए। ये बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में राज्य दिव्यांग सलाहक. र बोर्ड की बैठक आयोजित हुई।

मुख्यमंत्री ने सचिव स्वास्थ्य को निर्देश दिए कि समय-समय पर



प्रदेशभर में दिव्यांगजनों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाए। इन शिविरों में दिव्यांग. जनों को उन्हें उपचार एवं चिकित्सा सुविधाओं के साथ ही प्रमाण-पत्र, कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण भी मौके पर ही उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने सचिव समाज कल्याण को निर्देश दिए कि बैठक में प्राप्त सुझावों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न शासकीय सेवाओं में नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान आरक्षण के प्रावधानों के अनुसार दिव्यांगजनों को पूरा लाभ दिया जाए। बैठक में उपस्थित विधायक एवं बोर्ड सदस्यों ने भी कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने उन सभी सुझावों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की बात कही। बैठक में विधायक भरत चौधरी, सविता कपूर के साथ ही सचिव श्रीधर बाबू अद्दांकी, रंजीत सिन्हा, चन्द्रेश कुमार, वी. षणमुगम, डॉ. आर. राजेश कुमार, निदेशक समाज कल्याण प्रकाश चन्द्र एवं राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे।

# कुंभ मेले की तैयारियों को लेकर आईजी ने की पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के लिए आवश्यक संसाधनों की जानकारी एकत्र करने एवं प्रस्तावों को अन्तिम रुप देने के लिए कुंभ मेला नोडल अधिकारी आईजी डा.निलेश आनंद भरणे की अध्यक्षता में सीसीआर भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसएसपी हरिद्वार प्रमेन्द्र सिंह डोबाल, एसपी सिक्योरिटी मंजूनाथ टीसी, कमांडेंट 40वीं वाहिन पीएसी तृप्ति भट्ट, एसपी ट्रैफिक हरिद्वार जितेन्द्र मेहरा, एसपी सिटी पंकज गैरोला, जनपद देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल व एसडीआरएफ, एटीसी, पीटीसी के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कुंभ मेले के दौरान पुलिस बल की आवश्यकता एवं उपलध पुलिस बल, निर्माण कार्यो की आवश्यकता, उपकरणों की आवश्यकता एवं उपलब्धता, कार्मिकों को कुंभ मेला संबंधी प्रशिक्षण, कुंभ मेला संबंधी प्रस्तावों की स्थिति आदि मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान आईजी डा.निलेश आंनद भरणे ने सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए।

# दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 29 से, राज्यपाल करेंगे शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय पंचकर्म विभाग ऋषिकुल परिसर के तत्वावधान में पंचकर्म चिकित्सा विज्ञान पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 29 सितम्बर से शुरू होने वाले सम्मेलन का उद्घाटन राज्यपाल लेफिटनेंट जनरल गुरमीत सिंह करेंगे। इस दौरान पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण व उत्तराखंड आयुर्वेद विवि के कुलपति प्रो.डा.अरूण त्रिपाठी भी मौजूद रहेंगे। प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान ऋषिकुल परिसर के निदेशक प्रो. डीसी सिंह ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य आयुर्वेद, पंचकर्म चिकित्सा विज्ञान की नवीनतम प्रगति, शोध और अनुभव साझा करना, पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक शोध को एक साथ जोड़कर वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद की प्रतिष्ठा को सुदृढ़ करना है। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष प्रो.डा.के.के. शर्मा व सचिव प्रो.डा.आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन के पहले दिन उद्घाटन के बाद वैज्ञानिक सत्र में देश विदेश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे और पंचकर्म की प्रासंगिकता और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के साथ इसके सामंजस्य पर अपने विचार साझा करेंगे। मीडिया प्रमुख डा. राजीव कुरेले ने बताया कि सम्मेलन के दौरान सांस्कृतिक संध्या, अंतर महाविद्यालयीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। डा. कुरेले ने बताया कि सम्मेलन के समापन पर रानीपुर विधायक आदेश चौहान, हरिद्वार विधायक मदन कौशिक, उत्तराखंड आयुर्वेद विवि के कुलपति प्रो.डा.अरूण त्रिपाठी, मदरहुड यूनिवर्सिटी के कुलपति डा. नरेंद्र शर्मा प्रतिभागियों को सम्मनित करेंगे। पत्रकारवार्ता के दौरान प्रो. संजय त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

# कप्तान प्रमेंद्र डोभाल के कार्यकाल में लॉ एण्ड ऑडर बेकाबू, बढ़ा है जनपद में अपराध का ग्राफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जनपद हरिद्वार के शहर व गांव में खुलेआम कई बार गोलियां चली हैं, शहर में दिन दहाड़े कई बार डकैती, स्नैचिंग, चोरी तथा मर्डर हुए हैं। अवैध खनन व नशीले पदार्थों का कारोबार निरंतर धड़ल्ले से चल रहा है। जबकि मुख्यमंत्री का आदेश है 2025 तक प्रदेश को नशा मुक्त करना है लेकिन फिर भी नशीले पदार्थ का अवैध कारोबार करने वाले धड़ल्ले से नशे के कारोबार को अंजाम दे रहे है। अपराधी द्वारा एक लड़की को छत से फेक दिया जाता हैं यह घटना पथरी क्षेत्र के गांव की थी, इसके अलावा बलात्कार और पॉक्सो के मुकदमे दर्ज होते रहते हैं। हरियाणा पुलिस के एक उप निरीक्षक पर हरिद्वार बस अड्डे के निकट गोली भी चली और सबसे लेटेस्ट कटरापुर प्रकरण खुलेआम एक युवक के गर्दन और माथे पर अपराधी ने गोली मारी। अपराध ी प्रमेंद्र डोभाल के कार्यकाल में खुलेआम अपराध को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि कप्तान द्वारा अपराधी पर कारवाई के आदेश दिए जाते है और कानूनी कारवाई भी होती है फिर भी अपराधियों में कप्तान का भय नहीं है। झूठे मुकदमे में पीड़ित लोगों का यह भी कहना है की कई थानों में झूठ मुकदमे दर्ज करने से पूर्व पुलिस द्वारा कोई जांच नहीं होती है सीधा मुकदमा दर्ज कर प्रताड़ित किया जाता है। बीते दिनों हरिद्वार जनपद के दोनों विधायकों के बीच जमकर तनातनी हुई और इनके बीच हुई रंजिश को लेकर खुलेआम गोलियां भी चली। ऐसा है कार्यकाल कप्तान प्रमेंद्र डोभाल का। जनता का कहना है कि खुलेआम अपराध में निरंतर बढोतरी हो रही है और एसएसपी मीडिया टीम सोशल मीडिया पर कप्तान का फोटो ऐसे पोस्ट करती है जैस लॉ एंड ऑर्डर नियंत्रण करने में प्रथम पुरस्कार मिला हो। जनता कह रही है कप्तान साहब लॉ एंड ऑर्डर नियंत्रण करो लोग अब जागरूक हो रहे हैं बोलेंगे भी और लिखेंगे भी हर बार ये कहने से काम नहीं चलेगा कि पर्याप्त बल नहीं हैं।

# ड्रग कंट्रोल विभाग का निरीक्षण, नार्कोटिक्स दवाओं के लाइसेंस और स्टॉक की हुई जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, ड्रग कंट्रोल विभाग और एएनटीएफ टिम ने सिडकुल क्षेत्र स्थित जेपी कंपनी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान, स्थानीय पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। वरिष्ठ ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती ने बताया कि यह कार्रवाई जिले में उन सभी कंपनियों के निरीक्षण अभियान का हिस्सा है जो नार्कोटिक्स श्रेणी की दवाइयां बनाती हैं। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कंपनी के लाइसेंस की जांच करना और दवाइयों के आदान-प्रदान (स्टॉक और वितरण) से संबंधित व्यवस्थाओं की गहनता से पड़ताल करना है। जो निरीक्षण के दौरान सब सही पाया गया। इंस्पेक्टर भारती ने यह भी स्पष्ट किया कि नार्कोटिक्स दवाइयां बनाने वाली कम्पनियां जो पार्टियों को माल सप्लाई कर रही हैं। उसकी पूर्ण रूप से बिलिंग होनी चाहिए। जो लाइसेंस पार्टियों की ओर से दिखाए जाते हैं। उसकी भी जांच करनी आवश्यक है। इस निरीक्षण के दौरान यदि कोई कंपनी नियमों का उल्लंघन करती पाई जाती है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




इस टीम में ड्रग्स इंस्पेक्टर मेघा, हरीश, विजय सिंह, सुनील सिंह, राजवर्धन, सतेंद्र चौधरी, मीनाक्षी आदि शामिल रहे। यह अभियान नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने और दवाओं के वैध व्यापार को सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है।

# रामलीला मंच पर धनुष यज्ञ के दृश्य को देख हुए मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्रीरामलीला समिति सेक्टर 1 भेल की रामलीला मे ताड़का वध रावण बाणासुर संवाद और धनुष यज्ञ का की लीला का आनंद सभी दर्शकों ने लिया। तड़का वध के दृश्य ने बच्चों का बहुत मनोरंजन किया बच्चों ने जमकर तालियां से कलाकार का उत्साह वध न किया। इसके पश्चात धनुष यज्ञ में दृश्य ने सभी का मन मोह लिया। लीला के तीसरे दिन रानीपुर विध ायक आदेश चौहान, व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकेश चौहान एवं गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष संतोष साहू सचिव अमित अमित जागड एवं कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह इसी के साथ भेल के अपर महाप्रबंधक कुलदीप कौशिक और ब्राह्मण समाज के सचिव सुशील त्रिपाठी ने गणेश आरती कर लीला का शुभारंभ किया। इस मौके पर रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने ने कहा की प्रभु राम के जीव आदर्श जीवन को हमें आत्मसात करना चाहिए और अपने बच्चों को श्री राम के द्वारा समाज मे किये गए कार्यो से अवगत कराना चाहिए। रामलीला मंच पर विश्वामित्र की तपस्या में तड़का व्यवधान पैदा कर रही थी। विश्वामित्र मुनि के अनुरोध पर श्री राम ने उसका वध कर दिया,। तड़का यक्ष सुकेतु की पुत्री एक कुरूप, नरभक्षी राक्षसी थी। वध से शाप से मुक्ति मिली, और उसे मोक्ष प्राप्त हुआ। उसके पश्चात धनुष यज्ञ के दृश्य में श्री राम द्वारा शिव धनुष को सफलतापूर्वक तोड़ कर माता सीता को वरमाला पहनाई और देवताओं के साथ साथ उपस्थित जनता ने पुष्प वर्षा की। वहीं कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुति एवं भाव पूर्ण अभिनय का तालियों से उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संरक्षक डॉ हिमांशु द्विवेदी, अध्यक्ष अश्वनी कुमार, महासचिव राधेश्याम सिंह, कोषाध्यक्ष गौरव ओझा, वीरेंद्र नेगी, संजय वर्मा, सुबोध कुमार, धनंजय यादव, सोमदत्त कश्यप, राजकुमार यादव, राकेश पंवार, लीला के निर्देशक मुख्तार सिंह, मुख्य निर्देशक राकेश कुमार उपस्थित रहे।



# एसएमजेएन कालेज में हिंदी उत्सव का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** एसएमजेएन कालेज के हिंदी विभाग तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा हिंदी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा समझते हुए हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डा.लता शर्मा ने हिंदी भाषा के उद्भव और विकास पर प्रकाश डाला। बीएससी की छात्रा सोनाली ने दुर्गा सप्तशती से मां दुर्गा की स्तुति की। बीएससी के छात्र दिव्यांशु नेगी ने नशे के दुष्प्रभाव पर हिंदी भाषा में कविता पाठ किया। बीएससी की छात्रा ईशा कश्यप एवं बी.कॉम के छात्र अंश कुमार ने हिंदी के महत्व को दिखाते हुए कविता प्रस्तुत की। दीक्षा यादव ने सोहनलाल द्विवेदी की कविता पर्वत कहता शीश उठाकर की सुंदर प्रस्तुति दी। हिंदी विभाग की डा.रेनू सिंह ने कबीर और रहीम के दोहों की मधुर प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम को मनमोहक बना दिया। राजनीति विभागाध्यक्ष प्रो.विनय थपलियाल ने संयुक्त राष्ट्र संघ में पहली बार हिंदी में उद्बबोधन पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। बीए के छात्र शांतनु ने तबले की संगत पर सूरदास के पदों का गायन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि हिंदी भाषा स्वतंत्रता आंदोलन की भाषा रही है। हिंदी भाषा ने ही स्वतंत्रता आंदोलन में सभी राज्यों को एकता के सूत्र में बाधां। हिन्दी हैं हम वतन हैं हिंदुस्तां हमारा एवं खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी कविता पाठ से सभागार देश भक्ति से सराबोर हो गया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. संजय माहेश्वरी ने बताया कि दक्षिण के लोग भी हिंदी के प्रति अपनी रुचि दिखा रहे हैं। जिसका उदाहरण हमें दक्षिण की फिल्मों के माध्यम से मिलता है। एमए हिंदी की छात्रा ममता मौर्य ने मीराबाई के पदों पर आकर्षक प्रस्तुति दी।

# रामलीला में राम भरत मिलाप का दृश्य देख श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के गांव बहादुरपुर जट में चल रही रामलीला में देर राम भारत मिलाप का दृश्य दिखाया गया। रामलीला के डायरेक्टर ने बताया कि उद्घाटन में पहुंचे अमित कौशिक, वीरेंद्र चौधरी का रामलीला कमेटी के सदस्यों ने श्री राम दरबार की प्रतिमा देकर उनका सम्मान किया। उन्होंने रामलीला के आयोजन के लिए सभी ग्राम वासियों और रामलीला कमेटी को बधाई और शुभकामनाएं दी। पिता की आज्ञा पाकर रामचंद्र जी 14 वर्षों के लिए वनों में जाते हैं। जब भरत अयोध्या लौटते हैं। तो उन्हें अपने पिताजी की मृत्यु के बारे में पता लगता है। जिसे सुनकर वह कैकई पर बहुत क्रोधित होते हैं। गुरु वशिष्ठ और सभी नगर वासी उन्हें सिंहासन पर बैठने को कहते हैं। परंतु भरत कहते हैं कि सिंहासन पर रामचंद्र जी का अधिकार है। भरत ,शत्रुघ्न, केकई, कौशल्या और गुरु वशिष्ठ के साथ जंगल में रामचंद्र जी के पास जाते हैं। और उन्हें वापस अयोध्या आने का आग्रह करते हैं। परंतु रामचंद्र जी कहते हैं की मुझे 14 वर्ष वनों में रहने की आज्ञा है। मैं किसी भी हालत में वापस नहीं आ सकता हूं ।तब भरत रामचंद्र से खड़ाऊ लेकर वापस अयोध्या आते हैं। और उन्हें सिंहासन पर रखकर सेवक के रूप में अयोध्या के शासन को चलते है।

# मंडी का माहौल खराब नहीं होने दिया जाएगा : इमरान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** ज्वालापुर फल सब्जी आढ़ती व्यापारी समिति के अध्यक्ष इमरान मंसूरी ने कहा कि मंडी का माहौल खराब नहीं होने दिया जाएगा। मंडी परिसर में आयोजित समिति की बैठक को संबोधित करते हुए इमरान मंसूरी ने कहा कि कुछ लोग षड्यंत्र के तहत मंडी सचिव एवं कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडी की समस्याओं का निस्तारण होना चाहिए। अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को नियमानुसार हटाया जाए। जिससे किसी को भी परेशानी ना हो। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ बाहरी व्यक्ति षड्यंत्र के तहत मंडी का माहौल खराब कर रहे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। एकता के बल पर ही अपने हितों के लिए संघर्ष किया जा सकता है। व्यापारियों की समस्याओं का निदान अवश्य होना चाहिए। उन्होंने मंडी सचिव से यह भी अपील की कि मंडी की व्यवस्थाएं दुरुस्त होनी चाहिए। साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में संजय चौहान, रियाज खान, असीम अंसारी, नौशाद अहमद, पप्पू मंसूरी, शौकीन अंसारी, राजीव चौधरी, चंद्रपाल कश्यप, मनोज चौहान, उमाशंकर, सुनील, गुलफाम, प्रदीप कुमार, आफताब, नवाब, हरीश, रमेशचंद, किरण, दीप्ति आदि मौजूद रहे।

# देवस्थानों को पिकनिक स्थल बनाए जाने से रूष्ट हो रहे देवी देवता : रविंद्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने श्रद्धालुओं से देवस्थानों की गरिमा बनाए रखने की अपील की है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि देवस्थानों को पिकनिक स्थल बनाए जाने से देवी देवता रूष्ट हो रहे हैं। जिससे उत्तराखंड समेत पूरे देश को आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देवस्थानों की गरिमा बनाए रखने के लिए अखाड़ा परिषद की और से शीघ्र ही अभियान शुरू किया जाएगा। अखाड़ा परिषद के पदाधिकारी और तमाम वरिष्ठ संत अपने भक्तों को तीर्थ की गरिमा के अनुरूप व्यवहार करने के लिए जागरूक करेंगे। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है और हरिद्वार प्रमुख आध्यात्मिक नगर है। बद्रीनाथ धाम में भगवान विष्णु और केदारनाथ धाम में भगवान शिव साक्षात विराजमान हैं। देखने में आ रहा है कि उत्तराखंड सहित पूरे देश में स्थित देवस्थानों की यात्रा के दौरान श्रद्धालु पिकनिक स्थल जैसा व्यवहार कर रहे हैं। देवस्थलों पर अमर्यादित व्यवहार से देवी देवता रूष्ट हो रहे हैं। जिसका परिणाम आपदा के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म और देवस्थलों की रक्षा करना अखाड़ा परिषद का दायित्व है। अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर देवस्थानों पर शराब और मांस की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए कानून लागू करने की मांग करेंगे।

# प्रेस क्लब में स्वास्थ्य शिविर आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से गांधी जयंती तक केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े के अंतर्गत प्रेस क्लब में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से शनिवार 27 सितम्बर को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आईएमए के अध्यक्ष डा.विकास दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में सभी पत्रकारों और उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी ने बताया कि शिविर में सभी पत्रकारों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में बीपी, शुगर समेत अन्य रोगों से संबंधित मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। स्वास्थ्य संबंधी सभी जांच भी नि:शुल्क की जाएंगी। उन्होंने सभी पत्रकारों से परिवार समेत स्वास्थ्य शिविर में पहुंचने की अपील की है। कहा कि शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराने कि लिए सभी पत्रकार साथी अपना आधार कार्ड साथ में लाएं।

# बादशाहपुर रामलीला का उप चेयरमैन विशेष चौहान ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के गांव बादशाहपुर में चल रही रामलीला का शुभारंभ ज्वालापुर गन्ना समिति के उप चेयरमैन विशेष चौहान ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का आयोजन बड़े श्रद्धा भाव और धूमधाम से किया गया। शुभारंभ अवसर पर उप चेयरमैन विशेष चौहान ने भगवान श्रीरामचन्द्रजी के आदर्श जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम केवल अयोध्या के राजा ही नहीं, बल्कि धर्म, सत्य और न्याय के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें सदैव धर्म के मार्ग पर चलने, बड़ों का सम्मान करने और समाज में भाईचारे की भावना बनाए रखने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हमारी आस्था और संस्कृति की जीत है। भाजपा सरकार निरंतर धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और सनातन परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है।



ज्वालापुर गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन बलवंत सिंह चौहान ने कहा कि रामलीला केवल एक नाटक नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति की आत्मा है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी समाज को धर्म और आस्था से जोड़ती रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। रामभक्तों ने 'जय श्रीराम' के गगनभेदी जयकारों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन समिति ने बताया कि आने वाले दिनों में श्रीरामकथा के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा।इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर राज विश्वकर्मा, जगदीश प्रसाद नायक, विनोद सैनी, अमरपाल, अजीत चौहान, राकेश कुमार, संजीव कुमार, किशनलाल, बिजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# कटारपुर में हुई गोलीकांड में घायल की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** कटारपुर गांव में गुरुवार रात रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक को गोली मार दी। मामले में युवक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया गया है। घटना गुरुवार रात की है जब अर्जुन (27) पुत्र सुरेंद्र और अनुज पुत्र पपिन्द्र के बीच कहासुनी हो गई। अनुज ने अचानक तमंचा निकालकर अर्जुन पर फायर झोंक दिया। गोली लगते ही अर्जुन लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन आरोपी मौका लेकर मोके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल अर्जुन को ग्रामीणों की मदद से तत्काल जिला अस्पताल हरिद्वार ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने उसकी हालत को नाजुक बताया है। घटना की जानकारी पाकर पथरी थाना प्रभारी मनोज नौटियाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे ओर अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी घटना की जानकारी जुटाते हुए मौका पर पहुचे। शुक्रवार को अर्जुन की पत्नी मानसी ने पुलिस को युवक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वही, पुलिस आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानो पर दबिश देने में लगी है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया कि शुरुआती जांच में घटना का कारण दोनों युवकों के बीच गालीगलौज व मारपीट सामने आई है। फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

# बाइक-कार की भिड़ंत, बाइक सवार की दर्दनाक हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के गांव शेरपुर स्थित लक्सर हरिद्वार मार्ग पर बाइक व कार की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे मे लेकर पंचनामा भरने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। कार चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार गांव महाराजपुर खुर्द निवासी युवक सन्नी पुत्र सुरेंद्र बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था। लक्सर की ओर से एक कार आ रही थी। दोनो की लक्सर हरिद्वार मार्ग पर ग्राम शेरपुर अड्डे पर आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार सड़क पर लहूलुहान हालात के पड़ा रहा। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुची। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्रवाई करते हुए शव को जिलाअस्पताल पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पुलिस की सूचना देने से पहले ही युवक के परिजन भी घटना स्थल पहुच गए। वही, कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस कार चालक के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है। फेरुपुर चौकी प्रभारी अशोक सिरसवाल ने बताया कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गई है। शव कब्जे में लेकर पंचनामा किया गया। कार चालक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता, प्रान्तीय खंड, लो.नि.वि., हरिद्वार

Phone/Fax No. 01334-227446, E-Mail ID-eepdhar@rediffmail.com

### ई-निविदा सूचना

पंत्राक : 4878/2ए

दिनांक 26/09/2025

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियंता, प्रान्तीय खंड, लोक निर्माण विभाग, हरिद्वार द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग (सिंगल बिड सिस्टम) के अन्तर्गत आईटम रेट के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित सभी सूचना **http://www.uktenders.gov.in** पर दिनांक 29.09.2025 से उपलब्ध होगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के वि0स0 क्षेत्र हरिद्वार के वार्ड नं0 19 खन्नानगर में न्यू हरिद्वार कॉलोनी श्याम बाबू जी के घर के पास सी0सी0 मार्ग पर निर्माण कार्य | 103000.00 | 4000.00+ 18% GST | 3 माह | 90 दिन | मार्ग कार्य में "डी" एवं उच्चतर |

नोट : समस्त नियम व शर्तें ई-निविदा के साथ अपलोड होंगी, जिनका अनुपालन करना अनिवार्य है।

अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो.नि.वि., हरिद्वार



## आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी सत्या माईक्रो हाउसिंग फाईनेन्स प्रा0लि0 शाखा हरिद्वार के उपभोक्ता श्रीमती विजय लक्ष्मी पत्नी श्री नवीन कुमार निवासी कुतुबपुर परगना रूडकी तहसील व जिला हरिद्वार ने एक आवासीय सम्पत्ति जिसका क्षेत्रफल 2602.5 वर्गफुट है, जिसका खसरा नम्बर 47 है, स्थित ग्राम कुतुबपुर, परगना रूडकी तहसील व जिला हरिद्वार में है, को मेरी व्यवहारी से ऋण प्राप्त करके, उक्त सम्पत्ति को मेरी व्यवहारी के पक्ष मे बंधक करना चाहती है। यह कि उपरोक्त सम्पत्ति की श्रंखला में एक मूल दस्तावेज जिसका पंजीकरण बही नं0 1 जिल्द 1011 के पृष्ठ 173 से 186 दस्तावेज संख्या 10576 पर दिनांकित 19.10.2012 जो श्री नाथीराम पुत्र श्री कृष्ण ने श्रीमती रीता रानी पत्नी श्री यशपाल के पक्ष मे उपनिबन्धक कार्यालय हरिद्वार मे निष्पादित किया था। यह कि श्रीमती विजय लक्ष्मी पत्नी श्री नवीन कुमार ने घोषणा की है कि उपरोक्त मूल दस्तावेज संख्या 10576 पर दिनांकित 19.10.2012 कहीं पर गुम हो गये है जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले है। जिसकी गुमशुदगी की सूचना वर्तमान सम्पत्ति मालिक श्रीमती विजय लक्ष्मी पत्नी श्री नवीन कुमार ने सम्बन्धित थाने पर दर्ज करा दी है। यदि किसी बैंक, व्यक्ति या संस्था का उपरोक्त सम्पत्ति को बन्धक रखे जाने के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा है तो नीचे दिये गये पते पर सम्बन्धित दस्तावेज के साथ प्रकाशन के 7 दिनों में मुझसे सम्पर्क करे। इसके बाद कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

सुभाष कुमार एडवोकेट
दुकान नं0 1, गुर्जर धर्मशाला निकट त्यागी कॉम्पलैक्स हरिद्वार, तहसील व जिला हरिद्वार। मोबा0नं0 9719608924



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**डी. एस. वर्मा**
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
मो.: 9411100741

# आपदा से हुई क्षति का आकलन करने पहुंची पीडीएनए टीम

■ भविष्य की पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण योजनाओं के लिए जुटाए गए विभागवार आंकड़े



शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग। मानसून सत्र 2025 के दौरान जनपद रुद्रप्रयाग में अतिवृष्टि एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण विभिन्न विभागीय एवं सार्वजनिक परिसंपत्तियों को व्यापक क्षति हुई है।

आपदा से हुई क्षति का समग्र आकलन एवं आवश्यकताओं के निर्धारण के भारत सरकार की पोस्ट डिजास्टर नीड एससेसमेंट की टीम रुद्रप्रयाग पहुंची। नगर पंचायत सभागार अगस्त्यमुनि में आयोजित बैठक में टीम ने जनपद स्तर पर नामित विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान नोडल अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित क्षति एवं आवश्यकताओं की जानकारी टीम को उपलब्ध कराई। टीम द्वारा विभागवार प्रस्तुत आंकड़ों एवं तथ्यों का संकलन किया गया, जिसे आगामी कार्यवाही के लिये भारत सरकार को प्रेषित किया जाएगा। इस आंकलन के आधार पर भविष्य की पुनर्वास, पुनर्निर्माण एवं आपदा प्रबंधन योजनाओं के निर्धारण में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

जनपद प्रशासन द्वारा टीम को आपदा से प्रभावित क्षेत्रों एवं विभागवार स्थिति की समस्त जानकारी प्रदान की गई तथा यह भी अवगत कराया गया कि आपदा के कारण जहां एक ओर भौतिक संरचनाओं को भारी नुकसान हुआ है, वहीं दूसरी ओर जनजीवन भी व्यापक रूप से प्रभावित हुआ है। इस मौके पर टीम के सदस्य डॉयरेक्टर डॉ. शांतनु सरकार, चीफ साइंटिस्ट डॉ. डीपी कानूनगो, असिस्टेंट प्रोफेसर आईआईटी रुड़की रूपम शुक्ला, प्रेम सिंह नेगी, डॉ अशोक ठाकुर, रानू चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रकाश, मुख्य कृषि अधिकारी लो. केंद्र बिष्ट, लोनिवि अखीमठ ललित कुमार, रीप बीके भट्ट, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ आशीष रावत, पेयजल निगम नवल कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जखोली-मयाली मार्ग पर वाहन दुर्घटना में 8 लोग घायल, 2 गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग। मयाली-जखोली मोटरमार्ग पर जखोली रेंज ऑफिस के समीप एक वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकराया। जिसमें चालक सहित आठ लोग सवार थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस एवं रेस्क्यू टीमों ने घायलों को वाहन से बाहर निकालकर उपचार के लिए सीएचसी जखोली पहुंचाया। जहां दो गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया।



जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह मयाली-जखोली मोटरमार्ग पर मयाली की ओर आ रहा एक वाहन रेंज ऑफिस के समीप अचानक पहाड़ी से जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शुक्र रहा कि वाहन खाई में नहीं गिरा। जिसमें चालक सहित आठ लोग घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस, एसडीआरएफ एवं डीडीआरएफ की टीमों ने राहत खोज बचाव का कार्य शुरू किया। जिसमें चालक सन्त लाल पुत्र मुशी लाल, भादी देवी पत्नी मुंशी लाल, कु अमिशा पुत्री जसपाल लाल, सुकरी देवी पत्नी मंगसीरु लाल, भारती देवी पत्नी राकेश लाल, भागदेई देवी पत्नी सुरेश लाल निवासी जखवाड़ी, ब्लाक जखोली घायल हो गए। जबकि अंगद पुत्र बच्चू लाल एवं रुपदेई देवी पत्नी दिनेश लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 सेवा के माध्यम से सभी घायलों को उपचार के लिए पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जखोली लाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है अन्य की स्थिति सामान्य है।

# पेपर लीक मामले में अगस्त्यमुनि में किया युवाओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

■ युवाओं की मांग पेपर लीक मामले की हो सीबीआई जांच, प्रदर्शन कर हाकम का पुतला किया आग के हवाले

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग। बार-बार पेपर लीक होने से आक्रोशित युवाओं एवं छात्रों ने शुक्रवार को अगस्त्यमुनि में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भारी संख्या में पहुंचे छात्रों एवं युवाओं ने प्रदेश सरकार के साथ ही हाकम सिंह का पुतला दहन किया। इस दौरान छात्रों ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार बार-बार युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रही है।

शुक्रवार को अगस्त्यमुनि में भारी संख्या में छात्र एवं युवा एकत्रित हुये। पीजी कॉलेज से लेकर अगस्त्यमुनि थाने तक युवाओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुये रैली निकाली। इसके बाद मुख्य बाजार अगस्त्यमुनि में एक रैली का आयोजन किया गया।

इस मौके पर छात्र एवं युवाओं ने कहा कि उत्तराखण्ड में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। समय-समय पर पेपर लीक होने से सरकार की नहीं बचा रही है। ऐसे में युवा कुछ समझ नहीं पा रहे हैं। गरीब प्रदेश के युवा व छात्र वर्षों तक मेहनत करके पेपर दे रहे हैं, लेकिन पेपर लीक होने से यहां के युवाओं व छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पेपर लीक एक बार नहीं, बल्कि कई बार हो रहे हैं, लेकिन सरकार इस पर रोक नहीं लगा पा रही है।

सरकार का ध्यान पेपर लीक करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय अपने हक के लिये लड़ रहे युवाओं के आंदोलन को दबाने पर है, लेकिन यह आंदोलन अब बड़ा मुकाम हासिल करके रहेगा। इस दौरान युवाओं ने मुख्य बाजार में प्रदेश सरकार के अलावा आरोपी हाकम सिंह का भी पुतला दहन किया। इस मौके पर छात्र नेता संतोष त्रिवेदी, डॉ आशुतोष भंडारी सहित अन्य मौजूद थे।

# पौधरोपण मातृभूमि के प्रति दायित्व : बी.पी. भट्ट

विकासनगर। नगर पालिका परिषद विकासनगर के तत्वाधान में चल रहे 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत आज पालिका द्वारा क्षेत्र में 'स्वच्छता हरित उत्सव' कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक वार्डों में पौधरोपण किया गया। अधिशासी अधिकारी बी.पी. भट्ट ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे पर्यावरणीय असंतुलन को नियंत्रित करने के लिए पौधरोपण एक श्रेष्ठतम माध्यम है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी बी.पी. भट्ट, सुरेश रावत ब्रांड एम्बेसडर, राज. कुमार जैन, लवलेश शर्मा, गंगा गुरुंग, भारत कालरा, सचिन कुमार, जगमोहन रावत, अनिल गुप्ता, सुनील टांक, अभिषेक, सुभाष कुमार सहित अनेकों पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे।

# दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष पहुंचे डोईवाला



शाह टाइम्स संवाददाता

डोईवाला/देहरादून। दिल्ली विश्व. विद्यालय छात्र संघ (डूसू) के अध्यक्ष आर्यन मान ने आज डोईवाला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव लड़ रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पैनल के उम्मीदवारों से मुलाकात की और उन्हें जीत का मंत्र दिया। कहा कि "छात्र राजनीति राष्ट्र को दिशा तय करती है। एबीवीपी का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण है, इस अवसर पर डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, विकास रावत, सुंदर लोधी, सुरेश सैनी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रकाश कोठारी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष आयुष मल्ल तथा कमल गोला भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्रों की उपस्थिति देखी गई, जिससे यह स्पष्ट है कि छात्र राजनीति में एबीवीपी की पकड़ मजबूत होती जा रही है।

## एक नजर .......

### स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का किया गया आह्वान

विकासनगर। विकासनगर शहर मण्डल अध्यक्ष शुभम गर्ग के द्वारा विक. ासनगर बाजार का भ्रमण कर स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों से मुलाकात कर उनसे स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आवाहन किया। इस अवसर पर नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म के संबंध में उनके साथ संवाद भी किया। विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना न केवल हमारी परंपराओं और स्थानीय उद्योगों को मजबूत करता है बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख नारायण ठाकुर, जिला महामंत्री अमित डबराल, अनिल जैन, अरुण मित्तल, संजय गुप्ता, नीरज अग्रवाल, संजय मित्तल, सबल सहरावत, रचिता ठाकुर, सुमन काशव, सुनीता गुलेरिया, उपासना, मनीष रावत, रोशन नेगी, रोहित पाल, नरेश, आदि मंडल पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### खेल जीवन का अभिन्न अंग: विधायक

विकासनगर। मिनी स्टेडियम शंकरपुर में आयोजित द्वादश जनपद स्तरीय प्रारंभिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में विधायक सहदेव सिंह पुंडीर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है, जो न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक है बल्कि अनुशासन, एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करें और प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। विधायक पुंडीर ने कहा कि राज्य सरकार की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की नीति के तहत निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और युवाओं को मंच उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण स्तर से लेकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक खिलाड़ी अपनी पहचान बना सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रति. निधि, शिक्षकगण, अभिभावक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### 20 जरूरतमंद छात्राओं को नि:शुल्क शिक्षा के उपलक्ष्य में वितरित किए प्रमाणपत्र

विकासनगर। कास इंडिया सोसायटी की ओर से एसएसबीएम जैन गर्ल्स इंटर कॉलेज की 20 जरूरतमंद छात्राओं को नि:शुल्क कोचिंग शिक्षा प्रदान किए जाने के उपलक्ष्य में प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर के राकेश कोहली ने छात्राओं को सफलता के लिए प्रेरित किया और जीवन में मेहनत व ईमानदारी को आधार बनाने का संदेश दिया। वहीं, अंग्रेजी प्रवक्ता रचना मैम ने भी छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है। विद्यालय की प्राचार्या ने इस पहल की सराहना की। कास इंडिया सोसायटी के निदेशक यमन चौधरी ने बालिकाओं को नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय कदम उठाया है। इस अवसर पर सोसायटी के मेम्बर सागर दास, ध्यान सिंह, आशीष, जानवी चौहान, नीकिता पंवार, शशी थापा, प्रियंका, आरूषी, साहिल राना, रोहित, मुस्कान, पलक, मोहित, सचिन आदि शामिल रहे।

### जौनसार बावर समिति ने सीमांत विद्यालय को भेंट किए कम्प्यूटर व शिक्षण सामग्री

चकराता। दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जौनसार बावर जनजाति कल्याण समिति, दिल्ली ने शुक्रवार को सीमांत गांव गोठाड़ स्थित प्राथमिक विद्यालय को दो कम्प्यूटर व आवश्यक शिक्षण सामग्री प्रदान की। इस पहल से विद्यालय के बच्चों को तकनीकी शिक्षा की ओर बढ़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान समिति सदस्यों ने छात्र-छात्राओं को नोटबुक व लेखन सामग्री भी वितरित की। समिति के चेयरमैन रतन सिंह रावत ने कहा कि संगठन का लक्ष्य जौनसार बावर क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक शैक्षणिक साधनों से जोड़ना है, ताकि वे प्रतियोगी दौर में पीछे न रह जाएं। समिति के पूर्व अध्यक्ष विद्यादत्त जोशी ने बताया कि यह अभियान दो दिवसीय है और अगले चरण में क्षेत्र के अन्य विद्यालयों को भी शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष माया राम शर्मा, सचिव सुल्तान सिंह चौहान, राजेन्द्र तोमर, तिलक राम शर्मा, दिनेश वर्मा, पूर्व प्रधान सूरत राम डोभाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य अंशुल चौधरी सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे।

# चेक बाउंस मामले में 10 साल बाद दोषमुक्त हुए देवर-भाभी

शाह टाइम्स संवाददाता

डोईवाला/ऋषिकेश संवाददाता। चेक बाउंस के दो मुकदमों में अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन ऋषिकेश अभिषेक कुमार मिश्र ने 10 साल बाद देवर भाभी को दोषमुक्त कर दिया है। उच्चतम न्यायालय अधिवक्ता अभिनव शर्मा निवासी डांडी रानीपोखरी ने बताया कि परिवादी राजेंद्र सजवान ने रामस्वरूप व भुनेश्वरी देवी पर दो अलग अलग मुकदमे चेक बाउंस के 2015 में किए थे। जिसमें रामस्वरूप पर तीस लाख व भुनेश्वरी देवी पर तेहरा लाख पचास हजार का किया था। उन्होंने बताया कि 2015 से अभी तक इस मामले में 10 साल लग गए है मगर अब जाकर इसमें न्याय मिला है। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने यह माना कि परिवादी द्वारा वाद पत्र में किए गए कथनों को सिद्ध नहीं कर पाया है जिस कारण न्यायालय द्वारा इन दोनों मामलों को खंडित करते हुए दोनों अभियुक्तों को दोषमुक्त कर दिया है। अधिवक्ता अभिनव शर्मा ने कहा कि जब भी किसी के साथ कोई अन्याय होता है तो उसको एक आस होती है कि न्यायालय उसके साथ इंसाफ जरूर करेगा। उन्होंने कहा कि भले ही न्यायालय देरी से अपने निर्णय देता है मगर न्यायालय सच का साथ देता है। भले ही इन मामलों में निर्णय 10 बाद आया हो मगर आज सच की जीत हुई है और न्यायालय में आज झूठ हार गया है।

# राष्ट्रीय चरित्र निर्माण पर व्याख्यान का आयोजन

■ विद्यार्थियों को देशभक्ति पर आधारित किताबें पढ़ने की दी गई प्रेरणा



शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। शिवालिक एकेडमी में 'राष्ट्रीय चरित्र निर्माण' विषय पर विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुभारती यूनिवर्सिटी के संस्थापक एवं शिक्षाविद डा. अतुल कृष्ण ने शिरकत की।

कार्यक्रम में डा. अतुल कृष्ण ने विद्यार्थियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय को अंत्योदय योजना, शहीद आशा राम त्यागी के सिद्धांतों से अवगत कराया। उन्होंने पंचशील के आदर्शों, स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग और देशभक्ति नारों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अच्छे संस्कार और राष्ट्र के प्रति सम्मान अचानक नहीं आते, बल्कि वह धीरे धीरे जीवन का हिस्सा बनते हैं। साथ ही उन्होंने बच्चों को देशभक्ति पर आधारित किताबे पढ़ने की प्रेरणा भी दी ताकि उनमें राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की भावना गहरी हो सके।

इस अवसर पर एसजीआरआर कालेज सहसपुर के पूर्व प्रधानाचार्य डा. रविंद्र सैनी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और भ्रष्टाचार से दूर रहने पर बल दिया।

इस अवसर पर सुभारती अस्पताल के ओएसडी बलवंत बोरा, रवि मित्तल, विद्यालय प्रबंधक सोमदत त्यागी, प्रधानाचार्य रजनी त्यागी, व छात्र छात्राएं और शिक्षक मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने कोटी ढलानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही पर खोला मोर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

विकासखंड विकासनगर के कोटी ढलानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात महिला चिकित्सक की लाप. रवाही से नाराज ग्रामीणों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) देहरादून से शिकायत की है। ग्राम प्रधान कल्पना कोली के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि स्वास्थ्य केंद्र में तैनात महिला चिकित्सक समय पर ड्यूटी पर नहीं पहुँचती, जिससे मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि महिला चिकित्सक मरीजों के साथ गलत आचरण करती हैं, दवाओं की जगह उन्हें धमकाया जाता है। यही कारण है कि लोग इलाज के लिए विक. ासनगर या अन्य अस्पतालों का रुख करने को मजबूर हैं। आरोप है कि चिकित्सक सप्ताह में केवल 1-2 दिन ही उपस्थित रहती हैं, जबकि शेष समय अनुपस्थित रहती हैं। शिकायत करने वालों में विनोद कुमार, संजय कुमार, सुनील रौछेला, डॉ. तुमन सिंह, पूरन चंद, महिपाल, अजय कुमार, श्याम सिंह, रोहित नौटियाल, भगत सिंह चौहान, मनोज कुमार, हेमलता, पूनम देवी, नन्दिता देवी, भूपेंद्र रावत, संदीप सकलानी सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे। सीएमओ ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अगले चार दिनों में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।



# राम भरत मिलन की लीला देख लोगों की आंखों में आए आंसू

विकासनगर। सरस्वती कला मंच विकासनगर की लीला में कैकई भरत संवाद, कौशल्या भरत संवाद में राम भरत मिलन की लीला का आयोजन किया गया। राम भरत मिलन की लीला को देखकर लोगों की आंखों में आंसू आ गए और वह भाव विभोर हो गए। जब भरत को कैकेईपुर में उनके मामा बताते हैं की आपको तुरंत अयोध्या बुलाया है भरत शत्रुघ्न सहित अयोध्या पहुंचते हैं और उन्हें किसी अनहोनी घटना का एहसास होता है तो वह सीधा महल में अपनी माता कैकेई के पास पहुंचते हैं और उनसे पूछते हैं मैया महल में क्या हुआ है तब उनकी माता कहती है मैंने सब कुछ ठीक कर रखा है।

# डंपर चालाक को दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग। विगत वर्ष फरवरी माह में बद्रीनाथ हाईवे पर सम्राट के होटल के निकट एक स्कूटी सवार को टक्कर मारने के आरोप में डंपर चालक को दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा के अलावा दस हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है।

दरअसल, दो फरवरी वर्ष 2024 को बद्रीनाथ हाईवे पर एक डंपर ने रुद्रप्रयाग निवासी संदीप सेमवाल की स्कूटी को टक्कर मार दी थी। हादसे में स्कूटी सवार संदीप सेमवाल की पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई थी। जिसके बाद आरोपी डंपर चालक रवि मुर्म के खिलाफ रुद्रप्रयाग कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज जतिन मितलत ने अभियुक्त रवि मुर्म को धारा 279, 304ए के तहत दोषी पाते हुये दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा तथा दस हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर अभियुक्त को दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

राज्य सरकार की ओर से मामले की पैरवी सहायक अभियोजन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह नेगी ने की।

# राजस्व विभाग व भूमि बंदोबस्त की टीम ने किया वन भूमि का सर्वे

शाह टाइम्स संवाददाता

डोईवाला बार एसोशिएशन की मांग पर प्रशासन ने न्यायालय परिसर निर्माण के लिए लगभग 9 बीघा भूमि का शुक्रवार को सयुक्त सर्वे किया गया, जिसकी रिपोर्ट अब जिलाधिकारी और डीएफओ देहराद. ून को प्रेषित की जाएगी। न्यायालय परिसर के लिए जमीन का सर्वे होने पर बार संघ डोईवाला के अध्यक्ष अजय बहुगुणा ने हर्ष व्यक्त किया। भूमि के सर्वे में नायब तहसीलदार राजेन्द्र रावत, भूमि बंदोबस्त के अधिकारी व वन विभाग लच्छीवाला के वन दरोगा इंदेद्र बड़थ्वाल, के साथ बार एसोशिएशन डोईवाला के सदस्य अधिवक्ता जसविंदर सिंह, मनीष लोधी, विनोद नेगी, यशपाल और सुशील कुमार मौजूद थे। बार संघ अध्यक्ष अजय बहुगुणा ने कहा कि लंबे समय से अधिवक्ताओं की मांग थी कि डोईवाला में न्यायालय परिसर में के लिए भूमि दी जाए जो मांग अब पूरी होने के कगार पर है।

डोईवाला के भानियावाला में तहसील के सामने सी पेट संस्थान के पास 9 बीघा भूमि के लिए डोईवाला बार संघ लगातार प्रयास रत और प्रशासन के साथ पत्राचार किया जा रहा था, अब उपलब्ध भूमि का सर्वे होने से जल्दी भूमि का आवंटन होने की उम्मीद है।

# खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

चकराता। विकास खण्ड चकराता के मिनी स्टेडियम क्वांसी में चल रही ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का जनजाति सलाहकार परिषद उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री गीता राम गौड़ ने किया।



ब्लॉक खेल समन्वयक मातवर सिंह राणा एवं ब्लॉक अध्यक्ष संगीता चौहान के नेतृत्व में प्रतियोगिता का संचालन किया गया। चकराता ब्लॉक के सभी संकुलों के प्राथमिक व जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने खो-खो, कबड्डी, ऊँची कूद, लंबी कूद, चक्का फेंक, 50, 100, 200 व 400 मीटर दौड़, योगाभ्यास व अन्य खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में संकुल हाजा ने ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि गौड़ ने बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करते हुए एक माह का वेतन 51,000 प्रतियोगिता आयोजन के लिए प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर ब्लॉक खेल समन्वयक मातवर सिंह राणा, सह-खेल समन्वयक रमेश शर्मा एवं श्याम सिंह राणा, संरक्षक संगीता चौहान, कोषाध्यक्ष सैन सिंह रावत व भजन लाल शाह, मंत्री डॉ. हेमवती नंदन भट्ट, डॉ. सुरेन्द्र आर्यन, दीवान सिंह, कुन्दन सिंह, अंजुल चौधरी, बचन सिंह, नन्दीया आर्य, योगेश, श्याम लाल, मोहन लाल नौटियाल, भगत सिंह, हुकम सिंह, हिमांशु सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# क्षेत्रवासियों ने की पेपर लीक घटना की सीबीआई से जांच कराने की मांग

■ मुख्य सचिव को प्रेषित किया ज्ञापन



शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। जौनसार बावर सहिया तहसील कालसी के क्षेत्रवासियों ने मुख्य सचिव उत्तराखंड को पेपर लीक की घटना की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है।

मुख्य सचिव को प्रेषित ज्ञापन में क्षेत्रवासियों ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटना से हमारे बच्चों का भविष्य सीधे सीधे प्रभावित हो रहा है। कहा कि इस तरह की घटना से बच्चों का शिक्षा व रोजगार के प्रति मनोबल टूटता जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने मुख्य सचिव से आग्रह किया कि सूबे की जनता के भरोसे को कायम रखते हुए इस घटना की सीबीआई से जांच कराई जाए, ताकि हमारे बच्चों का सरकार पर भरोसा बना रहे। ज्ञापन सौंपने वालों में विरेंद्र सिंह, देवीलाल, श्रीचंद शर्मा, प्रवीन रावत, विवेक चौहान, ग्राम प्रधान पानू गुड्डू, बलबीर आदि शामिल रहे।

# विंटर सीजन से पहले मसूरी में सभी मूलभूत सुविधाओं को करें दुरुस्तः जोशी

**कैबिनेट मंत्री ने मसूरी से लौटते समय अतिवृष्टि से हुए नुकसान देहरादून - मसूरी मार्ग के पुनर्निर्माण कार्यों का भी लिया जायजा**

**कैबिनेट मंत्री ने मसूरी में पटरी व्यापारियों एवं आपदा प्रभावित के करीब 280 लोगों को राशन किट भी की वितरित**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/ मसूरी।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को मसूरी के गांधी चौक स्थित हवा घर में लोक निर्माण विभाग, पेयजल निगम, जल संस्थान, वन विभाग और एमडीडीए के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मंत्री ने आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों, पेयजल लाइन, विद्युत एवं सीवर लाइन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के जल्द से जल्द सुधार के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विंटर सीजन शुरू होने से पहले सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह तक सभी मरम्मत एवं सुधार कार्य पूर्ण कर लें। पेयजल समस्या को लेकर उन्होंने जल संस्थान और पेयजल निगम को पाइपलाइन की शीघ्र मरम्मत और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक के बाद मंत्री जोशी ने पटरी व्यापारियों एवं आपदा प्रभावित के करीब 280 लोगों को राशन किट भी वितरित की। इसके उपरांत उन्होंने मसूरी में एबीवीपी के प्रत्याशियों से भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी लौटते समय अतिवृष्टि से हुए नुकसान देहरादून - मसूरी मार्ग के पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा भी लिया और अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से युद्ध स्तर पर पुनर्निर्माण के कार्यों के करने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, मोहन पेटवाल, सतीश ढौंडियाल, आशीष राणा, अरविन्द सेमवाल सहित सभी सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अधेड़ कैदी की मौत

**हल्द्वानी।** हत्या के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे एक 52 वर्षीय अधेड़ की गंभीर बीमारी के बाद सुशीला तिवारी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक राम आसरे मूलरूप से खटीमा के निवासी था और पिछले 24 वर्षों से सितारगंज सेंट्रल जेल में बंद थे। बताया जा रहा कि राम आसरे ने 24 साल पहले जमीनी विवाद में अपने ही परिवार के एक सदस्य की हत्या कर दी थी, जिसके बाद 302 धारा के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया। हाल ही में अदालत ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई थी। पिछले कुछ वर्षों से वह टीबी जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित था और उनका इलाज ऋषिकेश एम्स, सितारगंज अस्पताल व सुशीला तिवारी में चल रहा था। बताया जा रहा कि बीते गुरूवार की रात्रि उसे जेल में अचानक खून की दो बार उल्टियां होने पर सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया, जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। मेडिकल चौकी प्रभारी बीएस मेहता ने बताया कि मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम किया गया, जिसमें कारागार और स्थानीय पुलिस भी मौजूद थी।

# पीएम-किसान सम्मान निधि : उत्तराखंड के किसानों के खाते में 157 करोड़ ट्रांसफर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिव. राज सिंह चौहान ने शुक्रवार को नई दिल्ली से उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब राज्यों के किसान परिवारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पीएम-किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त अग्रिम रूप से जारी की।

इस योजना के अंतर्गत देश के 27 लाख से अधिक किसानों को ध्540 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में भेजी गई।

उत्तराखंड के किसानों को भी इस योजना का लाभ मिला है। प्रदेश के 7,89,297 पात्र किसानों को 157.86 करोड़ रुपये की धनराशि उनके खातों में हस्तांतरित की गई। अब तक पीएम-किसान योजना की पूर्व की 20 किश्तों में राज्य के किसानों को कुल 3,295.74 करोड़ रुपये की सहायता मिल चुकी है।

राज्य के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सचिवालय से आयोजित इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से उत्तराखंड में आई दैवीय आपदाओं के कारण कृषि एवं उद्यान क्षेत्र में हुए व्यापक नुकसान की भरपाई के लिए 100 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता की मांग भी की। जिस पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार शीघ्र प्रस्ताव भेजे, भारत सरकार उसकी प्राथमिकता के आधार पर संस्तुति करेगी।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली केंद्रीय कैबिनेट में किसान सम्मान निधि के लिए हस्ताक्षर किए। यह इस बात का प्रतीक है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं और पीएम-किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है।

इस अवसर पर सचिव कृषि एसएन पांडेय, कृषि महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान, डायरेक्टर दीप्ति सिंह, निदेशक कृषि परमाराम, बागवानी मिशन निदेशक महेंद्र पाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दून में 12वां सतत पर्वतीय विकास शिखर सम्मेलन शुरू

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** इंटीग्रेटेड माउंटेन इनिशिएटिव ने आयोजित 12वां सतत पर्वतीय विकास शिखर सम्मेलन शुक्रवार को दून विश्वविद्यालय के डॉ. दयानंद सभागार में शुरू हुआ। दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन उत्तराखंड के वन, भाषा और तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री सुबोध उनियाल ने दीप प्रज्वलित करके किया।

उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. अनिल कुमार गुप्ता , रुड़की दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल; जी.बी. पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान (अल्मोड़ा) के निदेशक डॉ. आई.डी. भट्ट; आईएमआई अध्यक्ष और पूर्व आईएएस अधिकारी रमेश नेगी; आईएमआई सचिव रोशन राय और आईएमआई कोषाध्यक्ष बिनिता शाह ने भाग लिया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि उनियाल ने हिमालयी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, जो भारत की लगभग 60 प्रतिशत जल आपूर्ति करता है, जबकि यह लगातार जलवायु आपदाओं का सामना कर रहा है। उन्होंने इस वर्ष मानसून के कारण हिमालयी राज्यों में जान-माल के भारी नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की और एक समन्वित, प्रकृति-अनुकूल और समुदाय-संचालित विकास योजना का आह्वान किया। उन्होंने जोर दिया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी को ऐसी योजना का आधार बनना चाहिए, लेकिन यह स्थानीय समुदायों की सीधी भागीदारी के बिना सफल नहीं हो सकती। उन्होंने कहा, ष्हमारा जल, वन और भूमि जीवन का आधार हैं। स्थानीय निवासियों का प्रकृति के साथ गहरा बंधन हमेशा इसके संरक्षण और सतत उपयोग दोनों को सुनिश्चित करता रहा है। उत्तराखंड के उदाहरणों का हवाला देते हुए, उनियाल ने बताया कि बद्रीनाथ और केदारनाथ मंदिरों में चढ़ावा चढ़ाने के लिए स्थानीय समुदायों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# बजरंग सेतु का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे महाराज

**गऊ घाट व आस्था पथ के निर्माण कार्यों का भी लिया जायजा**

**ऋषिकेश।** प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने टिहरी के विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर में

लक्ष्मणझूला पुल के निकट जनसुविधाओं के दृष्टिगत बन रहे 132.30 मीटर स्पान के वैकल्पिक बजरंग सेतु के निर्माण का स्थलीय निरीक्षण किया।

महाराज ने शुक्रवार को टिहरी के विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर में सन 1929 में निर्मित लक्ष्मणझूला पुल के निकट जनसुविधाओं के दृष्टिगत 68 करोड़ 86 लाख 20 हजार की लागत से बन रहे 132.30 मीटर स्पान के वैकल्पिक बजरंग सेतु के निर्माण का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इसमें काफी कार्य पूर्ण हो चुका है व दोनो ओर सेतु की पेन्टिग का कार्य भी प्रगति पर है और शीघ्र ही यह पुल बनकर तैयार होगा और स्थानीय लोगों एवं तीर्थयात्रियों को आवागमन में इसका लाभ प्राप्त होगा।

महाराज ने इस दौरान मुख्यमंत्री घोषणा के तहत एसएएससीआई 2024-25 मद के तहत 1219.93 लाख की लागत से बनने वाले नरेन्द्रनगर विकास खण्ड के तपोवन क्षेत्र में लक्ष्मणझूला के डाउन स्ट्रीम में सच्चाधाम घाट (गऊ घाट) एंव आस्था पथ के निर्माण कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 100 मीटर लम्बाई एंव 18 मीटर चौडाई में घाट का निर्माण किया जाना है तथा घाट से लगे आस्था पथ को 300 मीटर लम्बाई व 7 मीटर चौडाई में बनाया जाना है। घाट व आस्था पथ पर विधुत की समुचित ब्यवस्था के लिये लाईट आदि के कार्य किये जाने है। लोक निर्माण एवं सिंचाई मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह इस कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करें।

# महापौर ने किया स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

**स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत, नगर निगम देहरादून में आयोजित शिविर में 203 लोगों ने उठाया लाभ**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को नगर निगम देहरादून में निःशुल्क विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ नगर निगम के महापौर सौरभ थपलियाल द्वारा किया गया।



शिविर में दून मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध कराई गयी। शिविर में कुल 203 लाभार्थियों द्वारा चिकित्सा सेवाओं का लाभ प्राप्त किया है। लाभार्थियों में नगर निगम के पर्यावरण मित्र, कर्मचारी एवं उनके परिजन तथा क्षेत्रीय लोगों ने सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, मनोरोग विशेषज्ञ आदि चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई गयी। इसके अतिरिक्त गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, परिवार नियोजन परामर्श, किशोरी स्वास्थ्य परामर्श, रक्त जांच सेवाएं, निःशुल्क औषधि सेवाएं, दिव्यांग प्रमाण पत्र सेवा, टी.बी. जांच, रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर महापौर सौरभ थपलियाल ने कहा कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से न सिर्फ जरूरतमंदों को निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं और योजनाओं का लाभ मिल पायेगा बल्कि स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त होगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने लाभार्थियों से मुलाकात की और स्वास्थ्य टीम से मिलकर उनके कार्य की प्रशंसा की।

इस अवसर पर नगर आयुक्त नमामी बंसल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकार डॉ निधि रावत, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश चौहान, दून मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सक, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की स्वास्थ्य टीम, रक्तदान, टी.बी., वेक्टर जनित रोग कार्यक्रम, गैर संचारी रोग कार्यक्रम के कर्मचारियों सहित आशा कार्यक्रम के कर्मचारी एवं कार्यकत्रियां उपस्थित रही।

# जयंती पर मनमोहन सिंह को अर्पित की श्रद्धांजलि

**हल्द्वानी।** कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की जयंती पर शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में कालू सिद्ध मंदिर के पास जरूरतमंदों को जूस के पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान डा. मनमोहन सिंह के योगदान को याद करते हुए राजेंद्र सिंह बिष्ट, राजेंद्र सुयाल और जसविंदर भसीन ने कहा कि डा. सिंह न केवल एक ईमानदार और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व थे, बल्कि उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से सशक्म्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को एक ऐसा प्रधानमंत्री दिया, जिसकी ईमानदारी और नीतियों को आज भी पूरा देश याद करता है। इस मौके पर जूस वितरण कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह बिष्ट, राजेंद्र सुयाल, जसविंदर भसीन, इसाक खान, चंद्र मोहन सिंह, जीवन सिंह, संभल करण आदि मौजूद रहे।

**टाटा कैपिटल लिमिटेड**

TATA

टावर ए, 11वीं मंजिल, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर पैरल, मुंबई महाराष्ट्र-400013, शाखा पता: 09वीं मंजिल, वीडियोकॉन टॉवर, ब्लॉक ई-1, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली- 110055.

**अचल संपत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**
**(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) आर/डब्ल्यू नियम 9(1) के अंतर्गत)**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के अंतर्गत नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पढ़ा गया।**

**ऋण खाता नंबर 21344607 पुनर्गठित ऋण खाता नंबर TCFLA0374000011058948: मेसर्स एचडीआईएनएन ट्रेडर्स**

सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल लिमिटेड (टीसीएल) एक गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी है और कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित है और इसका पंजीकृत कार्यालय पेनिनसुला बिजनेस पार्क, टॉवर ए, 11वीं मंजिल, गणपतराव कदम मार्ग लोअर परेल, मुंबई-400013 और **उत्तरखण्ड** में अन्य स्थानों के बीच एक शाखा कार्यालय ("शाखा")। दिनांक 24.11.2023 के आदेशों के तहत, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) मुंबई ने ट्रांसफरर्स और टाटा कैपिटल के रूप में टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ('टीसीएफएसएल') और टाटा क्लीनटेक कैपिटल लिमिटेड ('टीसीएफएसएल') के बीच व्यवस्था की योजना को विधिवत मंजूरी दे दी है। लिमिटेड ("टीसीएल") को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 66 और अन्य लागू प्रावधानों के साथ पठित धारा 230 से 232 के प्रावधानों के तहत हस्तांतरिती के रूप में ("उक्त योजना')। इसके संदर्भ में, टीसीएफएसएल और टीसीसीएल (ट्रांसफरर कंपनियां) अपने उपक्रम के साथ सभी संपत्तियों, परिसंपत्तियों, परिसंपत्तियों, अधिकारों, लाभ, ब्याज, कर्तव्यों, दायित्वों, देनदारियों, अनुबंधों, समझौतों के साथ एक चालू चिंता के रूप में टीसीएल में विलय कर चुकी हैं। प्रतिभूतियाँ 01.01.2024 उक्त आदेश और योजना के अनुसरण में, टीसीएफएसएल द्वारा निष्पादित सभी सुविधा दस्तावेज और उनके संबंध में सभी बकाया आवेदक कंपनी को हस्तांतरित कर दिए गए और इस प्रकार टीसीएल इसके संदर्भ में (उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं) से दावा करने का हकदार है।

आम जनता को तथा विशेष रूप से नीचे दिए गए उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो **टाटा कैपिटल लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार/टीसीएल)** के पास बंधक है, जिसका कब्जा टाटा कैपिटल लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **30 अक्टूबर, 2025 को "जहां है जैसा है" और "जो है जैसा है और जो कुछ भी है पर कब्जा लिया गया है, तथा बिना किसी सहारे के आधार पर" बेची जाएगी।**

जबकि सुरक्षित ऋण की वसूली के लिए सुरक्षित परिसंपत्ति की बिक्री की जानी है और **चूंकि ऋण खाता नंबर 21344607 के तहत पुनर्गठित ऋण खाता नंबर TCFLA0374000011058948 के तहत 24 सितम्बर 2025 तक ऋणकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं/गारंटरों से रु. 4,41,81,283/- (रु. चार करोड़ इकतालीस लाख इक्यासी हज़ार दो सौ तिरासी मात्र) की राशि बकाया, (1) मैसर्स एचडीआईएनएन ट्रेडर्स**, एचडीआईएनएन कॉम्प्लेक्स हरिद्वार बाईपास रोड, देहरादून-248001, **(2) मौ. अहमद** पुत्र हसनोद्दीन **(3) मौ. ज़मा खान, (4) खुशनुमा खान** पत्नी मौ. ज़मा खान, **(5) मौ. बिलाल खान, सभी का पता:** लेन सी-7, टर्नर रोड क्लेमेंट टाउन, देहरादून-248002, **(6) मौ. अकमल,** लेन सी-7, 417 टर्नर रोड, भारू वाला ग्रांट, क्लेमेंट टाउन, देहरादून - 248002 **इसके अलावा:** कारगी ग्रांट, बंजारावाला, देहरादून - 248001, **(7) शमा खान** पत्नी मो. अकमल खान, कारगी ग्रांट, बंजारावाला, देहरादून - 248001, और **(8) शारोज खान** पत्नी अहमद सी-7/13, टर्नर रोड क्लेमेंट टाउन, देहरादून-248001.

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि बिक्री में किसी भी प्रकार के स्थगन/विराम के अभाव में उक्त संपत्ति को टीसीएल द्वारा **30 अक्टूबर, 2025** को अपराह्न **2.00 बजे** ई-नीलामी द्वारा बेचा जाएगा, जिसका शाखा कार्यालय **09वीं मंजिल, वीडियोकॉन टॉवर, ब्लॉक ई-1, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 में है।** संपत्ति की खरीद के लिए सीलबंद ई-नीलामी ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट के साथ **टाटा कैपिटल लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **29 अक्टूबर, 2025 को शाम 5.00 बजे** तक प्राप्त की जाएगी।

| सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण | कब्जे का प्रकार रचनात्मक / भौतिक | आरक्षित राशि (रु.) | बयाना राशि (रु.) |
|---|---|---|---|
| वह समस्त निचला भू-तल क्षेत्रफल 122 वर्ग मीटर तथा ऊपरी भू-तल क्षेत्रफल 107.48 वर्ग मीटर, वाणिज्यिक परिसर जिसे लोकप्रिय रूप से "एचडीआईएनएन" के रूप में जाना जाता है, जिसमें भूमि नंबर 1695 (फसली 1417 से 1422) खसरा संख्या 290 मिन (पुराना खसरा संख्या 429 और 430) तथा खसरा संख्या 447 में शामिल, मौजा माजरा, परगना पछवा दून, जिला देहरादून, जिसके उपहार विलेख दिनांक 26.09.2018 को श्रीमती फातिमा शमरोज खान पत्नी मोहम्मद अहमद ज़मा के पक्ष में है। उक्त सीमाऐं: पूर्व: मोहम्मद ज़मा एवं अन्य की संपत्ति, पश्चिम: मोहम्मद इमरान की संपत्ति उत्तर: श्री जायसवाल की संपत्ति दक्षिण: हरिद्वार बाईपास रोड | भौतिक | रु. 1,69,02,000/- (रु. एक करोड़ उनहत्तर लाख दो हज़ार मात्र) | रु. 16,90,200/- (रु. सोलह लाख नब्बे हज़ार दो सौ मात्र) |

बिक्री के लिए रखी जाने वाली संपत्ति का विवरण अनुसूची में है। ऊपर वर्णित सुरक्षित संपत्ति के अंदर या भीतर पड़ी चल वस्तुएं/घरेलू सामान सुरक्षित संपत्ति के साथ बिक्री के लिए तब तक उपलब्ध नहीं होंगे जब तक कि नीलामी बिक्री नोटिस में विशेष रूप से इसका वर्णन न किया गया हो। यदि पूर्वोक्त देय राशि, ब्याज और लागत (बिक्री की लागत सहित) "प्राधिकृत अधिकारी" को सौंप दी जाती है या उसके संतोष के लिए सबूत दे दिया जाता है कि ऐसे सुरक्षित ऋण, ब्याज और लागत की राशि का भुगतान कर दिया गया है, तो बिक्री भी रोक दी जाएगी। बिक्री के समय, आम जनता को व्यक्तिगत रूप से अपनी बोली प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। हालांकि, इस बिक्री के संबंध में कोई कर्तव्य निभाने वाला कोई भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति, सीधे या परोक्ष रूप से, बेची गई संपत्ति में कोई भी हित प्राप्त करने, प्राप्त करने या प्राप्त करने का प्रयास नहीं करेगा। बिक्री SARFAESI अधिनियम, 2002 के तहत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। ई-नीलामी **30 अक्टूबर, 2025** को **अपराह्न 2.00 बजे से अपराह्न 3.00** बजे के बीच पोर्टल **https://BidDeal.in** के माध्यम से 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ होगी।संपत्ति की खरीद के लिए प्रस्तुत सभी बोलियों के साथ ऊपर उल्लिखित बयाना राशि, "**टाटा कैपिटल लिमिटेड**" के पक्ष में **दिल्ली** में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में संलग्न होनी चाहिए। संपत्ति का निरीक्षण **17 अक्टूबर, 2025** को सुबह **11 बजे से शाम 5 बजे** के बीच किया जा सकता है।

"**भार:** यहाँ वर्णित संपत्ति की नीलामी बिक्री **एसए संख्या 44 ऑफ 2025 के अधीन है, जिसका डायरी नंबर 130/2025 है, जिसका शीर्षक मेसर्स एचडीआईएनएन ट्रेडर्स और अन्य बनाम टाटा कैपिटल लिमिटेड (एनडीओएच 19.08.25) है,** जो वर्तमान में डीआरटी देहरादून में लंबित है और उस पर निर्णय लिया गया है। पक्ष स्वीकार करते हैं कि उक्त संपत्ति डीआरटी देहरादून के समक्ष चल रही कानूनी कार्यवाही का विषय है, और न्यायालय/ट्रिब्यूनल द्वारा जारी किए गए किसी भी परिणाम या निर्देशों का कानून के अनुसार सख्ती से पालन किया जाएगा। सफल बोलीदाता इस प्रकार संपत्ति को उसकी वर्तमान कानूनी स्थिति में स्वीकार करने के लिए सहमत होता है, यह समझते हुए कि संपत्ति को प्रभावित करने वाले किसी भी भार या देनदारियों को नीलामी के बाद बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा। इसके अलावा, बोलीदाता संपत्ति की कानूनी स्थिति और भार के बारे में अपने स्वयं के उचित परिश्रम करने की आवश्यकता को स्वीकार करता है और इससे उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे के खिलाफ विक्रेता को क्षतिपूर्ति करने के लिए सहमत होता है।

**नोट: इच्छुक बोलीदाता टाटा कैपिटल लिमिटेड से मोबाइल नंबर +91-8691005238/ प्राधिकृत अधिकारी श्री देवराज सिंह, ईमेल, Id:devraj.singh@tatacapital.com और मोबाइल नंबर +91-9312316519 पर संपर्क कर सकते हैं।**

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए कृपया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें **http://www.tatacapital.com/content/dam/tata- capital/pdf/e-auction/tcfsl/2nd-E-Auction-Newspaper-Publication-Hdinn-Traders-TCFLA0374000011058948.pdf**

स्थान- नई दिल्ली
दिनांक: 27.09.2025

एसडी/-, प्राधिकृत अधिकारी,
टाटा कैपिटल लिमिटेड।

# आधुनिक स्वीपिंग मशीन से देहरादून की सड़कें साफ करेगा निगम

**मुख्यमंत्री ने किया वैक्यूम बेस्ड रोड स्वीपिंग मशीन का फ्लैग ऑफ**

**देहरादून।** नगर निगम क्षेत्र में सड़कों की सफाई के लिए अब नए प्रकार की आधुनिक स्वीपिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाएगा। जिससे सड़के चकाचक चमकदार हो जाएंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नगर निगम, देहरादून द्वारा संचालित वैक्यूम बेस्ड रोड स्वीपिंग मशीन का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देहरादून को साफ सुथरा आधुनिक शहर बनाने की दिशा में नगर निगम देहरादून के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्मार्ट तकनीक आधारित यह पहल राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के उद्देश्यों को साकार करने में सहायक सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून को स्वच्छ एवं प्रदूषण रहित बनाने के लिए तकनीक के माध्यम से सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा बेड़े में शामिल की गई उन्नत मशीनों से सड़कों की नियमित सफाई अधिक प्रभावी और तेजी से होगी। साथ ही धूल व प्रदूषण के स्तर में कमी आएगी, जिससे आमजन को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री ने नगर निगम एवं संबंधित विभागों से आह्वान किया कि देहरादून शहर को स्वच्छ, सुंदर और हरा - भरा बनाए रखने के लिए इन गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। इस अवसर पर मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, नगर आयुक्त नमामि बंसल एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बीएलओ ड्यूटी से मुक्त रखे जाएं शिक्षक

**हल्द्वानी।** शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी में लगाए जाने पर उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने विरोध जताया है। संगठन का कहना है कि इससे पहले से ही शिक्षकों की कमी से जूझ रही प्रारंभिक शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा। जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और सरकारें शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने के आदेश दे चुकी हैं, बावजूद इसके उन्हें बीएलओ बनाया जा रहा है। रामनगर विकासखंड में शिक्षकों को ड्यूटी पर लगाए जाने से भ्रम की स्थिति है। इस पर संगठन की रामनगर शाखा ने अध्यक्ष दिनेश मनराल के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी और तहसीलदार से मुलाकात कर आपत्ति दर्ज कर ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों ने मांगों पर संभव कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में मनीता कटारिया, संजय कुमार, मनोज मोहन, नंदराम, सौरभ कुमार समेत कई शिक्षक शामिल रहे।

## स्कूलों की टाइमिंग न बदलने की मांग

**हल्द्वानी।** मैदानी क्षेत्रों में लगातार जारी भीषण गर्मी को देखते हुए वर्तमान समय सुबह पौने नौ बजे से दोपहर एक बजे तक 15 अक्टूबर तक जारी रखे जाने की मांग को लेकर उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षा संगठन के पूर्व जिलामंत्री डिकर सिंह पडियार ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। शनिवार को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि अक्टूबर से विद्यालयों का समय सुबह सवा नौ बजे से दोपहर साढ़े तीन तक निर्धारित है।

# पेपर रद्द कर सीबीआई जांच हो

**तिकोनिया बुद्ध पार्क में दूसरे दिन भी डटे रहे छात्र, युवा**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में यूकेएसएसएससी पेपर लीक प्रकरण को लेकर कुमाऊं के छात्र-युवा और प्रभावित अभिभावक निर्णायक मोड़ पर पहुंच गए हैं। देहरादून में शुरू हुए आंदोलन के बाद शुक्रवार को हल्द्वानी में लगातार दूसरे दिन भी युवाओं का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने उत्तराखंड सरकार से सीबीआई जांच, स्नातक-स्तरीय परीक्षा के तत्काल रद्दीकरण तथा आयोग के पुनर्गठन की मांग की है। शुक्रवार को तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र कोरंगा का आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन की शुरुआत हनुमान चालीसा के पाठ से हुई। दोपहर करीब तीन बजे सैकड़ों युवाओं ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा। पीएम को भेजे गए ज्ञापन में परीक्षा में पारदर्शिता, सीबीआई जांच, परीक्षा रद्द करने और आयोग भंग कर पुनर्गठन की मांग रखी गई। प्रदर्शनकारियों ने सरकार, आयोग और परीक्षा व्यवस्था को एम-सील (डैमन्स) का पैकेट भेजकर व्यंग्यपूर्ण विरोध किया। परीक्षा में लीक को बंद करने के लिए इस प्रतीकात्मक कदम का उद्देश्य भ्रष्ट तंत्र पर 'सील' लगाने का था। परीक्षार्थी धीरज कुमार ने बताया कि 'एम-सील' सरकार की कार्यप्रणाली पर व्यंग्य है, जो लीक के स्तर को दर्शाता है। उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के भूपेंद्र कोरंगा ने कहा, जब सरकार और आयोग लीकेज रोकने में नाकाम हैं, तो उन्हें एम-सील भेजकर यह याद दिलाना जरूरी है कि लीक कैसे बंद होती है। युवा एकता मंच के संयोजक पीयूष जोशी ने कहा कि हर बार सवालपत्र लीक होने की वजह से अब 'एम-सील' ही अंतिम उपाय बचता है। धरना स्थल पर छात्रों ने नारे लगाए जैसे पेपर हो या पाइपलाइन, सब जगह लीकेज! सरकार ले लो एम-सील का पैकेज! नौकरी चाहिए पारदर्शी, आयोग को चाहिए एम-सील भारी। युवाओं ने इस आंदोलन को सोशल मीडिया पर भी जोरदार समर्थन दिया। छात्रा उपाध्यक्ष ज्योति दानू ने कहा कि यह कोई मजाक नहीं, बल्कि व्यवस्था पर गंभीर व्यंग्य है। युवा पार्षद शैलेंद्र दानू ने सरकार से अपील की कि वह केवल धरनों पर पुलिस न भेजे, बल्कि लीक कराने वालों पर सख्त कार्रवाई करे। किसान मंच के प्रदेश अध्यक्ष कार्तिक उपाध्याय ने चेताया कि अगर मांगों को अनदेखा किया गया तो आंदोलन और तेज होगा।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरमाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी0आईएन0 सं0: U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट: www.ujvnl.com
UJVNL

पत्र सं0: 755 दिनांक: 26/09/2025

**ई-निविदा तिथि विस्तार सूचना-01**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण), तिलोथ विद्युत गृह, उत्तरकाशी द्वारा आमंत्रित ई-निविदा सं0- 07/अ0अ0(अनु0)/2025-26 को प्राप्त करने एवं खोलने की तिथि निम्नवत् विस्तारित की जाती है :-
पोर्टल पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: 08.10.2025, 16:00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि: 10.10.2025, 16:00 बजे तक।
पोर्टल पर निविदा खोलने की तिथि: 13.10.2025,16:00 बजे।
पात्रता एवं शेष शर्तें यथावत रहेंगी। अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://uktenders.gov.in देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (अनु0)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय 'उज्ज्वल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरमाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGCO25866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com
UJVNL

पत्रांक-751 **निविदा सूचना** दिनांक- 26/09/2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (परीक्षण), विद्युत भवन, डाकपत्थर देहरादून इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है । निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
**निविदा सं0-1) 09/ईई( परीक्षण )/डाकपत्थर /2025-26, 2) 10/ईई(परीक्षण )/डाकपत्थर / 2025-26**
**कार्य का नाम:** 1) छिबरो विद्युत गृह(4x60M) की सभी इकाइयों का परीक्षण से संबंधित वार्षिक रखरखाव के कार्य हेतु। 2) छिबरो विद्युत गृह में जी०एस०एम० नेटवर्क एवं नेटवर्क बूस्टर का उन्नयन एवं पुनःस्थापन एवं इंटर कोम नेटवर्क का एमआईवी फ्लौर तक के विस्तार का कार्य।
**अनुमानित लागत :** 1) ₹12,26,800.00 . (जीएसटी अतिरिक्त।), 2.₹2,47,490.00 - (जीएसटी अतिरिक्त।),
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 27.09.2025 17:00 बजे
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 18.10.2025 को 13:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधिशासी अभियन्ता (परीक्षण), डाकपत्थर।**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

## तारावती इंस्टीट्यूट में फार्मेसी दिवस पर रक्तदान व डेंटल चेकअप शिविर का आयोजन

# चिकित्सक व मरीज के बीच की कड़ी फार्मासिस्टः पंकज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** श्रीमति तारावती इंस्टीट्यूट ऑफ बायो मेडिकल एंड एलाइड साइंसेज रुड़की में रोटरी क्लब रूड़की अपर गंगा व इंडियन फार्मासिस्ट ग्रेजुएशन एसोसिएशन उत्तराखंड राज्य शाखा द्वारा के सहयोग से विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर व डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन रूड़की-रोटरी क्लब रूड़की अपर गंगा व इंडियन फार्मासिस्ट ग्रेजुएशन एसोसिएशन उत्तराखंड राज्य शाखा द्वारा श्रीमति तारावती इंस्टीट्यूट ऑफ बायो मेडिकल एंड एलाइड साइंसेज रुड़की के सहयोग से विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान व डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ इंडियन फार्मासिस्ट ग्रेजुएशन एसोसिएशन उत्तराखंड राज्य शाखा के अध्यक्ष व इंस्टीट्यूट के संस्था निदेशक डॉ पंकज शर्मा, प्राचार्या डॉ शम्मी चड्ढा, डॉ यथार्थ गोयल, डॉ वृति गोयल जनता ब्लड बैंक प्रभारी दीक्षित सैनी द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में छात्रा ऋतिका नामदेव, शगुन त्यागी द्वारा फार्मासिस्ट के दायित्व के बारे में विस्तार से प्रेजेंटेशन दी। छात्र मोहम्मद कैफ द्वारा सभी को फार्मासिस्ट की शपथ दिलाई गई।

संस्था निदेशक व अध्यक्ष (आईपीजीए उत्तराखंड राज्य शाखा) डॉ पंकज शर्मा जी ने बताया कि विश्व फार्मासिस्ट दिवस इसलिए मनाया जाने का उद्देश्य लोगों को फार्मासिस्ट की भूमिका के प्रति जागरूक करना है । इसकी शुरुआत वर्ष 2009 में इंटरनेशनल फार्मास्युटिकल फेडरेशन द्वारा की गई। डॉ पंकज शर्मा द्वारा फार्मासिस्ट की चिकित्सा विभाग में भूमिका के बारे में कहा कि फार्मासिस्ट चिकित्सक और मरीज के बीच की कड़ी हैं , नई दवाइयों के शोध के कार्य में , दवाइयों के निर्माण में, दवाइयों की टेस्टिंग व गुणवत्ता नियंत्रण कार्य में , दवाइयों के वितरण और भंडारण में, थोक व खुदरा मेडिकल स्टोर्स पर, दवाइयों के मुख्य सलाहकार के तौर पर व चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग का अभिन्न अंग है फार्मासिस्ट।

कार्यक्रम में रक्तदान शिविर जनता ब्लड बैंक रुड़की के सहयोग से 42 यूनिट्स ब्लड एकत्रित किया गया इसके साथ डेंटल



चेकअप कैंप में डॉ यथार्थ गोयल व डॉ वृति गोयल द्वारा सभी छात्र छात्राओं की नि:शुल्क दांतों की जांच की गई। श्रीमति तारावती इंस्टीट्यूट रुड़की में विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर फार्मेसी से संबंधित रंगोली , पोस्टर, बोतल पेंटिंग, फेस पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी प्रतियोगिता में जितने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब रुड़की अपर गंगा द्वारा श्रीमति तारावती इंस्टीट्यूट रुड़की के शिक्षकों (प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर) को रोटरी इंटरनेशनल जिला 3080 के रोटरी नेशनल बिल्डर अवॉर्ड 2025 से सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक विजय अरोड़ा, दीपक सैनी, चित्रा गुप्ता , सुनीता रानी, क्लब उपाध्यक्ष रोटेरियन माणिक्य वाधवा , मयंक अग्रवाल, शिवम खन्ना, मंथन माहेश्वरी, अकाश अग्रवाल, मोहमद काशिफ , अक्षय कुमार , अवि सैनी, चंदन सैनी , निशांत अंजुम, गौरव शर्मा, शाहरुख खान, दीपक कांबोज, अजय कुमार, अमित शर्मा व समस्त स्टाफ सदस्य एवं समस्त छात्र छात्रा उपस्थित रहे।



## 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस ने अवैध नशा तस्कारों के खिलाफ छापेमारी करते हुए दो नशा तस्कर गिरफ्तार किए हैं उनसे 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने बताया कि नशीले पदार्थो की अवैध तस्कारी बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर छापेमारी करते हुए दो नशा तस्कारों को गिरफ्तार किया गया उनके कबजसे 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।

पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम अर्जुन पुत्र इलमचंद निवासी गगदासपुर कोतवाली लक्सर नीटू पुत्र मिलक राज निवासी ग्राम उप्रोक्त बताए है। उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी नीरज रावत कांस्टेबल महेंद्र सिंह अनिल वर्मा राजेंद्र सिंह पीआरडी राजेश कुमार शामिल रहे पकड़े गए हुए व्यक्तियो के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## रुड़की के प्रेम नगर में खुला टर्फ स्टेडियम

# पूर्व कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानंद ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने इंडोर टर्फ स्टेडियम का उद्घाटन किया। जिसमें खिलाड़ी क्रिकेट, फुटबॉल और बैडमिंटन का प्रयास कर सकेंगे। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह स्टेडियम मोदी के खेलो इंडिया के नारे को साकार करने का काम करेगा।

रुड़की के प्रेम नगर में चौंपियंस टर्फ स्टेडियम का उद्घाटन करने पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया का नारा दिया था जिसे साकार करने का काम इस प्रकार का स्टेडियम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यभार संभालने के कुछ दिन बाद ही खेल नीति बनाने का काम किया था जिसका लाभ खिलाड़ियों को मिला। वही प्रदेश में हुए राष्ट्रीय खेलों में भी उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अब इस प्रकार के स्टेडियम खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे और वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शहर और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। मेयर अनीता अग्रवाल एवं विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए राज्य और केंद्र सरकार लगातार कार्य कर रही है। खिलाड़ियों को खेल के लिए उचित प्लेटफार्म मिले तो वह अंतराष्ट्रीय पटल तक शहर का नाम चमका सकता है। स्टेडियम संचालक देवांश चौधरी ने कहा कि इस टर्फ स्टेडियम में क्रिकेट फुटबॉल और बैडमिंटन का प्रयास खिलाड़ी कर सकेंगे और उन्हें बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास हमारा है। इस अवसर पर माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, बार कौंसिल ऑफ उत्तराखंड के पूर्व अध्यक्ष अमरपाल राठी,गन्ना समिति के निदेशक सुशील राठी,जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी,राज सिंह चौधरी,अक्षय प्रताप सिंह, विश्वतोष राठी,कुणाल सैनी,दक्ष राठी,विनीत चौधरी,लीला सिंह आदि मौजूद रहे।

# सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में कर्मचारी ने लगाई फांसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में एक कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान आदेश त्यागी (59) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से तांशीपुर कोतवाली मंगलौर का निवासी था।'

आत्महत्या के कारण आदेश त्यागी ने सुसाइड नोट में आरोप

**❖सुसाइड नोट में अपने विभाग के कर्मचारियों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप**

लगाया है कि विभाग के कुछ कर्मचारी और अधिकारी उनके खिलाफ गलत अफवाहें फैला रहे थे, जिससे वे परेशान थे। आदेश त्यागी का तीन महीने बाद रिटायरमेंट होने वाला था।'पुलिस कार्रवाई'सिविल लाइन कोतवाल मनीष उपाध्याय ने बताया की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दीपक रामचंद सेठ ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।'मानसिक दबाव और तनाव'इस तरह की घटनाएं अक्सर मानसिक दबाव और तनाव के कारण होती हैं।

# दलदल में फंसी नीलगाय का वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के सोलानी नदी में नील गाय फस गई थी जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर 4 घंटे की कड़ी मेहनत करते हुए नील गाय का रेस्क्यू किया और उसको सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

वन रेंज अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि सूचना मिली थी के एक नीलगाय सोलानी नदी में दलदल में फंस गई है उस सूचना पर तुरंत ही वन विभाग की टीम को लेकर मौके पर पहुंचे और तुरंत ही हैड्रा मशीन मंगवाई और सोलानीपुल पर खड़ा करके दलदल में फसी नील गाय को वन विभाग की टीम के द्वारा दलदल में ही रस्सा बांधकर हैड्रा की मदद से ऊपर उठाया गया और उसको ले जाकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया तब जाकर नीलगाय की जान बची आम जनता के द्वारा वन विभाग की टीम की तारीफ करते हुए कहा की जिस तरह से 4 घंटे कड़ी मेहनत करते हुए वन विभाग की टीम ने दलदल में फसी नीलगाय का रेस्क्यू किया है यह बहुत ही तारीफ है काबिल है वन विभाग की टीम में वन क्षेत्र अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी अनीश कुमार सैनी सुमित कुमार सैनी रोहित सैनी गुरजंट सिंह भंवर सिंह चौधरी शामिल रहे।

## कलियर में बिकने वाले सोहन हलवे की अवधि हुई खत्म

# बिक्री जारी रहने से दरगाह को हो रहा भारी वित्तीय नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक में बिकने वाले सोहन हलवा की अवधि समाप्त होने के बाद भी बिक्री जारी है। जिससे दरगाह की आय को भारी नुकसान हो रहा है। जिससे दरगाह प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

दरगाह साबिर पाक में बिकने वाले सोहन हलवा की बिक्री के लिए दरगाह की ओर नीलामी की जाती है।जिससे दरगाह को लाखों रुपये की आय होती है। ठेकेदार दरगाह से सोहन हलवा की नीलामी छुड़ाता है।उसके बाद दरगाह क्षेत्र में सोहन हलवा बिकता है। उर्स से पहले सोहन हलवा की अवधि समाप्त हो गई थी। उर्स के दौरान दरगाह प्रशासन ने सोहन हलवा की बिक्री के लिए दुकानें डेलीवेज किराए पर दी थी।उर्स खत्म होने के बाद उनकी भी अवधि समाप्त हो गई थी।उसके बावजूद भी दरगाह क्षेत्र में सोहन हलवा की बिक्री जारी है।जिससे दरगाह की आय को भारी नुकसान हो रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि समयावधि समाप्त होने के बावजूद बिक्री का जारी रहना दरगाह प्रबंधन की मिलीभगत या लापरवाही को दर्शाता है। इससे न केवल नियमों का उल्लंघन हो रहा है बल्कि ठेका व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचन्द्र शेट का कहना है कि जो भी दुकानें नियमविरुद्ध संचालित हो रही है।उन्हें जल्द ही बंद कराया जाएगा।नीलामी जल्द की जाएगी।

# चेयरमैन मनोज सैनी व स्वामी श्रद्धानन्द ने किया विद्यालय के स्थापना दिवस का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** स्वामी दयानन्द सरस्वती विद्यालय ने शुक्रवार को अपना 10वां आराधना दिवस मनाया। इस अवसर पर स्वामी श्रद्धानन्द मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ इमलीखेड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी स्वामी श्रद्धानन्द दीप प्रज्वलन एवं पूज्य स्वामी के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन मीना नौटियाल एवं चेतना मेहता ने किया। स्वागत भाषण में प्राचार्य ने पूज्य स्वामी के मिशन एवं एम फॉर सेवा फाउंडेशन के कार्यों पर प्रकाश डाला। रतन रॉय ने स्वामी के जीवनवृत्त और उनके योगदानकर्ता की व्याख्या करते हुए शिक्षा की भूमिका पर जोर दिया। वहीं प्रधानचार्य गिरीश चंद्र उनियाल और राजेश नौटियाल ने एम फॉर सेवा के उद्देश्यों एवं प्रबंध न्यासी शीला बालाजी के जीवन से प्रेरणा साझा की। कार्यक्रम में छात्रों ने भजन, गढ़वाली और राजस्थानी लोक नृत्य, स्वागत गीत, नुक्कड़ नाटक, योग प्रदर्शन तथा नन्हे बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी।आखिर में संयोजक सीमा सत्यूवाली ने भावपूर्ण धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन एम फॉर सेवा एंथम एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर सहकारी समिति के निवर्तमान चेयरमैन अनिल पाल रोहित बिजल्वाण,प्रशांत सक्सेना,शीशपाल,सोनिया सैनी, पियूष शामिल रहे।

# मंगलौर पुलिस ने किया अवैध गैस चोरी का खुलासा, 23 सिलेंडर पकड़े

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली पुलिस ने अवैध गैस चोरी के बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए एक कैप्सूल और 23 सिलेंडर पकड़े गए। जबकि मौके से आरोपी भागने में कामयाब रहे।

मंगलौर क्षेत्र में पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत बुध वार रात कार्रवाई करते हुए गैस चोरी के एक बड़े कैप्सूल और 23 सिलेंडरों को जब्त किया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए कैप्सूल से अवैध तरीके से सिलेंडरों में गैस ट्रांसफर की जा रही थी। यह गोरखधंधा लंबे समय से चल रहा था। कुछ दिन पहले प्रशासनिक टीम ने भी गैस प्लांट इलाके में कार्रवाई की थी, लेकिन अब कोतवाली पुलिस ने इस पूरी प्रक्रिया को रोकने और दोषियों को सजा दिलाने में अहम सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार, मौके से तीन आरोपी फरार हो गए हैं, जबकि अन्य संदिग्धों की पहचान और धरपकड़ के लिए छानबीन की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस नेटवर्क में कई और लोग शामिल हो सकते हैं, जो अवैध गैस की सप्लाई और रिफिलिंग में सक्रिय हैं। इस बड़ी कार्रवाई से न केवल इलाके में अवैध कारोबार पर अंकुश लगा है, बल्कि जनता के लिए सुरक्षित और कानूनी आपूर्ति सुनिश्चित करने का संदेश भी गया है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत कोतवाली को दें और सुरक्षा में सहयोग करें।

## दो पक्षों में संघर्ष पुलिस कर रही मामले की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के मेहवड कलां गांव में दो पक्षों में विवाद हो गया।पुलिस एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पिरान कलियर क्षेत्र के मेहवड कलां निवासी पिंकल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 सितंबर को वह अपने घर पर बच्चों के साथ काम कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी कासि उर्फ विकास, रोमित, मोनू, महरबंद समेत अन्य लोग घर में घुस आए और गाली गलौज शुरु कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसके साथ और उसकी पत्नी और बच्चों पर हमला कर दिया। हमले में उसके सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गए। आरोप है कि आरोपितों ने जान से मारने की धमकी देते हुए घर में तोड़फोड़ की कोशिश भी की।आरोपी परचून की दुकान की आड़ में अवैध शराब भी बेचते हैं। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

# रिया ने राष्ट्रीय स्तरीय गोला फेंक प्रतियोगिता में हासिल किया तीसरा स्थान, हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की की रिया पाल ने राष्ट्रीय स्तरीय गोला फेंक प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। घर वापस आने पर रिया का परिजनों एवं क्षेत्र लोगों ने सम्मान किया। रिया ने बताया कि वह भविष्य में अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी कर रही है।

रुड़की के मोहनपुर निवासी रिया पाल ने बताया कि 36 वीं नॉर्थ जोन जूनियर एथलेटिक चैंपियन शिपका आयोजन 23 से 25 सितंबर तक प्रयागराज में किया गया था। जिसमें उन्होंने उत्तराखंड की ओर से प्रतिभाग किया। रिया पाल ने बताया कि उन्होंने नौ मीटर दूरी पर गोला फेंककर इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान पाया है। रिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता निर्देश पाल, माता संगीता एवं कोच राहुल बाबू को दिया है। वहीं रिया का घर पहुंचने पर स्वागत किया गया। पार्षद प्रतिभा पाल एवं भाजपा नेता देवराज पाल ने कहा कि रिया ने शहर और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है और पूर्ण विश्वास है कि आने वाले समय में वह अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन करेगी। इस अवसर पर मुकेश पाल,मयंक पाल,सोमपाल चौधरी,मनोज चौधरी, अवि गुप्ता,साजिद,मोनू एवं वेदपाल उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता रवि राणा के प्रस्ताव पर

# रुड़की- लक्सर-बालावाली मार्ग पर डिवाइडर व लाइट का काम शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भाजपा नेता रवि राणा के प्रस्ताव पर बाल वाली वे लक्सर मार्ग पर लाइट वी डिवाइड का काम शुरू हो गया हैयह प्रस्ताव रवि राणा द्वारापूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक के जरिएसरकार को दिया गया था।

जानकारी के अनुसार रवि राणा ने बताया कि मेरे द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर रुड़की लक्सर-बालावाली मार्ग पर डिवाइडर और लाइट का कार्य लोक निर्माण विभाग (एनआईएच) द्वारा शुरू कर दिया गया है। यह प्रस्ताव मैंने पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' जी को दिया था। उनके अथक प्रयासों और मेरे प्रस्ताव को गंभीरता से लेने के कारण आज यह कार्य संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि मैंने जो संकल्प लिया था कि संकल्प एक, ढण्ढेरा सर्वश्रेष्ठ



"उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए आप सबको जल्द ही दिवाली पर एक चमकता हुआ नया स्वरूप देखने को मिलेगा।

# भगवानपुर विधायक ने मोहितपुर में सड़क व सिकरौढा में निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** क्षेत्र स्थित मोहितपुर गाँव में राज्य योजना से सड़क का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक ममता राकेश ने किया। इस दौरान विधायक ममता राकेश ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांवों के मुख्य मार्गों को संवारा जा रहा है। क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित है। आम जनता की समस्याओं के समाधान करने को लेकर तत्पर है। भगवानपुर विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति वे संकल्पित हैं। प्रत्येक तबके को विकसित करना ही उनकी प्राथमिकता है।

वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के सिकरोढ़ा गाँव में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक ममता राकेश ने किया। स्वास्थ्य शिविर का लोगों ने लाभ उठाया। इस दौरान फारूक प्रधान, सोनू, अजजू, मरगूब, सलीम, सुहैल, जहांगीर, मोहित, शकील, इसरार व राव सुभान, राव सहजाद,



मिर्जा, राव यावर, राव मुने खा, शब्बीर आदि मौजूद रहे।

# राज्य चुनाव आयोग से हाईकोर्ट तक गरमाया रहा मामला

## आयोग ने कानून की अवहेलना की , हाईकोर्ट के निर्देश को नजरअंदाज किया



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड पंचायत चुनावों में फर्जी वोटिंग और दोहरी वोटर लिस्टिंग के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए शुक्रवार को राज्य चुनाव आयोग पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि आयोग ने न सिर्फ कानून की अवहेलना की बल्कि हाईकोर्ट के निर्देश को भी नजरअंदाज किया। शुक्रवार को आए सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को लेकर उत्तराखंड की सियासत में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। क्योंकि पंचायत चुनावों में दोहरी वोटिंग को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग से लेकर नैनीताल हाईकोर्ट तक माहौल गरमाया रहा।

### दोहरी वोटिंग और कांग्रेस हमलावर

इस मामले में कांग्रेस सरकार पर हमलावर हो गई है, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा जनवरी में हुए नगर निकाय चुनाव में भाजपा ने कथित तौर पर अपने समर्थकों के नाम गांव से शहर की वोटर लिस्ट में शिफ्ट करवाए। इसका मकसद था शहरी निकाय चुनावों में फर्जी वोटिंग कर राजनीतिक लाभ उठाना। चुनाव खत्म होते ही उन्हीं लोगों के नाम वापस ग्रामीण इलाकों की वोटर लिस्ट में जोड़े जाने लगे ताकि मई-जून के पंचायत चुनाव में भी फायदा मिल सके। कांग्रेस ने इसका विरोध किया, क्योंकि वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए कम से कम 6 महीने तक उसी पते पर निवास का नियम लागू है। इसलिए शहर की वोटर लिस्ट में मौजूद कई वोटरों ने अपने नाम गांव में भी दर्ज करा लिए। ऐसे कई लोगों को भाजपा ने पंचायत चुनाव में टिकट दिया।

### हाईकोर्ट का हस्तक्षेप

इस मामले को युवा पत्रकार शक्ति सिंह बर्त्वाल पंचायत चुनावों से ठीक पहले उत्तराखंड हाई कोर्ट लेकर पहुंचे थे। अदालत ने चुनाव आयोग को सख्त निर्देश दिया कि उत्तराखण्ड पंचायत राज एक्ट 2016 की धारा 9(6) और 9(7) के अनुसार दोहरी वोटर लिस्ट वाले उम्मीदवारों का नामांकन रद्द किया जाए, मगर चुनाव आयोग ने हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना की और ऐसे प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने की अनुमति दे दी। जिसमें कई भाजपा प्रत्याशी थे।

### सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो सुनवाई में अदालत ने पाया कि आयोग ने न सिर्फ अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाने में लापरवाही की बल्कि हाईकोर्ट के आदेश की भी अवमानना की। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग पर 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया और कहा कि ऐसी लापरवाही लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सीधा प्रहार है।

# जीएसटी बचत उत्सव के तहत पटेल नगर के दुकानदारों से मिले सीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को देहरादून के पटेलनगर में 'जीएसटी बचत उत्सव' के उपलक्ष्य में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान व्यापारियों एवं आम लोगों से भेंट कर जी.एस.टी. की घटी दरों के लाभ के बारे में फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आर्थिक सुधारों का नया दौर शुरू हुआ है और जीएसटी की दरों में कमी से समाज में सभी वर्गों के जीवन को खुशहाल बनाने की ऐतिहासिक पहल हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी की नई दरों से उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती होने से आम लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने व्यापारियों से जीएसटी की घटी दरों के बारे में ग्राहकों को पूरी जानकारी देने का आग्रह भी किया। इस दौरान स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर प्रदेश एवं देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का भी आह्वान किया। जीएसटी का यह उत्सव आगामी दीपावली के पर्व के दौरान आम लोगों के जीवन और कारोबार में उल्लास भरेगा। इस दौरान विधायक विनोद चमोली, राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहिला, भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# युवाओं के आंदोलन में अपनी वैतरिणी पार करने की जुगत में है कांग्रेस : चौहान



## युवाओं से किया आग्रह, एसआईटी कर रही जांच , धैर्य बनाएं रखें

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि कांग्रेस सेवा और समर्पण के साथ ही जनता से दूर हो चुकी है और अब सत्ता तक पहुँचने के लिए शॉर्ट कट अपना रही है। इसके लिए वह बेरोजगारों के आंदोलन का सहारा ले रही है, लेकिन जनता उसकी मंशा को जानती है।

चौहान ने कहा कि हरिद्वार के सेंटर मे नकल की शिकायत के बाद जिस तरह कार्यवाही चल रही है वह स्वाभाविक है, क्योंकि किसी भी माफिया को बखष्शा नही जायेगा। उन्होंने कहा कि मात्र 3 वर्ष में रिकॉर्ड 25 हजार नियुक्तियां होना, सिर्फ पारदर्शी और ईमानदार प्रक्रिया से ही संभव है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि दुर्भाग्य से जो एक घटना सामने आई है, उस पर पर एसआईटी गठित कर न्यायिक जांच की जा रही है। लिहाजा थोड़ा समय जांच के लिए दिया जाना स्वाभाविक है, शुरुआत में ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। मुख्यमंत्री युवाओं के भविष्य के लिए कृत संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं।

कांग्रेस के धरने को नौटंकी बताते हुए उन्होंने कहा कि राज्य गठन से अब तक जितनी गैर कांग्रेसी सरकारें रही वह सवालों के घेरे मे रही और घपले तथा घोटाले सामने आते रहे। उन्होंने कहा कि विपक्ष पर्दे के पीछे से युवाओं को बरगलाकर, अपना राजनैतिक उल्लू सीधा करना चाहता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में हुए पटवारी और दरोगा भर्ती घोटाले सरकारी सरंक्षण मे हुए।

भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में कांग्रेस का गांधी पार्क पर प्रदर्शन

# कांग्रेस अध्यक्ष का सरकार पर पेपर चोरों को संरक्षण का आरोप

■ 'पेपर चोर, गद्दी छोड़, वोट चोर, गद्दी छोड़' के नारेबाजी से गूंजा गांधी पार्क



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** पेपर लीक कांड पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार की घेरा. बंदी तेज कर दी है। राजधानी देहरादून के गांधी पार्क में धरना देते हुए कांग्रेस ने साफ कहा कि अगर जांच हाई कोर्ट जज की निगरानी में सीबीआई से नहीं कराई गई तो 3 अक्टूबर को मुख्यमंत्री आवास का घिराव किया जाएगा।

उत्तराखंड में विगत रविवार को हुई यूके ट्रिपल एससी परीक्षा पेपर लीक मामले पर भाजपा सरकार पर हमलावर प्रदेश कांग्रेस ने अपने आंदोलन को धार देते हुए शुक्रवार को पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर धरने आयोजित कर जिलाधिकारियों के माध्यम से राज्यपाल लेफ्टीनेंट जनरल गुरमीत सिंह को ज्ञापन भेजे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने सीधे मुख्यमंत्री धामी पर वार करते हुए कहा, भाजपा सरकार पेपर लीक माफिया को बचा रही है। नकल विरोधी कानून महज दिखावा है। या तो कानून वीक है, या सरकार वीक है, वरना पेपर लीक नहीं होता। माहरा ने युवाओं से आह्वान किया कि भाजपा की निकम्मी और भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकना ही एकमात्र विकल्प बचा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा, अतिक्रमण को लैंड जिहाद, प्यार को लव जिहाद, और अब पेपर लीक को नकल जिहाद बताना भाजपा की ओछी चाल है। उन्होंने कहा कि भाजपा युवाओं के आंदोलन को तोड़ने और बदनाम करने के लिए सांप्रदायिक कार्ड खेल रही है, लेकिन अब युवा बेरा. ेजगार धोखा बर्दाश्त नहीं करेंगे। कहा कि हाकम सिंह हो या संजय धारीवाल या फिर धर्मेंद्र सिंह चौहान सभी भाजपा के लोग हैं और उनको पूरा संरक्षण सरकार व सत्ताधारी दल का है। इस मौके पर पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, पूर्व मंत्री नवप्रभात, पूर्व विधायक ओम गोपाल रावत, अमरजीत सिंह, कर्नल राम रतन नेगी, दिनेश कौशल, डॉ. जसविंदर सिंह गोगी, जगदीश धीमान, विकास नेगी, विशाल मौर्य, अनुसूा. चत जाति विभाग अध्यक्ष मदन लाल, नवीन जोशी, मनीष नागपाल, सुजाता पॉल, डॉ. प्रतिमा सिंह, शिवानी थपलियाल, मंजू त्रिपाठी, वीरेंद्र पोखरियाल, इताअत खान, आयुष गुप्ता, सुशील राठी, विनोद चौहान, ओम प्रकाश सती, अभिषेक तिवारी, अनिल बस्नेत, विजय शाही, सुनील जायसवाल, ललित भद्री, मोहन काला, शीश पाल सिंह बिष्ट, राजेश पुंडीर, इकराम शाहिद व प्रमोद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# युवा आंदोलन के पीछे कांग्रेसी षड्यंत्र की आशंका: चमोली

## देश विरोधी नारों का सैन्य भूमि से लगाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, विधायक और राज्य आंदोलनकारी विनोद चमोली ने युवा आंदोलन के पीछे कांग्रेसी षड्यंत्र का अंदेशा जताया है। उन्होंने कहा कि जो नारे वहां लगाए जा रहे हैं, उनसे मिलते जुलते नारे राहुल गांधी स्वयं लगाते आए हैं और उनके बड़े स्थानीय नेता तो स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि हम ही इन नारों के जनक हैं। उसमें भी सबसे दुर्भाग्यपूर्ण कश्मीर की घाटी से शुरू हुए देश विरोधी नारों का सैन्य भूमि से लगाया जाना है।

उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वर्तमान में इस पूरे प्रकरण पर न्यायिक जांच चल रही है और इसके नतीजों का सभी को इंतजार करना चाहिए। लेकिन जहां तक सवाल है सीबीआई जांच का तो हमारी पार्टी और सरकार को सीबीआई जांच या किसी भी अन्य जांच से कोई दिक्कत नहीं है। दअरसल हमारी असल चिंता , युवाओं के भविष्य से जुड़ी भर्ती परीक्षाओं की प्रक्रिया बाधित होने से है। क्योंकि सभी जानते हैं कि सीबीआई जांच के बाद तमाम भर्ती प्रक्रियाएं एक दो साल के लिए रुक जाएंगे। ऐसे में प्रदेश के युवाओं का भविष्य और उनका अमूल्य समय बेकार चल जाएगा। फिलहाल हम इसके तमाम तकनीकी पहलुओं और प्रभावों का विशेषण कर रहे हैं। ताकि ऐसे किसी भी निर्णय से युवाओं की प्रगति बाधित न हो।

उन्होंने युवाओं से भी आग्रह किया कि उन्हें सरकार पर भरोसा करना चाहिए। क्योंकि जैसे ही जानकारी प्राप्त हुई तत्काल कार्रवाई की गई, गिरफ्तारियां भी हुई है और न्यायिक जांच की घोषणा भी। अभी 1 महीने का समय दिया गया है सच सामने लाने का और जैसे ही सही तथ्य सामने आ जाएंगे दूसरों पर कठोर ऐक्शन लिया जाएगा। उन्होंने इस पूरे आंदोलन को लेकर चिंता जताई कि जिस तरह की नारेबाजी वहां की जा रही है वह कांग्रेस की भागीदारी को स्पष्ट करता है। वहां पेपर चोर गद्दी छोड़ के जो नारे लग रहे हैं वह पूरी तरह वही है जो कांग्रेस के राहुल गांधी लगातार अपनी सभा में प्रधानमंत्री पर लगाते रहे हैं। पहले वह चौकीदार चोर के नारे लगाते थे फिर वोट कर के नारे लगा रहे हैं और कांग्रेस के स्थानीय नेता हरक सिंह रावत का तो दावा है कि पेपर चोर गद्दी छोड़ का नारा तो उन्होंने स्वयं दिया है।

# भूकंप के प्रति जागरूकता के लिए मॉक ड्रिल कराने की जरूरत

■ मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने वैज्ञानिक संस्थानों से एमओयू को कहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड भूकम्प जोखिम मूल्यांकन एवं शमन के सम्बन्ध में मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में बैठक ली। बैठक में आईआईटी रूड़की और वाडिया हिमालयन भू-विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिक भी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने कहा कि भूकम्प के प्रति संवेदनशीलता की दृष्टि से प्रदेश का एक बड़ा भू-भाग के जोन 5 में है, जिसके कारण यूईआरएएम के उद्देश्य, एक औपचारिक सुरक्षा-संचालित वातावरण तैयार करते हुए भूकंप से होने वाले मानवीय और आर्थिक नुकसान को कम करना पर विशेष फोकस किया जाना चाहिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के लोगों को भूकंप जैसी परिस्थितियों के लिए जागरूक किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को भूकंप के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए भूकंप की मॉक ड्रिल के लिए एक दिन निर्धारित करते हुए नियमित रूप से भूकंप जागरूकता दिवस मनाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इससे भूकंप जैसी परिस्थिति में न्यूनतम मानवीय और आर्थिक नुकसान होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि यूएसडीएमए द्वारा विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों के साथ एक विस्तृत एमओयू किया जाए जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के लिए संस्थानों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि वाडिया संस्थान ग्लेशियर लेक पर काम कर रहा है तो आईआईटी रूड़की भूकम्प जोखिम मूल्यांकन और शमन पर कार्य कर सकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि भूकम्प के प्रति संवे. दनशीलता की दृष्टि से भवन निर्माण के लिए कुछ मापदंड भी निर्धारित किए जाने चाहिए।

# पेपर लीक प्रकरण: एसआईटी ने जांच आगे बढ़ाई

## हरिद्वार और टिहरी में एसआईटी करेगी जन संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा 2025 पेपर लीक-नकल प्रकरण की एसआईटी ने जांच आगे बढ़ा दी है। इसके तहत एस.आई.टी द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के लिए विशेष जन संवाद आयोजित करने जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अंतर्गत आयोजित स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा 2025 में पेपर लीक अथवा नकल संबंधी आरोपों पर शासन , प्रशासन सख्ती से कार्यवाही कर रहा है, एवं नकल संबंधी आरोपों की गंभीरता से जांच हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दिनांक 24 सितंबर को मुख्यमंत्री के निर्देशों पर विशेष अन्वेषण दल यानी एसआईटी का गठन किया गया है।




### एसआईटी द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के लिए विशेष जन संवाद

27 सितंबर 2025 को हरिद्वार जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12:00 बजे से 1:00 बजे तक

29 सितंबर 2025 को टिहरी जिले के कलेक्टर सभागार में दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक

इन संवाद बैठकों में इच्छुक प्रतियोगी अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक प्रतिभाग कर स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा, 2025 से संबंधित अपनी शंकाओ एवं प्रश्नों सहित, यदि उनके पास कोई सूचना हो, तो उसे एसआईटी के समक्ष साझा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जन संवाद बैठकों में परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अनेक अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक, कोचिंग संस्थान व जनसरोकार से सम्बन्धित कोई भी व्यक्ति उपरोक्त प्रकरण से संबंधित प्रश्नों, शंकाओं एवं सूचनाओं के संबंध में स्पष्टता चाहने के साथ ही SIT से प्रत्यक्ष रूप से संवाद भी कर सकता है।



# हड़बड़ाहट में ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बेहद हड़बड़ी में दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका जैसे शक्तिशाली राष्ट्रपति के लिए इस तरह का आचरण बिल्कुल शोभा नहीं देता। एक तरफ भारत व अमेरिका के अधिकारी व्यापारिक डील को लेकर व्यस्त हैं, तो वहीं दूसरी तरफ इस वार्ता का नतीजा आए बिना ही डोनाल्ड ट्रम्प इस तरह की घोषणा कर देते हैं जो रिश्तों को और उलझा देती है। इस समय भारतीय प्रतिनिधिमंडल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गया हुआ है। जहां उसने 22 से 24 सितम्बर तक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और भारत के लिए नामिक अमेरिकी राजदूत सर्जियो के साथ बैठक की। बैठक के बाद दोनों ही पक्षों ने माना है कि समझौते के विभिन्न पहलुओं पर रचनात्मक बैठक हुई। इस बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रांडेड या पेटेंट दवाई पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इतना ही नहीं यह टैरिफ एक अक्टूबर से लागू होने की बात भी कही है। हालांकि यह टैक्स उन कंपनियों पर लागू नहीं होगा जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। जैनरिक दवाओं को अभी इस टैरिफ से बाहर रखा गया है। हालांकि ऐसी आशंका जताई जा रही है कि अगला निशाना जैनरिक दवाइयां भी हो सकती हैं जैसाकि जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट वीके विजय कुमार ने कहा भी है कि भारत जो जैनरिक दवाओं का एक्सपोर्टर है, उसे इससे ज्यादा असर नहीं होगा, लेकिन हो सकता है कि राष्ट्रपति का अगला निशाना जैनरिक दवाएं हों। जैनरिक दवाइयां अमेरिका को एक्सपोर्ट करने वाला भारत सबसे बड़ा देश है। 2024 की ही बात करें तो भारत ने अमेरिका को लगभग 8.73 अरब डॉलर की जैनरिक दवाइयां भेजी। जो भारत के कुल दवा एक्सपोर्ट का 31 फीसदी है। अमेरिका पहले से ही रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर 50 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा चुका है। यहां यह भी याद दिलाना जरूरी है कि 16 सितम्बर को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय का एक दल भारत आया था और उसकी नई दिल्ली में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई थी, उस समय भी यह कहा गया था कि बातचीत बेहद सकारात्मक रही है। तो जब दोनों ही पक्षों के अधिकारी बातचीत को सकारात्मक बता रहे हैं, तो ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति के इस फैसले को समझना बेहद मुश्किल हो जाता है कि आखिर वह क्या चाहते हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समय-समय पर वह प्रशंसा करते दिखाई देते हैं, उन्हें अपना मित्र बताते हैं तो वहीं दूसरी तरफ वह भारत के साथ इस तरह के निर्णय लेने में देर नहीं लगाते जिससे भारत की स्थिति असहज हो जाती है। जाहिर है इस तरह के वातावरण में भारत को बेहद सतर्कता के साथ अमेरिका से ट्रेड के मामले में आगे बढ़ने की जरूरत है।

## भाजपा का दूसरा नाम पेपर चोर



आज भाजपा का दूसरा नाम पेपर चोर है, देशभर में बार-बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की जिंदगी और सपनों को तबाह कर दिया गया है, उत्तराखंड का पेपर लीक कांड इसका ताजा उदाहरण है, लाखों युवाओं ने दिन-रात मेहनत की, लेकिन भाजपा ने चोरी से उनकी पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया, हम लगातार मांग कर रहे हैं कि पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत और पारदर्शी सिस्टम बनाया जाए, लेकिन मोदी सरकार इस पर आंखें मूंदकर बैठी है क्योंकि उन्हें युवाओं की बेरोजगारी की नहीं, बल्कि अपनी सत्ता की चिंता है, बेरोजगारी आज देश की सबसे बड़ी समस्या है और यह सीधे तौर पर वोट चोरी से जुड़ी है. पेपर चोरों को पता है कि अगर युवाओं को रोजगार नहीं भी मिलेगा, तो भी वे चुनाव में वोट चोरी करके सत्ता में बने रहेंगे।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# प्रकृति, संस्कृति और समाज को जोड़ता सतत पर्यटन

पर्यटन केवल मनोरंजन, सैर-सपाटे या विश्राम का माध्यम नहीं है बल्कि यह मानव सभ्यता के विकास में निरंतर योगदान देने वाला एक ऐसा वैश्विक उद्योग है, जिसने संस्कृतियों को जोड़ा, विविधताओं को समझने का अवसर दिया और आर्थिक समृद्धि के साथ सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया। विश्व पर्यटन दिवस 2025 का विषय 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' इसीलिए अत्यंत प्रासंगिक है क्योंकि यह न केवल पर्यटन उद्योग के महत्व को रेखांकित करता है बल्कि यह भी दर्शाता है कि पर्यटन किस प्रकार दुनिया में सकारात्मक बदलाव का वाहक बन सकता है। 'संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन' द्वारा प्रतिवर्ष 27 सितम्बर को मनाया जाने वाला यह दिवस विश्व समुदाय को पर्यटन के बहुआयामी महत्व और इसके दूरगामी प्रभावों पर पुनर्विचार करने का अवसर प्रदान करता है।

पर्यटन का दुनिया की अर्थव्यवस्था में स्थान असाधारण है। वैश्विक स्तर पर यह उद्योग प्रतिवर्ष अरबों डॉलर का राजस्व उत्पन्न करता है और करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्टों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर प्रत्येक दस में से एक नौकरी पर्यटन से जुड़ी है। विकसित देशों के साथ-साथ विकासशील राष्ट्रों की अर्थव्यवस्था में भी यह एक प्रमुख आधार स्तंभ के रूप में कार्य करता है। भारत की बात करें तो यह क्षेत्र देश की जीडीपी में लगभग 10 प्रतिशत योगदान देता है और सीधे या अपरोक्ष रूप से पांच करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। विश्व पर्यटन दिवस का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह हमें केवल आर्थिक आंकड़ों की चमक पर नहीं बल्कि उन सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों पर भी ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करता है, जिन्हें पर्यटन उद्योग के सतत विकास के लिए प्राथमिकता देना आवश्यक है।

पर्यटन सामाजिक समानता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। जब एक यात्री किसी दूसरे देश, राज्य या संस्कृति से जुड़ता है तो यह केवल यात्रा नहीं होती बल्कि यह संवाद, सहअस्तित्व और समझदारी का अवसर बनती है। एक ओर यह यात्रियों को नए अनुभव और दृष्टिकोण प्रदान करता है तो दूसरी ओर स्थानीय समुदायों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली को साझा करने का अवसर देता है। यही कारण है कि पर्यटन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और पारंपरिक कलाओं, शिल्प और रीति-रिवाजों को पुनर्जीवित करने में मदद करता है। कई बार जो कला या परंपरा लुप्त होने के कगार पर होती है, वह पर्यटन के कारण नए जीवन का संचार प्राप्त करती है। विश्व पर्यटन दिवस 2025 का केंद्रीय विचार पर्यटन की परिवर्तनकारी शक्ति है और यह परिवर्तन तभी संभव है, जब पर्यटन विकास के केंद्र में स्थिरता, लचीलापन और सामाजिक समानता को रखा जाए। आधुनिक समय में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियां पर्यटन के समक्ष सबसे बड़ी बाधाएं बनकर उभरी हैं।



पर्यटन का अत्यधिक और अनियंत्रित विकास कई बार प्राकृतिक पारिस्थितिक संतुलन को बिगाड़ देता है। पर्वतीय क्षेत्रों में अत्यधिक पर्यटकों का दबाव ग्लेशियरों और प्राकृतिक संसाधनों पर प्रतिकूल असर डालता है, समुद्र तटों पर अनियंत्रित पर्यटन समुद्री जीवन को खतरे में डालता है और ऐतिहासिक धरोहरों पर भीड़भाड़ से उनका संरक्षण कठिन हो जाता है। यही कारण है कि 'सतत पर्यटन' की अवधारणा आज सर्वाधिक चर्चा में है। सतत पर्यटन का अर्थ है ऐसा पर्यटन, जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग हो, स्थानीय समुदायों को अधिकतम लाभ मिले और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्यावरण सुरक्षित रहे। इस दिशा में अनेक देशों ने उल्लेखनीय पहल की है। उदाहरणस्वरूप, भूटान ने पर्यटन पर 'हाई वैल्यू, लो वॉल्यूम' नीति अपनाई है, जिसके अंतर्गत वह पर्यटकों की संख्या सीमित रखते हुए गुणवत्तापूर्ण अनुभव प्रदान करता है ताकि पर्यावरणीय और सांस्कृतिक संतुलन बना रहे। इसी प्रकार यूरोप के कई देशों ने 'ग्रीन टूरिज्म' मॉडल को अपनाकर पर्यावरणीय जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी है। भारत में भी सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें इको-टूरिज्म, ग्रामीण पर्यटन और आध्यात्मिक पर्यटन को विशेष महत्व दिया जा रहा है। पर्यटन का महत्व शिक्षा और कौशल विकास के संदर्भ में भी कम नहीं है। यह न केवल यात्रियों को नई संस्कृतियों और भौगोलिक क्षेत्रों से परिचित कराता है बल्कि युवाओं को आतिथ्य, प्रबंधन, संचार और सांस्कृतिक समझ जैसे कौशल सीखने के अवसर भी देता है। भारत जैसे देश, जहां युवाओं की जनसंख्या बड़ी संख्या में है, पर्यटन क्षेत्र के माध्यम से विशाल रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्रदान कर सकते हैं। छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में होम-स्टे, स्थानीय गाइड सेवा, पारंपरिक व्यंजन और हस्तशिल्प आधारित पर्यटन न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बना सकते हैं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। पर्यटन का एक और महत्वपूर्ण पक्ष शांति और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना है। जब विभिन्न देशों के लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं तो यह न केवल सांस्कृतिक समझ को बढ़ाता है बल्कि आपसी विश्वास और सहयोग की नींव भी रखता है। संयुक्त राष्ट्र ने भी पर्यटन को 'शांति का दूत' कहा है। इतिहास गवाह है कि जब भी देशों के बीच पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ा है, आपसी संबंध मजबूत हुए हैं। इसीलिए पर्यटन को केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं बल्कि वैश्विक शांति और सहयोग की दिशा में एक प्रभावी उपकरण के रूप में देखा जाना चाहिए।

डिजिटल तकनीक ने पर्यटन उद्योग में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। ऑनलाइन बुकिंग, वर्चुअल टूर, एआई आधारित ट्रैवल गाइड और स्मार्ट पर्यटन समाधान ने यात्रियों के अनुभव को न केवल सरल बनाया है बल्कि अधिक सुलभ और सुरक्षित भी बनाया है। हालांकि तकनीक के उपयोग के साथ-साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी है। यात्रियों को अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने, स्थानीय संस्कृति का सम्मान करने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। केवल सरकार या उद्योग नहीं बल्कि प्रत्एक यात्री को भी यह समझना होगा कि उसकी छोटी-सी आदतें पर्यटन को सतत और परिवर्तनकारी बनाने में योगदान कर सकती हैं। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश के लिए यह अवसर और चुनौती दोनों है।

यहां हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं से लेकर केरल की बैकवाटर्स, राजस्थान के रेगिस्तान से लेकर पूर्वोत्तर की हरियाली, वाराणसी के घाटों से लेकर कश्मीर की वादियों तक असीमित संभावनाएं हैं लेकिन इन संभावनाओं के साथ जिम्मेदारियों का बोझ भी जुड़ा हुआ है। अगर पर्यटन को अनियंत्रित और असंतुलित तरीके से बढ़ने दिया गया तो यह न केवल प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचाएगा बल्कि स्थानीय समुदायों और सांस्कृतिक विरासत को भी प्रभावित करेगा। इसलिए पर्यटन विकास की हर नीति में स्थिरता और समावेशिता को प्राथमिकता देनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नमकीन स्राव से पनपता रेगिस्तानी पौधा

**व्यापक शोध के बाद अल-हंदावी और उनकी टीम ने पाया कि दिन के समय में उत्सर्जन से बने नमक के रवे रात में पानी सोख कर फूल जाते हैं। टीम द्वारा की गई जांच से साबित हुआ कि जल संचयन में लवणों का प्राथमिक योगदान है, क्योंकि विशिष्ट परिस्थितियों में प्राकृतिक रूप से रवेदार परत वाली शाखाएं धुली हुई शाखाओं की तुलना में काफी अधिक पानी एकत्र करती है। यहां तक कि 50 प्रतिशत से कम आर्द्रता पर भी रवों पर ओस बन सकती है। एथल टमारिस्क की विशिष्टता इसके द्वारा उत्सर्जित लवणों का जटिल मिश्रण है।**

मध्य पूर्व के शुष्क क्षेत्र में एथल टमारिस्क Tamari aphylla नामक एक रेगिस्तानी पेड़ जिंदा रहने के लिए एक अनूठी रणनीति अपनाता है। यह पौधा झुलसाने वाली गर्मी में पानी प्राप्त करने के लिए नमकीन स्राव का फायदा उठाता है। प्रोसीडिंग्स ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित यह अध्ययन संकेत देता है कि पौधे दूभर परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए किस तरह के रासायनिक जुगाड़ करते हैं। गौरतलब है कि लवण से समृद्ध तटीय मिट्टी में पनपने वाला यह पौधा एक लवणमृदोद्भिद (हैलोफाइट) है जो अतिरिक्त लवण को ग्रंथियों से बूंदों के रूप में स्रावित करके पत्तियों पर जमा करता है। जैसे-जैसे दिन गर्म होता है, इन चमकदार बूंदों का पानी तो वाष्पित हो जाता है जिससे पौधे पर सफेद रवों की परत जम जाती है जो अंततः तेज हवा से झड़ जाते हैं।



इस रणनीति का खुलासा तब हुआ जब अबू धाबी स्थित न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी की वैज्ञानिक मारिएह अल-हंदावी ने संयुक्त अरब अमीरात के गर्म, आर्द्र रेगिस्तानों से गुजरते समय इन रवों पर पानी को संघनित होते देखा। उनका अनुमान था कि इस प्रक्रिया में उत्सर्जित लवण-मिश्रण के रासायनिक संघटन की महत्वपूर्ण भूमिका रही होगी। व्यापक शोध के बाद अल-हंदावी और उनकी टीम ने पाया कि दिन के समय में उत्सर्जन से बने नमक के रवे रात में पानी सोख कर फूल जाते हैं। टीम द्वारा की गई जांच से साबित हुआ कि जल संचयन में लवणों का प्राथमिक योगदान है, क्योंकि विशिष्ट परिस्थितियों में प्राकृतिक रूप से रवेदार परत वाली शाखाएं धुली हुई शाखाओं की तुलना में काफी अधिक पानी एकत्र करती है। यहां तक कि 50 प्रतिशत से कम आर्द्रता पर भी रवों पर ओस बन सकती है। एथल टमारिस्क की विशिष्टता इसके द्वारा उत्सर्जित लवणों का जटिल मिश्रण है, जिसमें सोडियम क्लोराइड, जिप्सम (कैल्शियम सल्फेट) और एक अन्य घटक-लीथियम सल्फेट-शामिल है जिसमें सोडियम क्लोराइड और जिप्सम की अपेक्षा कम आर्द्रता पर भी नमी को अवशोषित करने की क्षमता कहीं अधिक होती है। कई विशेषज्ञों के अनुसार यह अध्ययन एक नए स्तर की समझ प्रदान करता है जिससे यह पता चलता है कि कैसे रेगिस्तानी पौधे लवणों से छुटकारा भी पाते हैं और हवा से पानी संचय के लिए इनका उपयोग भी करते हैं। इन लवणों का संघटन रेगिस्तानी पौधों द्वारा विकसित जटिल रणनीतियों को उजागर करता है। शोधकर्ताओं द्वारा किया गया यह अध्ययन अन्य रेगिस्तानी पौधों में भी इस प्रकार की विशेषता का संकेत देता है। संभव है कि अपना अस्तित्व बचाने के लिए हर पौधे के पास कोई विशिष्ट गुप्त नुस्खा हो। बहरहाल, इस अध्ययन से हमें विश्व भर में पानी की कमी से निपटने के तरीके के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई है जो आगे खोज की संभावना का संकेत देती है। **-स्रोत फीचर्स**

# सभी रोगों की जड़ है आपका मोटापा

चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि मोटापा आने से जीवन में पाबंदियों और परेशानियों के बढ़ जाने से जीवन की खुशियों में कमी आने लगती है और यही नहीं मोटापे से युक्त बेडौल शरीर अनेक बीमारियों को निमंत्रण देता है। यह सच ही है मोटे और थुलथुल शरीर की एक ओर तो लोग हंसी उड़ाते हैं, वहीं दूसरी ओर यह अनेक रोगों की जड़ भी होता है। मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति अन्य कई शारीरिक समस्याओं से घिर जाता है जैसे मोटापे से पीड़ित व्यक्ति के रक्त संचार में बाधा पहुंचती है। इस के साथ ही खतरा बढ़ जाता है हाई ब्लडप्रेशर, हार्ट अटैक जैसी कई अन्य जानलेवा बीमारियों का। खून की नलिकाओं में कैल्शियम व वसा की परत चढ़ जाती है, जिससे वे संकरी हो जाती हैं। इसी वजह से रक्त सामान्य रूप से नलिकाओं में नहीं बह पाता। इस प्रकार मोटे व्यक्ति के रक्त संचार में रुकावट पैदा होती है।

ज्यादा मोटापा होने पर आदमी अगर थोड़ा सा भी काम करे, तो वह हांफने लगता है अर्थात उसकी सांस फूलने लगती है, साथ ही वेरीकोस वेंस (शिराओं के अवरुद्ध होकर फूल जाना) हार्निया, श्वसन तंत्र का संक्रमण जैसी बीमारियां भी मोटे व्यक्ति को आ घेरती हैं। जिसके कारण मोटा व्यक्ति पराश्रित हो जाता है। मोटापा मधुमेह रोग के लिए खुला निमंत्रण होता है। मोटे व्यक्ति मोटापे के बुरे प्रभाव को अच्छी तरह जानते हैं इसीलिए वे भीतर से काफी डरे हुए व हीनभावना का शिकार होते हैं। दवा, गोली, व्यायाम के साथ-साथ मोटापा कम करने के लिए आपरेशन भी एक आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। इसके अन्तर्गत दो प्रकार से मोटापे को दूर किया जाता है। एक में आमाशय का आकार कम कर दिया जाता है और दूसरे में, छोटी आंत की बाईपास सर्जरी करके मोटापे को दूर किया जाता है। मोटापे की वजह कम से कम श्रम करने वाली आधुनिक जीवन शैली है, ऐसा चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं। यह ज्यादातर मध्य आयु वर्ग में शुरू होता है पर यह जरूरी नहीं कि यह मध्य आयु वर्ग में ही हो, यह किसी भी आयु वर्ग में शुरू हो सकता है।

मोटापा एक वंशानुगत रोग होता है। इसलिए जिन के परिवार में कोई भी मोटापे से भूतकाल या वर्तमान में परेशान हो तो उनको इसके लिए सावधानी बरतनी चाहिए। स्टीरोइड्स इंसुलिन और गर्भ निरोधक गोलियां आदि कुछ दवाएं भी मोटापे की वजह बन सकती हैं। कुछ बीमारियों के कारण मोटापा होता है जैसे थायरायड ग्रंथि का कम काम करना (हाइपो थायरायडिज्म), पिट्यूटरी ग्रंथि का कम काम करना, (हाइपो पिट्यूटरिज्म), कशिंग सिंड्रोम (एड्रीनल ग्रंथि का अधिक काम करना), हाइपागोने डिज्म (सेक्स ग्रंथियों का कम काम करना) इत्यादि। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि हर एक ग्राम वसा से नौ कैलोरी ऊर्जा का उत्पादन होता है और उनका कहना है कि हमें हर रोज 800-1600 कैलोरी का ही भोजन ग्रहण करना चाहिए। चिकित्सकों के अनुसार शराब पीने वालों को तो शराब का सेवन बिल्कुल कम कर देना चाहिए, क्योंकि 30 सीसी व्हिस्की में पानी मिला कर पीने से 70 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। किसी भी व्यक्ति को कितनी ऊर्जा (कैलोरी) की आवश्यकता होती है, यह जानना हमारे लिए आवश्यक है। एक व्यस्क पुरुष को 2600 एवं व्यस्क स्त्री को 2100 कैलोरी की आवश्यकता होती है। एक आराम की जिंदगी जीने वाली स्त्री को 2000 और पुरुष को 2400 कैलोरी की जरूरत पड़ती है। मध्यमश्रमी पुरुष को 2600, अधिक परिश्रमी पुरुष को 3500 और कठोर परिश्रम करने वाले पुरुष को 4100 कैलोरी आवश्यक होती है। आप कितने मोटे हैं इसका अनुमान आप अपने वजन को देखकर लगा सकते हैं उदाहरण के लिए यदि आप की ऊंचाई 165 सेंटीमीटर है, तो 45 किलोग्राम आपके लिए कम वजन, 56.70 किलोग्राम सामान्य वजन है और यदि आप का वजन 85 किलोग्राम है, तो आप मोटे हैं और अगर आप का वजन 113 किलोग्राम है, तो आप ज्यादा मोटे हैं। अगर आप मोटे हैं, तो 0.5 से 1 किलाग्राम भार प्रतिमाह कम करने की ठान लें। इसके लिए व्यायाम करना काफी हद तक लाभप्रद होता है, क्योंकि इससे हमारी ऊर्जा की खपत होती है। कड़े परिश्रम के समय 10 किलो कैलोरी खेलकूद और साइकिल चलाते समय सात किलो कैलोरी तथा टहलते समय पांच किलो कैलोरी ऊर्जा प्रति मिनट खर्च होती है। मोटापा एक ऐसी चीज है, जिसके कारण आप दूसरों के द्वारा उपहास का केन्द्र बन सकते हैं। अतः हमें अपनी सेहत का ख्याल रखना चाहिए। खानपान की अच्छी आदतों का पालन करना चाहिए। तली हुई चीजों से परहेज करना चाहिए, क्योंकि इनसे कोलेस्ट्रोल की मात्रा बढ़ती है। रोज व्यायाम व खेलकूद से भी शरीर चुस्त दुरुस्त रहता है।



मोटापे को दूर करने के लिए कई प्रकार की दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है। आइए इनके बारे में जानें।

**एंफीटामीन-** इस दवा का इस्तेमाल आजकल कम होता जा रहा है, क्योंकि यह दवा दिमाग में ज्यादा उत्तेजना पैदा कर देती है और इससे भूख भी बहुत कम ही घटती है, जबकि चिकित्सक ज्यादा भूख घटाने की आशा करते हैं।

**सीरोटोनीनार्जेक दवाएं-** जैसे डेक्सफेन फ्लोरेमीन, फेन लोरेमीन आदि। इन दवाओं का इस्तेमाल उस स्थिति में किया जाता है, जबकि वजन बहुत तेजी से कम करना हो। जैसे हाई ब्लडप्रेशर या मधुमेह में ये दवाएं भूख घटाने की जगह व्यक्ति की तृप्ति का अहसास देती हैं।

**कोलीसिस्टो कायनीन दवाइंया-** इस प्रकार की दवाएं भूख को शांत करती हैं। इन सबके अलावा आंतों के (लाइपेज एंजाइम) को निष्क्रिय करने वाली दवाओं का इस्तेमाल भी किया जाता है।

# वेस्ट बैंक पर इजरायल का कब्जा मंजूर नहीं: ट्रम्प

## कहा: मैं इसकी इजाजत नहीं दूंगा, नेतन्याहू के अगले हफ्ते अमेरिका आने पर इस मुताल्लिक होगी बातचीत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वेस्ट बैंक (फलस्तीन का हिस्सा) पर इजरायल का कब्जा मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा है कि वे कभी इसकी इजाजत नहीं देंगे। हाल ही में इजरायल के अधिकारियों ने वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों को इजरायल में मिलने की बात कही थी। इस पर ट्रम्प ने ओवल आफिस में कहा, मैं इजरायल को वेस्ट बैंक को मिलाने की परमिशन नहीं दूंगा।

ऐसा नहीं होगा। अब बहुत हो चुका है। इस हफ्ते फ्रांस, ब्रिटेन समेत कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता दी है। इस फैसले का इजरायल ने विरोध किया था। इसके बाद वेस्ट बैंक पर कब्जे को लेकर इजरायली अधिकारियों की बयानबाजी शुरू हो गई थी। नेतन्याहू अगले हफ्ते सोमवार को अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच व्हाइट हाउस में मुलाकात होगी। ट्रम्प



- इस हफ्ते फ्रांस, ब्रिटेन समेत कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता दी है
- इस फैसले का इजरायल ने विरोध किया था
- ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में नेतन्याहू का यह चौथा वाशिंगटन दौरा है

के दूसरे कार्यकाल में नेतन्याहू का यह चौथा वाशिंगटन दौरा है। वेस्ट बैंक, जार्डन के पश्चिम और येरुशलम के पूरब में स्थित है। 1948 में अरब-इजरायल जंग के बाद जार्डन ने इस पर कब्जा कर लिया था। जार्डन नदी के पश्चिम में होने की वजह से तब इसका नाम वेस्ट बैंक रख दिया गया। 1967 में 6 दिनों तक चले जंग के बाद इजरायल ने इस इलाके को जार्डन से छीन लिया। तब से वेस्ट बैंक पर इजरायल का कब्जा बरकरार है। इस इलाके में 30 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। इसमें ज्यादातर फलस्तीनी हैं। इजरायल ने वेस्ट बैंक पर कब्जे के बाद कई यहूदी बस्तियां भी बसाईं। अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक यहां बनाई गई इजरायली बस्तियां अवैध हैं। ट्रम्प लंबे समय से नेतन्याहू के करीबी सहयोग का दावा करते रहे हैं। लेकिन उन पर अब अरब नेताओं का दबाव भी है। संयुक्त अरब अमीरात ने चेतावनी दी है कि किसी भी इजरायली कब्जे को रेड लाइन माना जाएगा।

ट्रम्प ने कहा है कि वो इजरायल को ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाने देंगे, जिससे अरब देशों के नेताओं में नारा. जगी हो। 1967 के युद्ध में इजरायल ने वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पटी पर कब्जा किया था। फलस्तीनियों की मांग है कि ये तीनों क्षेत्र भविष्य में उनके राज्य का हिस्सा होने चाहिए। मानना है कि इजरायल का कब्जा टू स्टेट साल्यूशन (दो राष्ट्र समाधान) या अलग फलस्तीनी देश बनाने की संभावना को खत्म कर देगा। इजरायल की मौजूदा सरकार फलस्तीनी देश के बनने का विरोध करती है और वेस्ट बैंक के ज्यादा से ज्यादा हिस्से को अपने में मिलाना चाहती है।



बिहार। मोतीहारी में हर घर अधिकार रैली में शामिल होतीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रैली में अपार भीड़ से गदगद नजर आईं।

## UNRWA के लिए धन, राजनीतिक समर्थन का आग्रह

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को निकट पूर्व में फलस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के लिए धन और राजनीतिक समर्थन का आग्रह किया।

गुटेरेस ने यूएनआरडब्ल्यूए के समर्थन में आयोजित मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा कि मैं आज आपसे अपील करता हूं कि आप यूएनआरडब्ल्यूए को आवश्यक धनराशि और राजनीतिक समर्थन प्रदान करें, ताकि फिलिस्तीनियों, इजरायिलों और क्षेत्र के लिए शांति एवं स्थिरता का निर्माण किया जा सके। अपने संबोधन में, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि फलस्तीनी शरणार्थियों की कई पीढ़ियां शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य आवश्यक सेवाओं के

- यूएनआरडब्ल्यूए को बढ़ते दबाव में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है

लिए यूएनआरडब्ल्यूए पर निर्भर रही हैं। अक्टूबर 2023 से पहले, इसने पूरे क्षेत्र में पांच लाख लड़कियों और लड़कों को स्कूली शिक्षा प्रदान की। आज यह 26 लाख लोगों को आपातकालीन भोजन और नकद सहायता प्रदान करता है और इसके प्राथमिक क्लीनिकों में प्रति वर्ष 1-5 करोड़ लोग आते हैं। गुटेरेस ने कहा कि इन सबके बावजूद, यूएनआरडब्ल्यूए को अत्यधिक और बढ़ते दबाव में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, इसके कर्मचारी गाजा में मारे जा रहे हैं, इसके परिसर नष्ट हो गए हैं, और इसे बजट की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध प्रवास को रोकने के लिए ब्रिटेन में अब डिजिटल आईडी

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा कि अवैध प्रवास को रोकने के लिए सरकार अब डिजिटल आइडी योजना को क्रियान्वित करने जा रही है। उन्होंने यहां आयोजित ग्लोबल प्रोग्रेस एक्शन सम्मेलन में अपने संबा. धन में कहा कि मुझे पता है कि आप इस देश में अवैध प्रवास के स्तर को लेकर चिंतित हैं। डिजिटल आईडी यहां अवैध रूप से काम करने को और भी कठिन बनाने का एक और उपाय है, जिससे हमारी सीमाएं और भी सुरक्षित हो जाएंगी।

### भारत ने आतंकवाद के प्रति अपने शून्य सहिष्णुता दृष्टिकोण को दोहराया

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली।** भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ाई में दुनिया के एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया है। भारत ने 'आतंकवाद पीड़ितों के मित्र समूह' की छठी मंत्रिस्तरीय बैठक में सीमा पार आतंकवाद के संकट का उल्लेख किया और आतंकवाद के प्रति अपने शून्य सहिष्णुता वाले दृष्टिकोण को दोहराया है। सचिव 'पश्चिम राजदूत' सिबी जॉर्ज ने इस बैठक में भारत का पक्ष रखा।

### मीरवाइज ने लगातार तीसरी बार नजरबंद होने का किया दावा

**श्रीनगर।** कश्मीर के प्रमुख मौलवी एवं हुर्रियत अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कहा कि अधिकारियों ने उन्हें फिर से नजरबंद कर दिया है, जिससे वह श्रीनगर की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में नमाज अदा नहीं कर सकेंगे। मीरवाइज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह लगातार तीसरा शुक्रवार है जब उन्हें मस्जिद में जाने से रोका गया है। उन्होंने लिखा कि पुलिस ने अभी सूचित किया है कि आज फिर, लगातार तीसरे शुक्रवार को, मुझे घर में नजर. बंद कर दिया गया है और जामा मस्जिद जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी? मीरवाइज ने आरोप लगाया कि प्रतिबंध मनमाने तरीके से और बिना किसी जवाबदेही के लगाए गए हैं।

## यमन में इजरायल का बड़ा हवाई हमला

- चार बच्चे समेत नौ की मौत, कई लोग घायल

**सना।** यमन की राजधानी सना में इजरायल के भयावह हवाई हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार को इस बात की जानकारी यमन के हूथी विद्रोहियों ने दी। यह हमला गुरुवार को हुआ था, जो इजरायल और ईरान समर्थित हूथियों के बीच गाजा युद्ध को लेकर बढ़ते तनाव का हिस्सा है।

इससे पहले गुरुवार को हूथियों द्वारा दक्षिणी इजरायल के ईलात शहर में ड्रोन हमला किया गया था, जिसमें 22 लोग घायल हुए थे, जिसके जवाब में इजरायल ने ये हमला किया। मामले में हूथी नियंत्रित क्षेत्र की स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मरने वालों में चार बच्चे, दो महिलाएं और तीन बुजुर्ग शामिल हैं। इसके अलावा 59 बच्चे, 35 महिलाएं और 80 बुजुर्ग घायल हुए हैं। राहत कर्मी मलबे के नीचे फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं, इसलिए मौतों की संख्या बढ़ सकती है। इजरायली सेना ने कहा कि उन्होंने सना में हूथी सैन्य कमांड सेंटर, कैंप और सुरक्षा केंद्रों को निशाना बनाया। वहीं हूथी प्रवक्ता ने दावा किया कि इजरायली हमले ने आवासीय इलाकों और बिजली सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया, लेकिन उनकी सुरक्षा प्रणालियों ने हमला रोकने में मदद की। ऐसे में अब बात अगर सना के निवासी की करें तो उन्होंने इस हमले के बारे में बताया कि एक हमले में एक भवन क्षतिग्रस्त हुआ, जहां हूथी नेता रहते थे। विस्फोट इतना जोरदार था कि आस-पास के कई घर और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ ही स्थानीय लोगों ने बताया कि विस्फोट के बाद पूरा इलाका धूल और काले धुएं से भर गया था।

## कंबोडिया से जुड़े अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़ चार लोग गिरफ्तार


**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली साइबर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिसके तार कंबोडिया में सक्रिय धोखेबाजों से जुड़े पाए गए हैं। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चार अत्याधुनिक मोबाइल फ़ोन बरामद किए हैं। यह गिरोह नकली ट्रेडिंग ऐप बनाकर लोगों को करोड़ों रुपये का चूना लगा रहा था। दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बुलंदशहर निवासी मनीक अग्रवाल (25) ,अब्दुल्ला उर्फ लूसिफर (23), मोहम्मद आमिर उर्फ रॉकी (26) और शनमियां खान के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता टी- सिंह ने बताया कि 10 जून 2025 को उन्हें '101 शून्य वेल्थ सर्किल' नामक एक व्हाट्सऐप समूह में जोड़ा गया।

# शहबाज-मुनीर से मुलाकात से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे ट्रम्प

## पाकिस्तानी पीएम और आर्मी चीफ को 30 मिनट इंतजार कराया

**वाशिंगटन।** पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने गुरुवार देर रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की। बैठक से पहले ट्रम्प ने शहबाज को करीब 30 मिनट तक इंतजार कराया। इस दौरान ट्रम्प प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे। दरअसल पाक पीएम रात करीब 2 बजे व्हाइट हाउस पहुंचे थे। उस वक्त ट्रम्प कार्यकारी आदेशों पर साइन कर रहे थे और पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इस दौरान शहबाज व्हाइट हाउस में ही ट्रम्प का इंतजार करते रहे। बाद में दोनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक चली। यह मुलाकात व्हाइट हाउस में बंद कमरे में हुई। इस मीटिंग से मीडिया को दूर रखा गया। व्हाइट हाउस की तरफ से ट्रम्प और शरीफ-मुनीर की बातचीत को लेकर कोई तस्वीर या वीडियो अब तक जारी नहीं की गई है। अमूमन अमेरिकी राष्ट्रपति जब किसी विदेशी नेता से मिलते हैं, तो व्हाइट हाउस आधिकारिक तस्वीरें जारी करता है। ट्रम्प और



- व्हाइट हाउस ने फोटो-वीडियो तक जारी नहीं किया
- बाद में दोनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक

शहबाज के यह 3 दिन में दूसरी मुलाकात थी। इससे पहले दोनों नेताओं ने 23 सितम्बर को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के दौरान मुलाकात की थी। उस बैठक में कतर, तुर्की, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, मिस्र, यूएई और जार्डन के नेता भी शामिल थे। उस दौरान गाजा जंग रोकने पर बात हुई थी। शहबाज शरीफ की किसी अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ ओवल आफिस में पहली मुलाकात थी। पाकिस्तान के किसी पीएम अमेरिकी राष्ट्रपति से 6 साल बाद मुलाकात हुई है। इससे पहले जुलाई 2019 में इमरान खान और ट्रम्प के बीच बैठक हुई थी। इससे पहले शहबाज शरीफ ने 23 सितम्बर को न्यूयार्क में ट्रम्प से मुलाकात की थी। इस दौरान मुस्लिम देशों के कई नेता मौजूद थे। बैठक से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि व्हाइट हाउस में एक 'महान नेता' आ रहा है। ट्रम्प ने मीडिया से कहा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल आ रहे हैं। वे बहुत अच्छे व्यक्ति हैं और प्रधानमंत्री भी। दोनों ही (शहबाज और मुनीर) बहुत अच्छे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि बैठक में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद थे।

## छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोपी चैतन्यानंद की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े एक मामले में आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती की अग्रिम जमानत याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। अदालत ने याचिका पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया कि उन्हें अग्रिम जमानत देना उचित नहीं होगा। चैतन्यानंद पर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और यौन शोषण के भी गंभीर आरोप लगे हैं। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने जमानत का पुरजोर विरोध करते हुए अदालत को बताया कि आरोपी पिछले एक महीने से फरार है।

# फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को 5 साल की जेल

## 92 लाख का जुर्माना भी लगा, 2007 में लीबियाई तानाशाह से पैसे लेने की साजिश रची थी

**पेरिस।** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को पेरिस की एक अदालत ने गुरुवार को आपराधिक साजिश के आरोप में 5 साल जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 1 लाख यूरो (लगभग 92 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया गया और 5 साल तक कोई सरकारी पद लेने पर रोक लगा दी गई है।

यह मामला 2007 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी जीत के लिए लीबिया के तत्कालीन तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी की अवैध फंडिंग से जुड़ा है। हालांकि, कोर्ट ने सरकोजी को भ्रष्टाचार जैसे अन्य आरोपों से



- 70 साल के सरकोजी ने फैसले को कानून के खिलाफ बताते हुए ऊपरी कोर्ट में अपील करने का ऐलान किया

बरी कर दिया। 70 साल के सरकोजी ने फैसले को कानून के खिलाफ बताते हुए ऊपरी कोर्ट में अपील करने का ऐलान किया है। निकोलस सरकोजी 2007 से 2012 तक फ्रांस के राष्ट्रपति रहे थे। उनकी पत्नी कार्ला ब्रूनी एक फेमस सिंगर और मॉडल हैं। निकोलस सरकोजी अपनी पत्नी कार्ला ब्रूनी के साथ सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंचे थे। अदालत ने फैसला दिया कि सरकोजी ने अपने करीबी सहयोगियों के साथ मिलकर 2007 के इलेक्शन कैंपेन के लिए लीबिया से पैसे लेने की साजिश रची थी। हालांकि, यह साबित नहीं हो सका कि ये पैसा उनके कैंपेन में इस्तेमाल हुआ, इसलिए उन्हें भ्रष्टाचार जैसे अन्य आरोपों से बरी कर दिया गया। फिर भी अदालत ने कहा कि यह साजिश गंभीर अपराध है, क्योंकि इससे लोगों का भरोसा टूटता है। सरक. ोजी को एक महीने के अंदर जेल जाना होगा। आधुनिक फ्रांस के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी पूर्व राष्ट्रपति को जेल जाना पड़ेगा। सरकोजी ने सभी आरोपों से इन्कार किया है। उनका कहना है कि यह मामला 'राजनीतिक साजिश' है और गद्दाफी परिवार ने बदला लेने के लिए ये आरोप लगाए हैं। सरक. ोजी ने कहा: अगर उन्हें जेल में सोना पड़ा, तो वे सिर ऊंचा करके सोएंगे।

## भारत का परमाणु क्षमता को बढ़ाने की दिशा में सराहनीय काम: विश्व परमाणु संघ

**मास्को।** विश्व परमाणु संघ की महानिदेशक समा बिलबाओ लियोन ने विश्व परमाणु सप्ताह समारोह में कहा है कि भारत अपने स्वदेशी कार्यक्रम के साथ परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में शानदार काम कर रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि चीन, भारत और अन्य एशियाई देशों में परमाणु ऊर्जा का अच्छा विकास हुआ है। लियोन ने समारोह में अंतर्राष्ट्रीय मीडिया से बात करते हुए यह भी कहा कि दुनिया भारत की क्षमता की ओर देख रही है। उल्लेखनीय है कि यह समारोह रूसी परमाणु उद्योग की 80वीं वर्षगांठ को समर्पित है। उन्होंने कहा कि कई

- चीन, भारत और अन्य एशियाई देशों में परमाणु ऊर्जा का अच्छा विकास हुआ

देश आपूर्ति श्रृंखला के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने 2047 तक भारत के 100 गीगावाट के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के पास करने के लिए बहुत बड़ा काम है और सभी का ध्यान इसी पर है कि इसे कैसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने नीतिगत विकास पर कहा कि भारत को अपने परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन करने की जरूरत है।

# तुर्की के जवाब में भारत ने साइप्रस का मुद्दा उठाया

## कहा: यूएन के मुताबिक समाधान हो, एर्दोगन ने यूएन में कश्मीर मुद्दे का किया था जिक्र

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को वीकली प्रेस कान्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में साइप्रस के विदेश मंत्री से बात की है। इस दौरान उन्होंने साइप्रस विवाद को यूएन नियमों के मुताबिक हल करने पर बात की। दरअसल तुर्की ने 1974 में साइप्रस के उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया था, तब से वहां विवाद की स्थिति बनी हुई है।

भारत के आज के बयान से तीन दिन पहले तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने यूएन में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। इस पर जायसवाल ने कहा कश्मीर मुद्दे पर हमारा स्टैंड 10 साल से पूरी तरह क्लियर है। जायसवाल ने नाटो प्रमुख मार्क रुटे के उस बयान को पूरी तरह खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था पीएम मोदी ने यूक्रेन



- इस पर जायसवाल ने कहा कश्मीर मुद्दे पर हमारा स्टैंड 10 साल से पूरी तरह क्लियर है

वार मुद्दे पर राष्ट्रपति पुतिन से बात की है। जायसवाल ने कहा कि ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई। उन्होंने नाटो से सावधानी से बयान देने को कहा। इसके साथ यह भी कहा कि भारत अपने लोगों के लिए सस्ती बिजली और देश की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाता रहेगा। हाल ही में मार्क रुटे ने कहा था कि अमेरिका ने जो टैरिफ भारत पर लगाए हैं, उसका असर रूस पर भी पड़ रहा है।

उनके मुताबिक, टैरिफ की वजह से भारत ने रूस से उसकी यूक्रेन युद्ध रणनीति को लेकर जवाब मांगा है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी इस बारे में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात कर रहे हैं। जायसवाल ने बताया कि इस साल जनवरी से अब तक 2,417 भारतीय अमेरिका से वापस आए। ये लोग सही दस्तावेजों के बिना वहां थे। भारत चाहता है कि लोग कानूनी तरीके से विदेश जाएं। अवैध तरीके से विदेश जाने वालों को रोकने के लिए केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है। लोगों को जागरूक करने और झूठे नौकरी के आफर से बचने की सलाह दी गई है।

## लश्कर डिप्टी चीफ बोला: हिंदुस्तान व हिंदुओं का सफाया होगा

**इस्लामाबाद।** लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो भारत से हिंदुओं का सफाया करने की धमकी देता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये वीडियो 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले से पहले का है।

कसूरी इस हमले के मास्टरमाइंड में से एक है। वीडियो में वह कहता है कि हमारे काफिले न रुकेंगे, न थमेंगे और तब तक चौन से नहीं बैठेंगे जब तक पूरे हिंदुस्तान पर 'ला इलाहा इलल्लाह' (अल्लाह के अलावा कोई दूसरा नहीं) के परचम लहरा नहीं देते। कसूरी आगे कहता है कि ये वक्त आने वाला है, कोई नाउम्मीदी नहीं। हम जिस मैदान में खड़े हुए हैं, अपने दुश्मन को चारो खाने चित्त किया है। ये हिंदू हमारे सामने क्या है। हिंदुस्तान का हिंदू मिट जाएगा और

- पहलगाम हमले के पहले का वीडियो सामने आया, भारत में इस्लामी राज लाने की धमकी दी

इस्लाम का राज आने वाला है। कसूरी वीडियो में कहता है कि ये भाषण वो लश्कर के मुरीदके हेडक्वार्टर से दे रहा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लश्कर के इस हेडक्वार्टर पर हमला बोला था। बाद में पाकिस्तानी सेना ने झूठा दावा किया था कि यह आतंकवादी अड्डा नहीं, बल्कि एक मस्जिद है। कसूरी ने पाकिस्तान को 'अल्लाह की दी हुई पनाहगार' बताया। उसने कहा: पाकिस्तान सलामती और अमन की सरजमीं है, ये दुनियाभर के मुस्लिमों का हमदर्द और मददगार है। इसके अलावा कसूरी ने दुनिया से पाकिस्तान की कद्र करने और जुड़ने को कहा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108